चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 108, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | बुधवार 17 मई 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## कर्नाटक के सीएम का ऐलान आज होगा

### कांग्रेस ने विधायक दल की बैठक बुलाई, सिद्धारमैया के नाम पर मुहर लगने की खबर

**बेंगलुरू/नई दिल्ली:** कर्नाटक के मुख्यमंत्री का ऐलान आज किया जाएगा। बुधवार को बेंगलुरु में कांग्रेस विधायक दल की बैठक बुलाई जाएगी, वहीं मल्लिकार्जुन खड़गे विधायक दल के नेता का ऐलान करेंगे। मंगलवार शाम सीएम पद के दोनों दावेदार डीके शिवकुमार और सिद्धारमैया दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से उनके घर जाकर मिले। दोनों नेता 50-50 फॉर्मूले से सहमत नहीं है। दोनों नेताओं से मुलाकात के बारे में अब खड़गे सोनिया गांधी को रिपोर्ट देंगे। राहुल-सोनिया से बात करने के बाद खड़गे बेंगलुरु जाएंगे। इस बीच सूत्रों के हवाले से खबर यह भी है कि कर्नाटक के मुख्यमंत्री पद के लिए सिद्धारमैया का नाम लगभग तय हो गया है। डीके शिवकुमार को



लोकसभा चुनाव तक इंतजार करने को कहा है। तब तक उन्हें डिप्टी सीएम बनाया जाएगा या प्रदेश अध्यक्ष के साथ दो महत्वपूर्ण मंत्रालय दिए जाएंगे।


**खड़गे ने राहुल से मुलाकात की:** इस बीच राहुल गांधी दोपहर 12.30 बजे कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मिलने उनके आवास पर पहुंचे। आज सुबह पार्टी के नवनिर्वाचित विधायक भी कांग्रेस अध्यक्ष से मिले।

#### बैठक में राहुल गांधी भी रहे मौजूद

**बैठक** में पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी भी शामिल हुए हैं। इसके अलावा कर्नाटक में कांग्रेस के नवनिर्वाचित विधायक भी खरगे के घर पहुंच चुके हैं। डीके शिवकुमार आज ही कर्नाटक से दिल्ली आए, जबकि सिद्धारमैया सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी आए थे। पर्यवेक्षकों ने अपनी रिपोर्ट पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को सौंप दी थी, जिसके बाद ये बैठक बुलाई गई थी। लेकिन इस बैठक में भी कर्नाटक के सीएम का फैसला नहीं हो सका। इस बीच कर्नाटक के मुख्यमंत्री के नाम लेकर अटकलों पर कांग्रेस विधायक यूटी खादर ने मंगलवार को कहा कि बैठक हो गई है।

## पीएम ने 71,000 नियुक्ति पत्र सौंपे

**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि रोजगार मेला युवाओं को सशक्त बनाने और राष्ट्रीय विकास में उनकी भागीदारी को मजबूत करने का प्रयास है। प्रधानमंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये रोजगार मेले के तहत सरकारी विभागों में नवनियुक्त भर्तियों को करीब 71,000 नियुक्ति पत्र प्रदान करने के बाद संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, आज 70 हजार से अधिक युवाओं को भारत सरकार के विभिन्न विभागों में सरकारी नौकरी का नियुक्ति पत्र मिल रहा है। आप सभी ने कड़ी मेहनत से यह सफलता हासिल की है। मैं आपको और आपके परिवार को बहुत-बहुत बधाई और



शुभकामनाएं देता हूं। रोजगार मेले का आयोजन देशभर में 45 स्थानों पर किया गया। भर्तियां इस पहल को समर्थन देने वाले केंद्रीय सरकारी विभागों और राज्य सरकारों व केंद्र शासित क्षेत्रों में की जा रही हैं। देशभर से चयनित नव-नियुक्तों को ग्रामीण डाक सेवक, डाक निरीक्षक, वाणिज्यिक व टिकट लिपिक, कनिष्ठ लिपिक व टंकक, नर्सिंग अधिकारी, सहायक सुरक्षा अधिकारी, दमकल अधिकारी सरीखे विभिन्न पदों पर रखा जायेगा। रोजगार मेला, रोजगार सृजन को उच्च प्राथमिकता देने के प्रति प्रधानमंत्री के संकल्प को पूरा करने की दिशा में एक पहल है। मेले से यह संभावना है ।

कि वह आगे रोजगार सृजन तथा युवाओं के सशक्तिकरण व राष्ट्रीय विकास में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिये उन्हें सार्थक रोजगार अवसर प्रदान करने में अहम भूमिका निभायेगा।

## छत्तीसगढ़ 'शराब घोटाला': ईडी डर का माहौल न बनाएः सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ शराब घोटाला मामले में सुप्रीम कोर्ट ने ईडी को लेकर बड़ी टिप्पणी की है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि ईडी डर का माहौल न बनाए। जस्टिस संजय किशन कौल की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि जब आप इस तरह का व्यवहार करते हैं, तो असली कारण भी संदिग्ध हो जाता है। सुनवाई के दौरान छत्तीसगढ़ सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने आरोप लगाया कि जांच एजेंसी परेशान कर रही है। वो आबकारी अधिकारियों को धमकी दे रहे हैं। ऐसा वो इसलिए कर रहे हैं, क्योंकि अब चुनाव आ रहे हैं। सिब्बल के आरोपों का ईडी की ओर से पेश एएसजी एसवी राजू ने विरोध किया। राजू ने कहा कि ईडी छत्तीसगढ़ में हुए घोटाले की जांच कर रहा है।

इस पर कोर्ट ने कहा कि जब आप इस तरीके से बर्ताव करते हैं, तो एक जायज वजह भी संदिग्ध हो जाती है। दरअसल, छत्तीसगढ़ के आबकारी विभाग से जुड़े कुछ अधिकारियों ने शिकायत की है कि ईडी उन्हें और उनके परिजनों को गिरफ्तार करने और खुद मुख्यमंत्री को इस केस में फंसाने की धमकी दे रहा है। इस वजह से अधिकारी आबकारी विभाग में काम करने को तैयार नहीं हैं।

## कश्मीर में जी20 समिट पर यूएन को भारत का जवाब

### घाटी में माइनॉरिटीज का कोई इश्यू नहीं, आपके अफसर के आरोप बेबुनियाद

**जिनेवा/नई दिल्ली: कश्मीर में** होने वाली जी20 मीटिंग को लेकर एक वठ अफसर के कमेंट्स को भारत ने खारिज कर दिया। इस अफसर ने घाटी में अल्पसंख्यकों के मुद्दे को लेकर चिंता जताई थी। यूएन में इंडियन मिशन ने मंगलवार को इन आरोपों का जवाब दिया। कहा- इस तरह के आरोप बेबुनियाद और झूठे हैं। भारत इन्हें खारिज करता है। बतौर जी20 प्रेसिडेंट भारत को यह हक है कि वो देश के किसी भी हिस्से में इस समिट की मीटिंग्स ऑर्गेनाइज करे। कुछ दिन पहले यूएन के माइनॉरिटीज अफेयर्स रिप्रेजेंटेटिव फर्नांड डिह्यवर्नेस ने जम्मू-कश्मीर और वहां माइनॉरिटीज के इश्यूज पर बयान जारी किया था। भारत सरकार ने इस पर कड़ा ऐतराज जताया है।

**भारत ने क्या कहा: यूएन** में भारतीय मिशन ने कहा- फर्नांड का बयान बेहद गैर-जिम्मेदाराना है। वो जम्मू-कश्मीर के मामले को सियासी बनाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने अपने ओहदे का गलत इस्तेमाल करते हुए सोशल मीडिया पर पब्लिसिटी हासिल करने की कोशिश की है। उन्होंने जो कुछ कहा है वो हकीकत में पहले से बनी सोच का नतीजा है और यह यूएन रिप्रेजेंटेटिव के तौर पर गलत हरकत है। वर्नेस ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया था। इसमें कहा था कि जम्मू-कश्मीर में जी20 मीटिंग कराने का फैसला गलत है। उन्होंने घाटी में मानवाधिकारों को लेकर




फिक्रमंदी जाहिर की थी। साथ ही भारत पर ताकत के बेजा इस्तेमाल का आरोप लगाया था। इसमें माइनॉरिटीज को दबाने का आरोप भी शामिल था।

श्रीनगर में जी20 की मीटिंग्स 22 से 24 मई के बीच होंगी। इस मामले को सबसे पहले तूल पाकिस्तान की तरफ से दिया गया था। जैसे ही कश्मीर में जी20 मीटिंग कराने का ऐलान हुआ था, पाकिस्तान ने यह मुद्दा उठाया था।

पाकिस्तान ने कहा था कि कश्मीर विवादित जगह है और जब तक इस मसले का हल नहीं होता, तब तक वहां कोई इंटरनेशनल समिट नहीं हो सकती। 4 और 5 मई को गोवा में जी20 के फॉरेन मिनिस्टर्स की मीटिंग में पाकिस्तान के फॉरेन मिनिस्टर बिलावल भुट्टो जरदारी भी शामिल हुए थे। उन्होंने भी इशारों में इस मसले को प्रेस कॉन्फ्रेंस में उठाया था।

## ज्ञानवापी: हिंदू पक्ष ने सुप्रीम कोर्ट में लगाई केविएट

**नई दिल्ली।** वाराणसी के ज्ञानवापी परिसर में मिले कथित शिवलिंग का वैज्ञानिक सर्वे के इलाहाबाद हाई कोर्ट के आदेश के बाद हिन्दू पक्ष ने सुप्रीम कोर्ट में केविएट याचिका दायर की है। हिन्दू पक्ष ने सुप्रीम कोर्ट में केविएट दाखिल कर अपील की है कि अगर दूसरा पक्ष इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले को चुनौती देता है तो बिना उनका पक्ष सुने कोई आदेश पारित ना किया जाए। दरअसल, पिछ्ले सप्ताह इलाहाबाद हाई कोर्ट ने कथित शिवलिंग के कार्बन डेटिंग किए




जाने का आदेश दिया था। हाई कोर्ट ने 22 मई को वाराणसी के डिस्ट्रिक्ट जज को मामले की सुनवाई करने का आदेश देते हुए कहा था कि वैज्ञानिक सर्वे कब और कैसे होगा, यह डिस्ट्रिक्ट जज तय करेंगे। हाई कोर्ट ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की ओर से पेश की गई रिपोर्ट पर आदेश जारी किया।

## सीबीआई ने पत्रकार पर केस दर्ज किया

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने स्वतंत्र पत्रकार विवेक रघुवंशी के खिलाफ जासूसी का मामला दर्ज किया है। उस पर डीआरडीओ और भारतीय सशस्त्र बलों की भविष्य की खरीद से संबंधित संवेदनशील जानकारी एकत्र करके विदेशी खुफिया एजेंसियों के साथ साझा करने का आरोप है। सीबीआई ने मामला दर्ज करने के बाद दिल्ली, नोएडा, गुरुग्राम और जयपुर में 12 स्थानों पर तलाशी ली है। सीबीआई के एक अधिकारी के मुताबिक वह डीआरडीओ और भारतीय सशस्त्र बलों की ।

## त्र्यंबकेश्वर मंदिर में चादर चढ़ाने की कोशिश



**नासिक: नासिक** के त्र्यंबकेश्वर मंदिर में कुछ लोगों ने चादर चढ़ाने की कोशिश की। जिसका वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने मंगलवार को एफआईआर दर्ज कर ली। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने भी पूरे मामले में जांच के लिए एक एसआईटी गठित करने का आदेश दिया। वायरल वीडियो शनिवार का है। जिसमें कुछ लोग सिर पर चादर रखकर मंदिर के गेट में प्रवेश करने की कोशिश करते हैं, लेकिन गार्ड उन्हें रोक देते हैं। इस बीच बहस शुरू हो जाती है। बाद में उन्हें वापस लौटना पड़ता है। घटना के बाद मंदिर ट्रस्ट ने पुलिस में इसकी शिकायत की। जिसके आधार पर आरोपी युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया। मंदिर ट्रस्ट के एक अधिकारी ने बताया कि चादर चढ़ाने वालों में कई लोग शामिल थे। मंदिर प्रबंधन के अनुसार, केवल हिंदुओं को मंदिर में प्रवेश करने की परमिशन है, क्योंकि यह भगवान शिव के 12 ज्योतिलिंगों में से एक है। मंदिर के पुजारियों ने इसका विरोध किया। इससे तनाव पैदा हो गया। पुलिस ने इससे एक दिन बाद यानी रविवार को एक शांति समिति की बैठक बुलाकर दोनों तरफ के लोगों को समझा बुझा कर विवाद खत्म करने की कोशिश की थी। इसके बाद मंदिर परिसर में पुलिस सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई।

डिप्टी सीएम ने दिए एसआईटी जांच के आदेशः डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने मंगलवार को पूरे मामले में एसआईटी गठित करने का आदेश दिया। रैंक का एक अधिकारी एसआईटी का प्रमुख होगा।

### सैन्य महत्व वाले 164 आइटम अब भारत में ही बनेंगे, नहीं होगा आयात

## समय से पहले 814 करोड़ रुपये के आयातित मूल्य के 164 आइटम का हुआ स्वदेशीकरण

**नई दिल्ली।** रक्षा क्षेत्र में 'आत्मनिर्भरता' को बढ़ावा देने के एक और प्रयास में 814 करोड़ रुपये के आयातित मूल्य के 164 आइटम का स्वदेशीकरण किया गया है। इन वस्तुओं को दिसंबर तक 'मेड इन इंडिया' बनाना था लेकिन समय-सीमा के भीतर यह लक्ष्य पूरा करके एक और उपलब्धि हासिल की गई है। अब तक सैन्य महत्व वाली 2,736 वस्तुओं का स्वदेशीकरण किया जा चुका है, जिनका आयातित मूल्य 2,570 करोड़ रुपये है। अब ये स्वदेशी वस्तुएं भारतीय उद्योग से ही खरीदी जाएंगी। रक्षा मंत्रालय ने दो दिन पहले 14 मई को 'आत्मनिर्भर भारत' पहल के तहत सैन्य महत्व के 928 सब-सिस्टम और पुर्जों के आयात पर प्रतिबंध लगाते हुए चौथी स्वदेशीकरण सूची (पीआईएल) को मंजूरी दी है। इससे पहले तीन रचनात्मक स्वदेशीकरण सूचियां दिसंबर 2021, मार्च 2022 और अगस्त 2022 में जारी की जा चुकी हैं। तीनों सूचियों में 4,666 (2,851 107 780) आइटम हैं। अब चौथी सकारात्मक सूची में 928 वस्तुओं को शामिल किया गया है। इससे पहले 1756 करोड़ के आयातित मूल्य की 2,572 वस्तुओं का स्वदेशीकरण किया जा चुका है। रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान में बताया कि अब इन 164 अतिरिक्त वस्तुओं का स्वदेशीकरण होने के बाद स्वदेशी वस्तुओं की कुल संख्या 2,736 हो गई है, जिसका आयातित मूल्य 2,570 करोड़ है। अब ये स्वदेशी वस्तुएं भारतीय उद्योग से ही खरीदी जाएंगी। बयान में यह भी कहा गया है कि इन 164 वस्तुओं को दिसंबर तक स्वदेशीकरण किया जाना था, लेकिन रक्षा उत्पादन विभाग (डीडीपी) और रक्षा मंत्रालय (एमओडी) ने निर्धारित समय सीमा से पहले ही इन्हें स्वदेशी करके एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है।

## कॉलेजियम ने शीर्ष कोर्ट के जज के लिए दो नामों की अनुशंसा की

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने सुप्रीम कोर्ट के जज के रूप में नियुक्त करने के लिए दो नामों की अनुशंसा की है। आज हुई कॉलेजियम की बैठक में आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और वकील केवी विश्वनाथन को सुप्रीम कोर्ट के जज के रूप में नियुक्त करने की अनुशंसा की है। अपनी अनुशंसा में कॉलेजियम ने कहा है कि सुप्रीम कोर्ट में 34 जजों की स्वीकृत संख्या है। वर्तमान में सुप्रीम कोर्ट में जजों की कुल संख्या 32 है। इसके अलावा जुलाई महीने में चार जज रिटायर होने के बाद सुप्रीम कोर्ट में जजों की संख्या 28 हो जाएगी। ऐसे में कॉलेजियम ने फिलहाल दो जजों की नियुक्ति की अनुशंसा की है। कॉलेजियम ने कहा है कि छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट का सुप्रीम कोर्ट में अभी कोई प्रतिनिधित्व नहीं है। जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा को 10 दिसंबर, 2009 को छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट का जज नियुक्त किया गया था। उन्हें 13 अक्टूबर, 2021 को आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट का चीफ जस्टिस नियुक्त किया गया था। वकील केवी विश्वनाथन ने 1988 में तमिलनाडु बार काउंसिल में अपना एनरोलमेंट कराया था।

## नया संसद भवन इस महीने के अंत तक तैयार होगा

**नई दिल्ली: नया** संसद भवन इस महीने के अंत तक तैयार हो जाएगा। सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि भवन को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसके सिविल स्ट्रक्चर की सफाई शुरू हो गई है। इसका इनॉगरेशन कब होगा इसे लेकर सरकार ने कुछ नहीं कहा है। 64 हजार 500 वर्ग मीटर में बनी यह बिल्डिंग चार मंजिला है। नई बिल्डिंग में तीन दरवाजे हैं इन्हें ज्ञान द्वार, शक्ति द्वार और कर्म द्वार नाम दिया गया है। यहां सांसदों और दूसरे वीआईपी के लिए अलग एंट्री है। नया भवन पुराने संसद भवन से 17,000 वर्ग मीटर बड़ा है। ये भवन पूर्ण रूप से भूकंपरोधी है, जिसका डिजाइन 'डिजाइन, प्लानिंग एंड मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड' ने तैयार किया है। इसके



आर्किटेक्ट बिमल पटेल हैं। ऐसी अटकलें हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 मई के आसपास नए संसद भवन का उद्घाटन करेंगे। इसी दिन केंद्र की भाजपा सरकार अपने नौ साल पूरे करेगी। नई बिल्डिंग की सबसे बड़ी विशेषता संविधान हॉल है। कहा जा रहा है कि इस हॉल में संविधान की प्रति रखी जाएगी। इसके अलावा महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू, सुभाषचंद्र बोस, देश के प्रधानमंत्रियों की बड़ी तस्वीरें भी लगाई गई हैं।

जनवरी 2021 में शुरू हुआ था निर्माणः तिकोने आकार के नए संसद भवन का निर्माण 15 जनवरी 2021 को शुरू हुआ था। इस बिल्डिंग को पिछले साल नवंबर में पूरा हो जाना था। पीएम नरेंद्र मोदी से 10 दिसंबर 2020 को नए संसद भवन का आधारशिला रखी थी। तब उन्होंने कहा था कि संसद की नई बिल्डिंग से अधिक सुंदर कुछ नहीं हो सकता जब भारत अपनी आजादी के 75 साल मनाएगा।

सेंट्रल विस्टा के रीडेवलपमेंट का हिस्साः नई बिल्डिंग देश के पावर कॉरिडोर सेंट्रल विस्टा के रीडेवलपमेंट का हिस्सा है।

## मानसून 4 जून तक पहुंचेगा केरल तट

**नई दिल्ली।** मानसून इस बार कुछ दिनों की देरी से केरल पहुंचेगा। मौसम विभाग के अनुसार केरल में मॉनसून की शुरूआत 4 जून को होने की संभावना है। केरल में दक्षिण पश्चिम मॉनसून आमतौर पर 1 जून को लगभग 7 दिन आगे या पीछे पहुंचता है। पिछले साल मानसून 29 मई को केरल के तट पर पहुंचा था। भारत में में दक्षिण-पश्चिम मॉनसून का आगमन केरल में मानसून के आरंभ से होता है और गर्म और शुष्क मौसम को वर्षा ऋतु में बदलने इशारा करता है। जैसे-जैसे मॉनसून उत्तर की ओर बढ़ता है झुलसाने वाली गर्मी से राहत मिलती है। इस बीच मौसम विभाग का कहना है कि अगले तीन दिनों के दौरान हरियाणा और दिल्ली, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और राजस्थान के अलग-अलग हिस्सों तथा अगले दो दिनों के दौरान मध्य प्रदेश और विदर्भ क्षेत्र में धूल भरी आंधी और धूल भरी हवा चलने की संभावना है। इसके पीछे मुख्य कारण यह है कि हाल ही में पश्चिमी विक्षोभ का असर रहा है और अब तेज हवा चल रही हैं। पिछले एक हफ्ते से तापमान काफी अधिक रहा और ज्यादातर 40 डिग्री सेल्सियस या उससे ऊपर रहा। मौसम विभाग के अधिकारी के अनुसार वातावरण शुष्क है और गर्म वातावरण के कारण मिट्टी हलकी हो जाती है। इसलिए 40-45 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली हवाएं सतह से धूल उठा रही हैं और इसे वायुमंडल में फैला रही हैं।

## खबर संक्षेप

### प्रतापपुर के बच्चे तलहा रहमान ने हाईस्कूल परीक्षा 99% अंकों से पास किया

विद्यालय परिवार ने एक लाख रुपये पुरस्कार में देने की घोषणा की



**प्रतापपुर।** देवदहना गांव निवासी तलहा रहमान पुत्र इम्तियाज रहमान देवदहना गांव के निवासी हैं। अपने परिजनों के साथ तलहा लखनऊ में रहकर शिक्षा ग्रहण करते हुए आईसीएसई द्वारा घोषित बोर्ड की परीक्षा में हाईस्कूल 99% अंकों से उत्तीर्ण किया। सरायममरेज निवासी माज रहमान ने बताया कि मेरे मामा का बेटा तलहा रहमान सिटी मांटेसरी इंटर कॉलेज गोमतीनगर लखनऊ में शिक्षा ग्रहण करने वाला शुरू से ही पढ़ाई लिखाई पूरी ऊर्जा लगन परिश्रम से करता है, मेधावी छात्र है।तलहा द्वारा सर्वोच्च अंकों से परीक्षा पास करने पर विद्यालय परिवार द्वारा 1 लाख रुपए पुरस्कार देने की घोषणा की गई। परिजनों, रिश्तेदारों में हर्षोल्लास एवं खुशहाली है सभी ने तलहा के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आशीर्वाद दिया है।

# लैब टेक्नीशियन की धारदार हथियार से निर्मम हत्या,बन्द कमरे में मिली लाश से हड़कंप

अखंड भारत संदेश

**फूलपुर।** फूलपुर कोतवाली से महज 200 मीटर दूरी पर स्वास्थ्य विभाग की कॉलोनी में हुई सनसनीखेज हत्या से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। मंगलवार सुबह हत्या की खबर पाकर मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। धारदार हथियार से हुई निर्मम हत्या पर क्षेत्र में भय का माहौल व्याप्त है। फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के सरायलिली उर्फ खोजापुर गांव स्थित स्वास्थ्य केंद्र की कॉलोनी में करीब 20 वर्षों से रह रहे जौनपुर सुरेरी गांव निवासी बबली राम जाटव 55 पुत्र स्वर्गीय पतिराम प्रयागराज स्थित काल्विन हॉस्पिटल में लैब टेक्नीशियन पद पर कार्यरत थे। कॉलोनी के लोगों ने बताया कि प्रयागराज काल्विन में कार्यरत बबली राम ड्यूटी कर फूलपुर ही आकर रात रुकते थे। मंगलवार सुबह जब उनके घर का दरवाजा नहीं खुला तो चौकीदार ने आवाज लगाई। घर के अंदर से कोई प्रतिक्रिया न मिलने पर चौकीदार ने पास-पड़ोस के लोगों को बुलाया। साथ ही पुलिस को सूचित कर घर का दरवाजा तोड़ जब अंदर गये तो देखा कि बबली राम की धारदार हथियार से निर्मम हत्या कर दी गई है। मौके पर पहुची फूलपुर कोतवाली की पुलिस ने उच्च अधिकारियों को सूचित करते हुए शव के आस- पास मुआयना किया। मौके पर डी०सी०पी०गंगानगर अभिषेक भारती, ए०सी०पी०, सहित फूलपुर पुलिस ने पहुंच कर देखा कि बबली राम जाटव की हत्या धारदार हथियार से हत्या कर दी गई हैं। पुलिस ने परिजनों को सूचित कर मामले की जांच पड़ताल करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। क्षेत्र के लोगों ने बताया कि लैब टेक्नीशियन बबली राम जाटव की पत्नी का स्वर्गवास करीब 10 वर्ष पूर्व हो गया था। जिनके दो बेटे और एक बेटी है। बेटी का विवाह हो चुका है। वही दोनों बेटे दिल्ली स्थित किसी कंपनी में नौकरी करते हैं। वह अकेले प्रयागराज स्थित काल्विन हॉस्पिटल में नौकरी के साथ ही वह फूलपुर के स्वास्थ्य विभाग की कॉलोनी में निवास करते थे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि वे अपने घर के कमरे में मच्छरदानी लगाकर तख्त पर सोए हुए थे। उनके चेहरे पर धारदार हथियार से गोदकर हत्या की गई थी। हत्या से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है।

## किशोरी की हत्या कर शव बाउली में फेंका

अखण्ड भारत संदेश



**लेडियारी।** खीरी थाना क्षेत्र के बहरैचा मे सोमवार को एक 11 वर्षीय एक किशोरी की लाश उसके घर से सौ मीटर दूर मछली पालने हेतु बनी बाउली में मिलते ही सनसनी फैल गई। ग्रामीणों व परिजनों की सूचना पर पुलिस डॉग स्क्वायड फील्ड यूनिट की टीमें घटनास्थल पर पहुंच गयी।घर के अंदर खून व सब्जी काटने वाला पहसुल और घर के पीछे खून से सड़े कपड़े मिले हैं।एक हफ्ते पहले इनके घर में रखा अनाज की चोरी भी हुई थी। जिसकी शिकायत पुलिस से की गई थी। खोजी कुत्ता व पुलिस टीम की घंटों पूछताछ के बाद कोई सुराग नहीं मिला। शक के आधार पर पुलिस ने मृतका की बड़ी बहन सहित परिवार के कुछ लोगों को थाने ले गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार सोनू मोनू पुत्री रामविरंजन प्रजापति निवासी बहरैचा थाना खीरी के माता-पिता का इनके बाल्यावस्था में ही निधन हो गया था। दोनों बहने अकेली घर में रहकर अपना जीवन यापन करती थी। सोमवार को गांव में आयी एक बारात को देखने वे दोनों घर से निकली और देर रात वापस लौट कर घर में सो गई। जब सुबह मृतका मोनू की बड़ी बहन जगी तो देखी की छोटी बहन नहीं है।उन्होंने परिवार को सूचना देते हुए पास पड़ोस में खोजबीन की लेकिन कोई पता नहीं चल सका। बड़ी बहन तत्काल घटना की सूचना पुलिस को लिखित में दी। परिजनों ने बताया कि सोनू की शादी मध्य प्रदेश के कोठारी मे तय थी। लेकिन यह शादी उसको पसंद नहीं थी, उन्होंने अपने मनपसंद की शादी बड़ोखर के एक युवक से करने के लिए अड़ी थी। दोनों बहनों के पास पैतृक संपत्ति में 12 बिस्वा जमीन और खाते में ?दो लाख नगद जमा है। घटना को लेकर गांव में तरह-तरह की चचाएं बनी रही।

## नमामि गंगे योजना अंतर्गत चनैनी में चलाया स्वच्छता अभियान



अखंड भारत संदेश

**करछना।** प्रयागराज वन रेंज करछना द्वारा नमामि गंगे योजना के तहत करछना विकास खंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत चनैनी में लाखों रुपए से बनाए गए नव निर्मित अमृत सरोवर तालाब पर स्वच्छता अभियान के अंतर्गत साफ सफाई का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिस मौके पर क्षेत्राधिकारी वन रेंज करछना अवनीश कुमार परमार्थ के नेतृत्व में अमृत सरोवर परिसर में वृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने नमामि गंगे योजना को सफल बनाने में सहभागिता में शामिल हुए ग्राम प्रधान चनैनी धीतेश तिवारी लेखपाल नागेंद्र मिश्रा प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाचार्या इसमत फातिमा व उनके साथ विद्यालय के स्टॉप व छात्र व छात्राएं मौजूद होकर इस कार्यकम को सफल बनाया।

# छात्र-छात्राओं हेतु चलाए जा रहे व्याख्यान श्रृंखला





अखंड भारत संदेश

**नैनी।** प्रयाग विधि महाविद्यालय मवैया नैनी प्रयागराज द्वारा एलएलबी एवं बीए एलएलबी छात्र-छात्राओं हेतु चलाए जा रहे व्याख्यान श्रृंखला कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार को मुख्य अतिथि एडीजे सुभाष चन्द्र मौर्य (सचिव डीएचएसए) विशिष्ट अतिथि जेएससीसी सत्यपाल सिंह प्रेमी एवं विशेष सीजेएम डॉ. लकी जी का व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात चेयरमैन डॉ. आशुतोष त्रिपाठी एवं प्राचार्य डॉ. मुहम्मद जफर द्वारा बुके व अंग वस्त्र देकर उनका स्वागत किया गया मुख्य अतिथि जी ने अपने व्याख्यान में संविधान के विभिन्न अनुच्छेदों व उसकी बारीकियों के बारे में छात्रों को अवगत कराया। उन्होने विधि महाविद्यालय की सराहना करते हुये कहा कि यह प्रयागराज का पहला विधि महाविद्यालय है जो विधि व्यवहारिक शिक्षा पर विशेष ध्यान दे रहा है। उन्होनें सेमेस्टर में अच्छे अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल व प्रमाण पत्र वितरित किये व छात्रों के उज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दीं अंत में प्राचार्य डॉ मुहम्मद जफर ने मुख्य अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुये उनका धन्यवाद ज्ञापित किया उक्त कार्यक्रम का संयोजन सहायक प्राध्यापक अमित पाण्डेय द्वारा किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के अतिरिक्त रामबाबू तिवारी डॉ. नागेन्द्र शर्मा नीति अलेक्जेंडर, डॉ. अंजना यादव पंकज तिवारी ज्योति सिंह रजिस्ट्रार अनुज शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

## मऊआइमा के चार अलग अलग गांवों में मार पीट दस पर मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के चार गांवों में विभिन्न विवादों को लेकर मार पीट के दौरान कई को घायल हुए है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चारों मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना अंतर्गत जाम्हा गांव निवासनीय अनीता देवी पत्नी राजेंद्र कुमार का आरोप है कि जमीनी विवाद को लेकर पडोसी उसके घर में घुस कर मारे पीटे और तोडफोड़ किए एंव जान से मारने की धमकी भी दिए। अनीता देवी ने मऊआइमा थाने में भालचन्द्र, सुशील कुमार, रवि, अंजली, गुंजन के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है।उधर ग्राम उदयपुर खगिया निवासी इस्तिखार अहमद पुत्र सिकन्दर अली का आरोप है कि बिजली के केबिल लगाने के विवाद में उसे मारा पीटा गया। पुलिस ने रामचन्द्र सरोज के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। उधर ग्राम अलावलपुर निवासनीय झूरी देवी पत्नी अर्जुन का आरोप है कि उनका पुत्र सुनील कुमार ब्लाक बाजार चौराहे से सामन लेने गया था।जिसे विपक्षी मार पीट कर बेहोश कर दिए। झूरी देवी ने मऊआइमा थाने में अनिल कुमार, कल्लू, जवाहिर लाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। उधर ग्राम गुलकाईपुर निवासनीय दुलारी देवी पत्नी भुल्लर पाल का आरोप है कि अनायास उसे मारा पीटा गया। पुलिस ने ननकी देवी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# सेवानिवृत्त शिक्षक के सिर में करंट लगा कर की गई थी हत्या

अखंड भारत संदेश

**मऊआइमा।** मऊआइमा इलाके के सिंसई सिपाह में महज पेंशल की रुपया के लिए सगे पुत्र ने अपने वृद्ध सेवानिवृत्त शिक्षक पिता की हत्या का नया तरीका चुना उनके सिर में जगह जगह करंट लगा कर हत्या की बात पोस्टमार्टम रिपोर्ट में आयी है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सिंसई सिपगह निवासी सेवा निवृत्त शिक्षक सूर्यभान सिंह 78 वर्ष की सोमवार की रात हत्या कर दी गयी थी। बताया गया है कि मृतक के चार पुत्रों में से मृतक सबसे छोटे पुत्र नरेंद्र प्रताप सिंह उर्फ सुनील के साथ रहते थे।तथा पेंशन की रकमें उसी को देते थे। मृतक के तीसरे नम्बर के पुत्र दुर्गेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ दिनेश सिंह बताया गया है कि बेटी की शादी में पेंशन का पैसा मांग रहा था परन्तु दुर्गेन्द्र प्रताप सिंह को उनके पिता सूर्यभान सिंह ने नहीं दिया था। जैसे तैसे दुर्गेन्द्र प्रताप ने बेटी की शादी कर दी। बताते हैं कि दुर्गेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ दिनेश सिंह सिंसई सिपगह चौराहे पर इलेक्ट्रॉनिक की दुकान किए हुए है। बताते हैं कि प्रायः दुर्गेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ दिनेश सिंह अपने पिता सूर्यभान सिंह से पेंशन का पैसा मांगता था। जिससे लेकर आए दिन किच किच मची रहती थी।। बताते हैं कि हत्या के एक पूर्व मृतक सूर्यभान सिंह ने अपने पुत्र दुर्गेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ दिनेश सिंह के खिलाफ थाने में शिकायत किए थे।पुलिस आ कर समझा बुझा कर चली गई थी। सोमवार को सेवानिवृत्ति शिक्षक सूर्यभान सिंह 78.वर्ष के सिर में कई जगह नोकिले हथियार से सिर में

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हुआ खुलासा

मऊआइमा के सिंसई सिपाह में पुत्र ने अपने पिता की पेंशल के लिए हत्या करने का चुना नया तरीका, आरोपी अब भी पुलिस के गिरफ्त से बाहर



जगह जगह छेदा हुआ शव बरामदे में चारपाई पर मिला था। तथा तीसरे नम्बर का पुत्र दुर्गेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ दिने फरार था। जिसके खिलाफ मृतक के सबसे छोटे पुत्र नरेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ सुनील ने मऊआइमा थाने में हत्या का मुकदमा अपने बडे भाई दुर्गेन्द्र प्रताप सिंह के खिलाफ दर्ज करा दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृतक शिक्षक की मौत सोडिंग एक प्रकार का यंत्र जिसे मैकेनिक करंट लगा कर तार रांग से जोडते हैं।उसी लेह से करंट लगा कर हत्या की बात सामने आने पर सब भौचक्के हो गए। हत्या करने के नए तरीके की बात आने से ग्रामीण हैरतजदा हैं। हालांकि आरोपी दुर्गेन्द्र प्रताप सिंह अब भी फरार है पुलिस उसकी तलाश में जगह जगह दबिश दे रही है। फिलहाल आरोपी की पत्नी मनीषा सिंह पुलिस हिरासत में है। आज भी मृतक के घर मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है।पुलिस का कहना है कि जल्द आरोपी जब पकडा जाएगा तो असली राज खोलेगा।




## गत 14 मई की रात चोरी हुई ट्रैक्टर ट्राली हुई बरामद

**मऊआइमा।** मऊआइमा के मरखा मऊ गांवमें मिस्त्री के घर के सामने नई तैयार ट्राली गत दिनों चोरी हो गई थी। ट्राली की कीमत लगभग दो लाख रुपये बतायी गयी। भुक्तभोगी ने मऊआइमा थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा कर अपने साथियों के साथ मिल कर दिन रात तलाश करते रहे। मंगलवार को चोर सहित ट्राली मिल गयी जिसे बरामद कर पुलिस को सौफ दिए। मऊआइमा के मरखामऊ गांव निवासी अरूण कुमार उर्फ पप्पू विश्वकर्मा पुत्र स्वर्गीय पन्ना लाल अपने घर पर नई टैक्टर ट्राली बना कर बेचने का काम करते हैं। बताया गया है कि गत 14 मई की रात लगभग दो बजे रात नई ट्राली चोरी हो जाने पर अरूण कुमार ने मऊआइमा थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। अरुण कुमार, उसके भाई सुनील कुमार और अन्य साथियों ने जगह जगह लगे सीसी कैमरों की मदद से ट्राली की तलाश में जुटे रहे। मंगलवार को सुबह बहरिया थाना क्षेत्र के ग्राम नेवादा बीबीपुर निवासी धर्मेंद्र कुमार यादव पुत्र जगन्नाथ यादव। जो ट्राली का कलर बदल कर मिटटी की ढोलाई कर रहा था। भुक्तभोगी और उसके साथियों ने पकड़ कर मऊआइमा पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस के गिरफ्त में आए चोर धर्मेंद्र यादव से पूछताछ की तो उसने मऊआइमा क्षेत्र के अन्य चोरों का नाम बताया फिलहाल पुलिस पकडे गए चोर की मदद से अन्य चोरों की तलाश कर रही है।

## दबंग भू माफियाओं ने तमाम रोक के बावजूद नहीं हटाया आतिक्रमण

**मऊआइमा।** क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में इन दिनों कतिपय भू माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। राजस्व ,चकबंदी विभाग के तमाम चेतावनी का कोई असर नहीं पड रहा है । वह निरंतर कब्जा करने के फिराक में लगे हुए हैं। मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम कहली झलियाही निवासी महेंद्र कुमार यादव पुत्र स्वर्गीय विन्देश्वरी प्रसाद का आरोप है कि उनके गांव के कतिपय भू माफियाओं ने सरकारी अभिलेखों ,खतौनी आदि में अठठारह बिस्वा जमीन भीठा दर्ज है। भीठा की भूमि सरकारी सम्पत्ति होती है। महेंद्र कुमार यादव। का आरोप है कि चकबंदी विभाग के राजेश यादव आदि तथा राजस्व विभाग के नीरज कुमार आदि टीमों ने मौके पर स्थली मुआयना कर पैमाइश करके सरहद अलग कर कतिपय भू माफियाओं को सरकारी जमीन खाली करने की चेतावनी दी तथा किए गए आतिक्रमण को हटाने का आदेश भी 24अप्रैल को दे चुके हैं। महेंद्र यादव का आरोप है कि कतिपय भू माफियाओं के पास गांव में मकान भी है बावजूद इसके वह सरकारी जमीन पर गौशाला,और मकान आदि निर्माण कर लिए हैं। तथा शेष बची जमीनों पर कब्जा करने के लिए निर्माण सामग्री एकत्रित कर रहे हैं। महेंद्र यादव ने फिर एस डी एम फूलपुर को शिकायतीपत्र देकर सरकारी जमीन को बुलडोजर से खाली कराने की मांग की है। ताकि गांव की सुरक्षित भूमि बच सके।

# कर्नाटक की ऐतिहासिक जीत पर करछना में कांग्रेस कार्यकताओं ने मनाया जश्न

अखंड भारत संदेश

**करछना।** कर्नाटक में कांग्रेस की जीत पर तहसील मुख्यालय पर बांटी मिठाइयां। कांग्रेस कार्यकताओं ने मनाई खुशी तहसील मुख्यालय पर मिष्ठान्न खिलाकर एक दुसरे का मुंह मीठा कराया जिला महासचिव डा दिनेश कुमार सोनी ने कहा कि कर्नाटक की जीत वहां के जनता की जीत है राहुल गांधी के भारत जोड़ो यात्रा की जीत है वहां की जानता द्वारा पय्रिंका गांधी के सत्य को समझने की जीत है डाक्टर सोनी ने कहा कि पूरे देश की जनता बदलाव चाहती है जिसकी शुरूआत हो? चुकी है जिला उपाध्यक्ष शिव विजय सिंह ने कहा कि हमारे देश के शौकिन पध्रान मंत्री माननीय मोदी जी अपनी शौक के पीछे देश को काफी पीछे ढकेल दिया ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष पक ाश



पाण्डेय एंडो ने उपस्थित कार्यकताओं का आभार व्यक्त किया कर्नाटक की जीत पर अपना वक्तव्य देने वालों में शिव विजय सिंह रंगराज सिंह डा दिनेश कुमार सोनी पक ाश पाण्डेय एंडो विद्याधर मिश्र एडो सुरेश कुमार पटेल मंत्री जी आशीष कुमार मिश्र एंडो कमला कान्त पाण्डेय शायद प्रसाद गुरु चरण मास्टर नागेश पांडेय संजय कुमार शुक्ल श्याम बाबू अकबाल बहादुर कुशवाहा रशीद हैदर सुजीत कुमार तिवारी कमलेश कुमार सुरेश कुमार शुक्ल कौशलेंद्र गौड़ अमरनाथ यादव लाल चन्द यादव एडो दिनेश कुमार प्रजापति आदि रहे।



## रामचरितमानस पाठ हमें जीवन जीने की सिखाती है कला

**सहसों।** श्रीरामचरितमानस पाठ के श्रवण से मनुष्य के सभी दुख दूर होते हैं। रामचरितमानस पाठ मनुष्य को जीवन जीने की कला सिखाती है। उक्त बातें आचार्य पंडित आचार्य मनोज तिवारी शास्त्री ने सुरेश चंद्र त्रिपाठी सेक्टर बी शांतिपुरम फाफामऊ के निज निवास पर आयोजित अखंड रामचरितमानस पाठ के समापन के अवसर पर उपस्थित भक्तों से कही। उन्होंने कहा कि रामचरितमानस पाठ के प्रत्येक चौपाई मे मानव जीवन के लिए मूल मंत्र मौजूद हैं। जो बहुत ही पूजनीय एवं स्मरणीय है। जिसके श्रवण करने मात्र से मनुष्य के सभी प्रकार के दुःख बाधाओं को दूर करने में रामचरितमानस पूरी तरह समर्थवान है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में प्रदूषित वातावरण एवं शुद्ध प्राणवायु के लिए हर व्यक्ति को सुबह पूजा पाठ के पश्चात देवी देवताओं को आवाहित करके हवन यज्ञ अवश्य करनी चाहिए। हवन करने से आध्यात्मिक ऊर्जा में वृद्धि के साथ-साथ ईश्वर की उस व्यक्ति पर कृपा बरसती है। रामायण समापन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर उर्मिला त्रिपाठी, प्रतिभा द्विवेदी,मत्स्येंद्र द्विवेदी, प्राजक्ता त्रिपाठी,आशीष त्रिपाठी,अरविंद मिश्रा सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों के अलावा बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# विधायक ने किया जनसम्पर्क कार्यालय का उद्घाटन

### बारा के जनता की सेवा करना हमारा पहला कर्तव्य होगा : डॉ. वाचस्पति विधायक

अखंड भारत संदेश



**जसरा।** विधानसभा बारा के जनता-जनार्दन एवं कार्यकर्ताओ के समस्याओं के निस्तारण हेतू विधायक बारा डाँ. बाचस्पति एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मधु बाचस्पति ने सोमवार को गौहनिया के अग्रसेन विहार कालोनी के ठीक सामने कर्मा रोड़ पर पहले देवी चबूतरे पर विधि-विधान से पूजन अर्चन करके जनसम्पर्क कार्यालय का वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच फीता काटकर उद्घाटन किया। कार्यकर्ताओ ने विधायक बारा डाँ.बाचस्पति का फूलमालाओ से स्वागत किया। विधायक बारा डाँ.बाचस्पति ने कहा बारा क्षेत्र की जनता-जनार्दन के समस्याओ को समयबध्द तरीके से हल करने हेतू जनसम्पर्क कार्यालय जनता को समर्पित कर रहा हूँ। जनता के समस्याओ का प्रतिदिन कार्यदिवस प्रमुख के माध्यम से सुना एवं निस्तारण किया जाएगा। प्रत्येक सप्ताह के बुधवार और शनिवार को जनता एवं कार्यकर्ताओ के समस्याओ को सुनने एवं दूर करने हेतू स्यंम उपस्थित रहते हुए बारा के जनता की सेवा को पहला कर्तव्य विधायक बारा बाचस्पति ने बताया। इसके बाद क्षेत्रिय जनता के समस्याओ को सुना व अधिकारियो को समाधान हेतू निर्देशित किया। इस अवसर पर भाजपा से जिला उपाध्यक्ष संतोष त्रिपाठी, जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी, जिला मंत्री प्रकाश शुक्ल प्रचंड, कमलेश त्रिपाठी,जिला सह-संयोजक उमेश शुक्ला, मंडल अध्यक्ष जगत नारायण शुक्ला, अंजनी लाल, आईटी से मिथिलेश पांडे, अपनादल से फूलचंद्र पटेल, गोकुल प्रसाद पटेल,संदीप पटेल, राजकुमार पटेल,गुड्डू सिंह, निषाद पार्टी से श्यामू निषाद,एमवी ग्रुप सें अर्जुन कुमार कुशवाहा, उमाशंकर बिंद, सुभाष, अशोक कुशवाहा ग्राम प्रधान आशीष सोनकर, आलोक पाठक, धीरेन्द्र,अनिल, धर्मराज आदि के साथ भारी संख्या में बारा क्षेत्र की जनता जनार्दन एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। मंडल अध्यक्ष जसरा जगत शुक्ला का विधायक सहित कार्यकर्ताओ ने शुभकामनाएं दी।



## जंघई दुगार्गंज मार्ग में भंडा से पुल तक बड़े बड़े गड्ढे आवागमन बाधित

जंघई। प्रयागराज भदोही जनपद को जोड़ने वाली जंघई दुगार्गंज संपर्क मार्ग मरम्मत के अभाव में आवागमन करने वाले राहगीरों में काफी आक्रोश व्याप्त है। दुगार्गंज बरना पुल के पूर्व जंघई की तरफ भंडा गांव तक सड़क के बीचों बीच दाएं बाएं बड़े बड़े गड्ढे होने के कारण गाड़ियां रेंगते हुए गड्ढे को पार करती हैं।इस सड़क पर 24 घंटे आवागमन है लेकिन गड्ढों की मरम्मत नहीं कराई जा रही है जिससे दुर्घटना भी हो रही है लोग गिरकर चुटहिल भी हो रहें इतने अधिक गड्ढे होने के कारण लोग परेशान हो रहे हैं दिन में तो किसी तरह लोग आवागमन भी कर लेते हैं लेकिन रात में सबसे अधिक समस्या आ रही है।रात में दुर्घटना की आशंका बराबर बनी रहती है अनजान लोग तो अक्सर दुर्घटना के शिकार हो जाते हैं आवागमन करने वाले यात्रियों ने सड़क की मरम्मत कार्य अतिशीघ्र करवाने की मांग किया है।

# आनन्द मार्ग स्कूल में निशुल्क शिविर का आयोजन हुआ

### बढ़-चढ़कर लोग योगदान दिए एवं बच्चों को भोजन करवाया गया : कृपा दीदी






**नैनी।** मंगलवार को आनन्द मार्ग स्कूल माधोपुर, खरकोनी, नैनी प्रयागराज में एक निशुल्क चिकित्सा शिविर एवं नारायण सेवा का आयोजन किया गया शिविर में अवधूतिका आनन्दप्रतिष्ठा आचयया, डॉ. राज कुमार खरवार, वीरेंद्र विश्वकर्मा, श्री प्रकाश दादा, संध्या, प्रगति गोंड, कृपा दीदी एवं स्थानीय नागरिकों ने उतत्त शिविर एवं नारायण सेवा में विशेष योगदान दिया शिविर में करीब 84 मरीजों को देखने के उपरांत उन्हें दवा एवं उचित परामर्श दिया गया।

## खबर संक्षेप

### नव निर्वाचित पार्षद गणेश केसरवानी पहुंचे लखनऊ सीएम से लिया आशीर्वाद

**प्रयागराज।** मुख्यमंत्री आवास लखनऊ में नवनिर्वाचित महापौर गणेश केसरवानी मुख्यमंत्री से मिलकर आशीर्वाद प्राप्त किया। उनके साथ पूर्व कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने मुख्यमंत्री को नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा को प्रचंड जीत मिलने पर बधाई व शुभकामनाएं दिए। मुख्यमंत्री श्री योगी जी ने कहा एक आम कार्यकर्ता को टिकट दिया गया था यही कारण था सभी छोटे से बड़े कार्यकर्ता तक चुनाव में लग गए। यह जीत कार्यकताओं के परिश्रम की है।जो जीत ऐतिहासिक है।100 में से 56 पार्षद जीतकर मिनी सदन में आए हैं। अब निगम के विकास कार्यों के प्रस्ताव आदि बनाने में अग्रणी भूमिका निभाएंगे। मुख्यमंत्री ने गणेश केसरवानी को महापौर बनने पर बधाई और शुभकामनाएं दी,साथ ही कहा कि सभी को साथ लेकर कार्य करने की पद्धति अपनानी है।2025 का महाकुंभ विशाल दिव्य और भव्य बने। इस दिशा में अच्छा पहल करना होना चाहिए। इस मौके पर पूर्व कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह, प्रयागराज सांसद डॉ रीता बहुगुणा जोशी, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ वीके सिंह, विधायकगण ई हर्षवर्धन बाजपेयी, प्रवीण सिंह पटेल, गुरु प्रसाद मौर्य, एमएलसी सुरेंद्र चौधरी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक सिंह, अवधेश गुप्ता, कमलेश कुमार, रवि केसरवानी आदि मौजूद रहे।

# होटल के बाहर खड़ी कारों में अचानक आग लगने से मची अफरातफरी

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** जानसेनगंज चौराहे से रेलवे जंक्शन जाने वाले मार्ग पर स्थित एक होटल के बाहर खड़ी कार में मंगलवार सुबह आग लग गई। होटल कर्मियों और आसपास के लोगों ने आग पर काबू पाने की कोशिश की, लेकिन आग थमने की जगह बढ़ गई।बगल में खड़ी दूसरी कार को भी चपेट में ले लिया। इससे लोगों में अफरातफरी मच गई। मौके पर पहुंचे फायर कर्मियों ने करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग किन कारणों से लगी, यह अभी स्पष्ट नहीं है।होटल में झारखंड और दिल्ली के कुछ लोग सोमवार दोपहर से ठहरे हुए हैं। मंगलवार सुबह दो कार में सवार होकर वह कहीं से लौटे। होटल के बाहर कार खड़ी कर अपने अपने कमरे में चले गए।कुछ देर बाद एक कार से धुआं उठने लगा तो होटल के कर्मचारियों और आसपास के लोगों ने पानी और बालू डालकर आग पर काबू पाने की कोशिश की, लेकिन आग ने दूसरी कार को भी अपनी चपेट में ले लिया। बगल में टायर की दुकान और वहां अन्य वाहन खड़े होने के कारण लोगों में अफरातफरी मच गई। फायर कर्मियों ने आग पर तो काबू पा लिया, लेकिन दोनों कारों का अधिकांश हिस्सा जल चुका था।आग किन कारणों से लगी, यह अभी स्पष्ट नहीं है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी आरके पांडेय का कहना है कि कार में लगी बैटरी में शार्टसर्किट की वजह से आग लगने की आशंका है। कार नीलेश निवासी झारखंड और दिशांत निवासी नई दिल्ली की है।

### ब्लड बैंक में दो युवकों का खून निकाला, देने से किया इंकार

**फाफामऊ।** गद्दोपुर स्थित एक ब्लड बैंक में खून डोनेट करने गए दो युवक को ब्लड के बदले ब्लड देने का झांसा देकर दोनों युवकों का दो यूनिट ब्लड निकाल लिया। आरोप है कि दोनों युवकों ने जब ब्लड बैंक से बदले में ब्लड मांगा तो दोनों युवकों को उनके खून में इंफेक्शन होने की बात कर उन्हें धमका कर भगा दिया। दोनों युवकों ने फाफामऊ थाने में ब्लड बैंक के खिलाफ ब्लड न देने और धमकाने की तहरीर दी है। पुलिस को दिए गए तहरीर में होलागढ़ थाना क्षेत्र के पूरन पुर गांव का मिथलेश कुमार विश्वकर्मा ने आरोप लगाया है कि बीमारी के चलते वह सोरांव के एक अस्पताल में इलाज करा रहा है। डॉक्टर ने दो यूनिट ब्लड मांगा जिस पर मिथलेश ने मंगलवार को गद्दोपुर स्थित कृष्णा ब्लड बैंक में अपने दो भाई संजय कुमार, आशीष कुमार के साथ गया। ब्लड बैंक में उसके दोनों भाई का ब्लड सैंपल निकाल कर 26 सौ रुपए जमा कराकर दोनों के शरीर से दो यूनिट ब्लड निकाल लिया। काफी समय बीत जाने पर मिथलेश ने ब्लड डोनेट के बदले ब्लड मांगा तो उसे ब्लड बैंक कर्मियों ने उनके खून में इंफेक्शन की बात कहकर उन्हें खून देने से मानकर धमका कर भगा दिया।

### निरीह जानवर : भला इसका क्या कुसूर !

## तीन दिन से गाय को जबरन बांधकर बेरहमी से दबंगो ने पीटा

तलाश करते करते विपक्षी के यहां मिली वापस मांगने पर भगाया, गाय को उस जगह से किया गायब अनहोनी की आशंका



**सिरसा।** मांडा के राजमणि पाल पुत्र राम बाबू पाल निवासी ग्राम खरमा पो० तिसेन तुलापुर थाना माण्डा तहसील मेजा जिला प्रयागराज का निवासी है। प्रार्थी की गाय दिनांक 08.05.2023 से घर से गायब थी। प्रार्थी अपने गाय को तलास करते - करते अपनी गाय को विपक्षी शिवराज पुत्रगण राजाराम पाल निवासी ग्राम खुरमा माण्डा मेजा प्रयागराज के दरवाजे पर बधी हुई पाया उस गाय को बहुत बेरहमी से मारापीटा गया था तथा गाय को इस कड़ी धूप में बाधा गया था और बिना चारा पानी के गाय तड़प रही थी। प्रार्थी ने अपनी गाय को छोड़ने के लिये उसके घर गया तो विपक्षीगण प्रार्थी को भद्दी-भद्दी गाली देते हुये मारापीट करने लगे तथा कहा कि तुम्हारी गाय ने हमारा बहुत नुकसान किया है। यहां से भाग जाओं नही तो गाय की तरह तुमको भी मारेंगे। लोगों के बीच बचाव करने पर प्रार्थी की जान बच सकी। विपक्षी द्वारा गाय को गायब कर दिया गया है या तो गाय को मार-कर हत्या कर दिया गया है। विपक्षी सरहंग किस्म के लोग है और दबंग भी हैं ये आये दिन कोई न कोई नई-नई अपराध करते हैं। इसके सरंगही और दबंगई से लोग दहशत में रहते हैं। हिन्दू धर्म मे गाय को गौ माता के रूप में पूजा जाता है। योगी सरकार में गाय के साथ हो रहे इस प्रकार का कृत्य निंदनीय है। इसे संज्ञान में लेकर गाय को दबंगों से प्रार्थी को वापस दिलाने का प्रयास होना चाहिए।

# शादी में गई किशोरी की तालाब में मिली लाश

घर के पीछे खून से सने मिले कपड़े, रेप के बाद मर्डर की आशंका

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** शादी में शामिल होने आई एक किशोरी की तालाब में लाश मिली। वहीं घर के पीछे खून से सने कपड़े मिलने से रेप के बाद हत्या की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने तालाब से शव को निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच की जा रही है।यमुनानगर के खीरी थाना क्षेत्र के एक गांव में सोमवार रात एक बारात आई थी। शादी समारोह में 12 साल की लड़की भी शामिल होने गई थी। वहीं से अचानक वह गायब हो गई। काफी देर होने पर परिवार के लोगों ने उसकी खोजबीन शुरू कर दी। खोजबीन के दौरान घर के पीछे उसके खून से सने कपड़े मिले और तालाब में उतराती हुई लाश देखी। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुजंची और फॉरेंसिक टीम को बुलाकर घटनास्थल पर जांच पड़ताल की। आशंका है कि रात में शादी से घर लौटते वक्त आरोपियों ने उसे अगलवा कर उसके साथ रेप किया, इसके बाद उसकी हत्या कर लाश को तालाब में फेंक दिया। करीब 10 साल पहले लड़की की मां और पिता की मौत हो चुकी है। उसकी बड़ी बहन है। उसकी उम्र 16 साल है। परिवार के अन्य लोगों के साथ दोनों बहनें रहती थीं।बहन ने बताया कि रात में गांव में शादी समारोह में गई थी। वहां से रात में लौटी और कुछ देर बाद दोबारा शादी के लिए निकल गई थी। फिर कब घटना हुई, कैसे हुई कुछ जानकारी नहीं है। पुलिस का कहना है कि हत्या में आसपास के ही लोगों के शामिल होने की आशंका है। ग्रामीणों से पूछताछ में एक संदिग्ध के बारे में पता चला है। वह फरार चल रहा है। प्रभारी वीरेंद्र सोनकर ने बताया कि लड़की की लाश तालाब में मिली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद हत्या की वजह स्पष्ट हो जाएगी। आसपास के लोगों से पूछताछ की गई है। कुछ संदिग्धों का पता चला है। जांच की जा रही है।

### डीएम ने की विद्युत विभाग की समीक्षा बैठक

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में मंगलवार को संगम सभागार में विद्युत विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने विद्युत सुरक्षा, दैनिक औसत विद्युत आपूर्ति, खण्डवार स्थापित एवं क्षतिग्रस्त ट्रांसफार्मर, ट्रांसफार्मर ट्राली, ग्रीष्म कालीन ऋतु में विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से बनाये रखने हेतु किए जाने वाले कार्य, नवसृजित/विस्तारित नगर निकायों में विद्युत आपूर्ति हेतु कलस्टरवार किए जाने वाले कार्य आदि की विस्तार से समीक्षा की। विद्युत सुरक्षा के सम्बंध में समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को जिन स्थानों पर तारों का जाल/गुच्छा बना हुआ है, उन्हें चिन्हित करते हुए तत्काल हटायें जाने एवं जर्जर तारों को ठीक कराये जाने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने कहा कि जहां पर विद्युत से दुर्घटनाएं ज्यादा घटित हो रही हो, उन स्थानों पर विशेष रूप से जर्जर तारों, लाइनों को चिन्हित कर तत्काल ठीक कराया जाय। जिलाधिकारी ने उन क्षेत्रों को चिन्हित करने का निर्देश दिया है, जहां पर ट्रांसफार्मरों पर लोड क्षमता से ज्यादा है तथा विद्युत रेवेन्यू कम है, उन स्थानों पर अवैध विद्युत कनेक्शन व कटिया लगाने वालों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए जिनका विद्युत संयोजन नहीं है, उन्हें तत्काल कनेक्शन देने के लिए निर्देशित किया है। बैठक में जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधानों एवं पार्षदों से समन्वय बनाते हुए अधिक से अधिक लोगो को विद्युत कनेक्शन लेने हेतु प्रेरित करने के लिए कहा है।

# जूता-चप्पल कारोबारी ने किया सुसाइड

एक दिन पहले पैसे को लेकर घर में हुआ था विवाद, दुपट्टे के फंदे से लटका मिला

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** प्रयागराज में बहरिया थाना क्षेत्र में एक कारोबारी ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। पैसे को लेकर सोमवार को परिवार में झगड़ा हुआ था। जिसकी वजह से वह तनाव में था और इसी तनाव में उसने जान दे दी। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने मौके पर छानबीन की, लेकिन कोई सुसाइड नोट नहीं बरामद हुआ। शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है।गंगानगर के बहरिया थाना क्षेत्र के करनाल पुर गांव निवासी जितेंद्र कुमार (28) पुत्र श्यामलाल तीन भाई और एक बहन में छोटा था। उसकी मां लल्ली देवी है। पिता श्यामलाल ने बताया कि वह करनाईपुर कस्बे में जूते चप्पल की दुकान चलाता था। उसी से उसका खर्चा चलता था। सोमवार को घर में पैसे को लेकर कुछ विवाद हो गया था। जिसकी वजह से वह तनाव में था।सोमवार की रात में वह ढंग से खाना भी नहीं खाया और अपने कमरे में सोने चला गया था। उसकी शादी नहीं हुई थी। सुबह जब काफी देर तक वह उठा नहीं तो मां लल्ली देवी उसे जगाने गई। उसके कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। खिड़की से झांक कर देखा तो अंदर छत के हुक में दुपट्टे के फंदे से जितेंद्र फांसी पर लटक रहा था। मां की चीख सुनकर परिवार के लोग दौड़े। उसे फंदे से नीचे उतारा गया। पुलिस को खबर दी गई। पुलिस ने पूरे कमरे की तलाशी ली। उसका मोबाइल अपने कब्जे में ले लिया।लाश को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया।

### कमरे में फांसी के फंदे से लटका मिला प्रतियोगी छात्र

**प्रयागराज।** कर्नलगंज कोतवाली अंतर्गत शादियाबाद मोहल्ले में किराए का कमरा लेकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र सूरज यादव (21) ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह मूल रूप से गाजीपुर के सैदपुर निवासी अवधेश कुमार का बेटा था। प्रयागराज में किराए का कमरा लेकर पढ़ाई कर रहा था। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने कमरे की छानबीन की, लेकिन कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। उसके मित्र जब उसे कमरे पर बुलाने गए तो उसका दरवाजा अंदर से बंद मिला। अन्य लड़कों से पूछताछ के बाद घटना की जानकारी हुई। पुलिस पहुंची और उसको फंदे से नीचे उतारकर पोस्टमार्टम हाउस दिया। उसके घरवालों को भी सूचना भेज दी गई है।

# मेजा में कनेक्शन के बाद भी जलापूर्ति नहीं हुई शुरू

अखंड भारत संदेश

**मेजा में करोड़ों खर्च करने के बाद भी लोगों को नहीं मिल रहा पानी**

**प्रयागराज।** मेजा में सरकार ने करोड़ों रुपये खर्च कर तमाम योजनाओं का निर्माण कराकर भले ही आम जनमानस को खुशी देने की कोशिश की हो, लेकिन स्थानीय अधिकारियों की उदासीनता के चलते सरकार की योजनाएं शोपीस बनकर रह गई हैं। अधिकारियों ने लोगों की खुशी भी छीन ली है।मांडा ब्लॉक के दिघिया गांव में करोड़ों रुपये की लागत से नीर निर्मल परियोजना के तहत वर्षों पूर्व करोडों की लागत से जलनिगम टंकी का निर्माण कार्य कराया। निर्माण के बाद आसपास के लोगों के कनेक्शन कर दिए गए। जबकि पाइप लाइन आज भी अधर में लटकी हुई है। वहीं लोगों में जलापूर्ति को लेकर बेहद खुशी थी। लेकिन टंकी, अधिकारियों की उदासीनता की भेंट चढ़ गई। कनेक्शन किए जाने के वर्ष भर बाद भी जलापूर्ति शुरू नहीं कराई जा सकी है। लोग पानी की आपूर्ति को लेकर उम्मीद लगाए बैठे हैं। लेकिन जिम्मेदार सुध लेना ही भूल गए हैं।गांव के विजयानंद मिश्र, गुलाब मिश्र व अधिवक्ता अमितेश मिश्र ने बताया कि अधिकारियों की घोर लापरवाही से पाइप लाइन समेत बिजली का कार्य आज भी अधर में लटका हुआ है। अधिवक्ता ने बताया कि विभागीय कर्मचारियों द्वारा बिजली के तैयार किए गए स्टीमेट मैप के विपरीत कार्य किया जा रहा था। जिसे रोक दिया गया है। उन्होंने कहा कि टंकी के शोपीस बने होने के जिम्मेदार केवल सम्बंधित अधिकारी हैं। वहीं जलापूर्ति शुरू ना होने को लेकर क्षेत्रीय उपभोक्ताओं में गुस्सा है। मामले में अवर अभियंता महेंद्र प्रताप से बात करने की कोशिश की गई, लेकिन उनका फोन नहीं उठा।

# अतीक और अशरफ की हत्या वाली रात को क्या हुआ था... एसआईटी ने मीडिया कर्मियों से पूछे सवाल

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।**अतीक-अशरफ हत्याकांड की विवेचना कर रहे विशेष जांच दल (एसआईटी) ने सोमवार को दिल्ली से आए मीडियाकर्मियों समेत नौ लोगों का बयान दर्ज किया। इनमें पांच चिकित्सीय स्टाफ भी शामिल रहा। इन सभी से पूछा कि घटना के दौरान कब, क्या और कैसे हुआ। उनसे एक-एक बिंदु की जानकारी ली। करीब 1.30 घंटे तक उनसे पूछताछ की गई। बयान दर्ज करने की कार्रवाई लगभग पूरी हो चुकी है और अब आगे की कार्रवाई के लिए एसआईटी को बैलिस्टिक व फोरेंसिक रिपोर्ट का इंतजार है। अतीक-अशरफ हत्याकांड के समय मौके पर स्थानीय के साथ ही बाहर से आए मीडियाकर्मी भी मौजूद थे। वह घटना के प्रत्यक्षदर्शी भी हैं और घटना के दौरान बाल-बाल बचे थे। इनमें से स्थानीय मीडियाकर्मियों का बयान पहले ही हो चुका था। जबकि सोमवार को दिल्ली, लखनऊ के चार मीडियाकर्मी बयान दर्ज कराने के लिए एसआईटी अफसरों के सामने उपस्थित हुए। इस दौरान अफसरों ने उनसे विस्तृत पूछताछ की। एक-एक बिंदु के संबंध में जानकारी मांगी जो घटना से संबंधित थी और उन्होंने उसे अपनी आंखों से देखा था। इनके बयान को कलमबद्ध किया गया और फिर वीडियो फुटेज से दी गई जानकारी की तस्दीक भी की गई। इसके अलावा जिन पांच चिकित्सीय स्टाफ से पूछताछ की गई, उनमें दो सफाईकर्मी, एक शव वाहन चालक, एक कंप्यूटर ऑपरेटर व एक वार्ड ब्वॉय शामिल रहे।

### लगभग 60 लोगों के दर्ज हुए बयान

गौरतलब है कि इससे पहले वारदात के दौरानअतीक-अशरफ की सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों और कॉल्विन अस्पताल के डॉक्टरों समेत अन्य स्टाफ का बयान दर्ज किया जा चुका है। सूत्रों का कहना है कि एसआईटी वारदात के संबंध में लगभग 60 लोगों का बयान दर्ज कर चुकी है और उसकी यह कार्रवाई लगभग पूरी हो गई है।अब आगे की कार्रवाई के लिए उसे मौके से बरामद असलहों की बैलिस्टिक रिपोर्ट व फोरेंसिक रिपोर्ट का इंतजार है। रिपोर्ट मिलने के बाद शूटरों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल करने के संबंध में कार्रवाई की जाएगी।तीन सदस्यीय एसआईटी कर रही विवेचना अतीक अशरफ हत्याकांड की विवेचना के लिए 16 अप्रैल को तीन सदस्यीय एसआईटी का गठन किया गया था। अपर पुलिस उपायुक्त अपराध सतीश चंद्र की अध्यक्षता में गठित कमेटी में सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली सत्येंद्र प्रसाद तिवारी व इंस्पेक्टर ओमप्रकाश को शामिल किया गया है। लगभग एक महीने में एसआईटी घटना से संबंधित ज्यादातर लोगों के बयान दर्ज करने के साथ ही पुलिस कस्टडी रिमांड पर लेकर तीनों शूटरों से पूछताछ, सीन रीक्रिएशन समेत अन्य कार्रवाई कर चुकी है। जबकि आगे की कार्रवाई के लिए बैलिस्टिक व फोरेंसिक जांच रिपोर्टों का इंतजार कर रही है।



शताब्दी एक्सप्रेस से होगी शुरुआत

# विमानों की तर्ज पर यात्री सीट से दोहरी कमाई करेगा रेलवे

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** आम के आम और गुठलियों के भी दाम, आपने यह कहावत जरूर सुनी होगी। रेलवे भी इस कहावत को चरितार्थ करने जा रहा है। रेलवे यात्री से सीट का तो किराया वसूलेगा ही लेकिन, सीट पर अब वाणिज्यिक विज्ञापन लगाकर दोहरी कमाई करेगा।प्रारंभिक चरण में या व्यवस्था चेयर कार वाली ट्रेन में लागू होगी। उत्तर मध्य रेलवे इस व्यवस्था को लागू करने के लिए पहल कर रहा है। इसमें पहली ट्रेन कानपुर दिल्ली शताब्दी एक्सप्रेस होगी जिसमें यात्रियों की सीट पर वाणिज्यिक विज्ञापन लगेंगे और रेलवे दोहरी कमाई शुरू करेगा। ?यानी चेयरकार वाली ट्रेनों में सीटें जल्द ही बदली बदली नजर आएंगी। यह सीटें विमानों की तरह दिखेंगी। यहां सीटों पर विज्ञापन विमानों की तर्ज पर किया जाएगा। इससे यात्रियों को विमान के अंदर पहुंचने जैसा एहसास तो होगा ही रेलवे की कमाई भी बढ़ जाएगी। अभी विमानों के अंदर यात्री की सीट पर जहां पर वह अपना सिर टिकाते हैं हैं वहां पर वाणिज्यिक विज्ञापन लगे होते हैं। यह विज्ञापन सर रखने के हिस्से में और पीछे वाले हिस्से दोनों तरफ दिखाई पड़ते हैं। इससे विज्ञापनदाता का प्रचार प्रसार होता है।विमानों में चल रही इसी व्यवस्था को रेलवे अपनी ट्रेनों में उतारने की पहल कर रहा है। शताब्दी एक्सप्रेस के बाद वंदे भारत ने भी इस तरह के प्रयोग होंगे। शताब्दी एक्सप्रेस में विज्ञापन लगाने के बाद उसका प्रभाव और यात्रियों की प्रक्रिया भी ली जाएगी उसके बाद ही वंदे भारत में इसका ट्रायल होगा। पहले चरण में इसे ट्रायल के रूप में शताब्दी ट्रेन से शुरूआत की जाएगी और इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। उत्तर मध्य रेलवे से इसकी शुरूआत की जा रही है। कानपुर से दिल्ली के बीच चलने वाली शताब्दी एक्सप्रेस में विमान के सीट जैसा विज्ञापन लगाने की लिए टेंडर जारी होगा।इस समय रेलवे स्टेशनों को एयरपोर्ट की तरह अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस करने के लिए स्टेशन पुनर्विकास की तैयारी चल रही है। ट्रेनों को विमान की तरह सुविधाजनक और आधुनिक बनाने के लिए रेलवे नया खाका तैयार कर रही है। उसी क्रम में वाणिज्यिक लाभ और यात्रियों को ट्रेन के अंदर विमान जैसा बदलाव का एहसास कराने के लिए यह पहल की जा रही हैउत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल के पीआरओ अमित सिंह बताते हैं कि शताब्दी एक्सप्रेस का संचालन मंडल से हो रहा है। हम इसमें ही सीट पर वाणिज्यिक विज्ञापन से शुरूआत करने के लिए तैयारी कर रहे हैं।

# अब 20 मई तक जमा होंगे पीजीएटी के आवेदन

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए स्नातकोत्तर प्रवेश परीक्षा (PGAT) के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। अब 20 मई तक आवेदन पत्र और आवेदन शुल्क जमा किया जा सकेगा। प्रवेश परीक्षा 2 जून से 5 जून के बीच दो पालियों में होगी। प्रवेश परीक्षा ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों मोड में आयोजित की जाएगी।

**17 मई से 20 मई के बीच कर सकेंगे करेक्शन :** इलाहाबाद विश्वविद्यालय की जनसंपर्क अधिकारी प्रोफेसर जया कपूर ने बताया कि छात्रों के हित को देखते हुए कुलपति प्रो. संगीता श्रीवास्तव ने आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि को 20 मई कर दिया है। जिन उम्मीदवारों ने अपनी पंजीकरण प्रक्रिया पूरी कर ली है और अपना शुल्क जमा कर दिया है, उनके लिए करेक्शन विंडो 17 मई से 20 मई के बीच संचालित होगी। कैटेगरी, ईमेल आईडी, मोबाइल नंबर, टाइप ऑफ डिसएबिलिटी व कोर्स अप्लाइड में कोई करेक्शन नहीं किया जा सकेगा।

**एयू की स्नातकोत्तर प्रवेश परीक्षा 2 जून से 5 जून तक, दो पालियों में होगा एंट्रेंस टेस्ट**



**पहले दिन एलएलएम और एलएलबी ऑनर्स की प्रवेश परीक्षा :** प्रो. जया कपूर ने बताया कि प्रवेश परीक्षा दो जून से पांच जून के बीच दो पालियों में होगी। प्रवेश परीक्षा ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों मोड में होगी। प्रथम पाली का समय सुबह साढ़े नौ बजे से साढ़े 11 बजे का रखा गया है। दूसरी पाली की परीक्षा अपराह्न दो बजे से 4 बजे के बीच होगी। पहले दिन पहली पाली में 2 जून को एलएलएम और एलएलबी ऑनर्स की प्रवेश परीक्षा होगी। दूसरी पाली में एमकॉम की प्रवेश परीक्षा होगी। 3 जून को प्रथम पाली में पीजीएटी वन की प्रवेश परीक्षा होगी। 4 जून को प्रथम पाली और दूसरी पाली में आईपीएस और पीजीएटी सेकेंड का एंट्रेंस होगा। पांच जून को प्रथम और दूसरी पाली में पीजीएटी सेकेंड की प्रवेश परीक्षा होगी।

# शाइस्ता, गुड्डू और साबिर के खिलाफ लुकआउट नोटिस

अखंड भारत संदेश

**81 दिन से तीनों फरार, 8 राज्यों में छापेमारी; अब विदेश भागने की आशंका**

**प्रयागराज।** उमेश पाल हत्याकांड में वांटेड अतीक की पत्नी शाइस्ता परवीन, बमबाज गुड्डू मुस्लिम और शूटर साबिर के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया गया है। ये तीनों उमेश पाल की हत्या के बाद से यानी 81 दिन से फरार हैं। वढ पुलिस, रळऋकी टीम इन तीनों की तलाश में महाराष्ट्र, ओडिशा, बिहार, राजस्थान समेत 8 राज्यों में अब तक छापेमारी कर चुकी है।शाइस्ता पर 50 हजार और गुड्डू मुस्लिम और साबिर पर 5-5 लाख का इनाम है। शाइस्ता पर हत्या की साजिश रचने और गुड्डू मुस्लिम और साबिर पर हत्या करने का आरोप है। गुड्डू मुस्लिम और साबिर हत्याकांड से जुड़े सीसीटीवी में भी नजर आए थे।प्रयागराज पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा ने बताया शाइस्ता और दोनों शूटर्स के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया गया है। आशंका है कि ये विदेश भाग सकते हैं। दूसरे देशों की जांच एजेंसियों की मदद से भी इनकी तलाश का प्रयास किया जाएगा।पुलिस सूत्रों ने बताया कि खुफिया एजेंसी की रिपोर्ट मिलने के बाद लुकआउट नोटिस जारी की गई है। इन तीनों के श्रीलंका, नेपाल, बांग्लादेश, अफगानिस्तान, भूटान जैसे देश भागने की आशंका है। नोटिस जारी होने के बाद देश के सभी एयरपोर्ट पर निगरानी बढ़ा दी है। फिलहाल, यह विदेश भाग गए हैं या भागने की कोशिश में हैं? इसको लेकर कोई इनपुट पुलिस के पास नहीं है।

## भागवत कथा सुनने से मन की दूर होती हैं तमाम व्यथाएं

**लालगंज, प्रतापगढ़।** उदयपुर के राजापुर बाजार में चल रही सामूहिक श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में श्रद्धालुओं की भीड़ जुट रही है। कथा व्यास आचार्य संतोष ने कथा प्रसंग में कहा कि श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण से मनुष्य को सदमार्ग मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलती है। प्रत्येक मनुष्य को समय निकाल कर भागवत कथा का श्रवण अवश्य करना चाहिए। आचार्य ने कहा कि भागवत कथा सुनने से मन की तमाम व्यथा दूर हो सकती है। कथा के बीच बीच में राधा कृष्ण संकीर्तन से समूचा पंडाल और भक्तिमय हो उठा दिखा। आयोजक मंडल की निर्मला केसरवानी, पंकज केसरवानी ने व्यासपीठ का श्रीअभिषेक किया। इस मौके पर अर्चना केसरवानी, नीरज केसरवानी एवं व्यापारमंडल अध्यक्ष रामचंद्र जायसवाल, त्रिवेणी प्रसाद मिश्र, श्याम लाल यादव आदि ने कथा श्रवण किया।

# अट्ठारह वर्षों से अपराजेय राजेश पांडे चौथी बार चुने गए शिक्षक संघ के अध्यक्ष

### विकास को पैतीस मतों से हराया, बृजेन्द्र बने महामंत्री

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** प्राथमिक शिक्षक संघ के चुनाव में विकास पांडेय को हराकर लगातार चौथी बार राजेश पांडे ने अध्यक्ष पद पर कब्जा जमाया है। चौथी बार अध्यक्ष चुने गए राजेश पांडेय बीते अठारह वर्षों से शिक्षक संघ का चुनाव लगतार जीतते आ रहे हैं। यह उनका अध्यक्ष पद पर जीता गया चौथा चुनाव था, जिसमें उन्होंने राज पांडे को धूल चटा दी।

रामपुर संग्रामपुर विकासखंड के बीआरसी केंद्र काशीपुर पर मंगलवार की शाम प्राथमिक शिक्षक संघ का चुनाव हुआ। चुनाव में पंजीकृत तीन सौ पैतालिस में से तीन सौ तिरालिस शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। शाम छह बजे संपन्न हुई मतगणना में निवर्तमान अध्यक्ष राजेश पांडेय ने प्रतिद्वंद्वी विकास पांडेय को पैतीस मतों से हरा दिया। राजेश को एक सौ चैरासी मत मिले, जबकि मुख्य प्रतिद्वंद्वी विकास को एक सौ उन्चास मत हासिल हुए। अध्यक्ष पद के तीसरे प्रत्याशी शिवबालक कोरी को सिर्फ नौ वोट मिले। एक मत अवैध घोषित किया गया। वहीं महामंत्री पद पर दो सौ छब्बीस वोट लेकर बृजेन्द्र पांडेय ने सीधे मुकाबले में एक सौ नौ मत पाने वाले हरकेश कुमार को हराया। आठ मत अवैध घोषित किया गया। कोषाध्यक्ष पद पर एकतरफा मुकाबला देखने को मिला। इसमें दो सौ तिरालिस वोट हासिल करने वाले दुर्गेश पांडेय ने पन्चान्वें मत हासिल करने वाले अशोक कुमार को हराया। पांच मत अवैध घोषित किया गया। अध्यक्ष पद पर इससे पहले हुए वर्ष 2001, 2006 व 2013 में हुए चुनाव में भी राजेश पांडेय ही अध्यक्ष चुने गए थे। चुनाव परिणामों की घोषणा होते ही समर्थकों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को फूल मालाओं से लाद दिया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजेश पांडेय ने कहा कि शिक्षक हितों के लिए वह वर्तमान कार्यकारिणी के साथ पूरी इमानदारी से संघर्ष करेंगे। उन्होंने शिक्षकों से शांतिपूर्ण चुनाव में सहयोग के लिए आभार भी जताया।


रामपुर संग्रामगढ़ बीआरसी केंद्र पर जीत के बाद नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजेश पांडेय।

## नौ केंद्रों पर दो पाली में होंगी मदरसा बोर्ड की परीक्षाएं , तैयारी पूरी, आज से होगी परीक्षाएं

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** मदरसा बोर्ड परीक्षा के लिए सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। बुधवार से परीक्षा दो पालियों में होगी। परीक्षा को नकल विहीन संपन्न कराने के लिए जनपद स्तरीय अधिकारियों के नेतृत्व में चार सचल दल गठित किए गए हैं। सभी केंद्रों पर स्टैटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है।

मदरसा बोर्ड के रजिस्ट्रार जगमोहन सिंह ने दो सप्ताह पहले परीक्षा कार्यक्रम जारी किया था। मौलवी, मुंशी, आलिम, कामिल एवं फाजिल की परीक्षाएं दो पाली में होंगी। मौलवी मुंशी की परीक्षाएं प्रथम पाली सुबह आठ से 11 बजे तक और आलिम, कामिल व फाजिल की परीक्षाएं दूसरी पाली दो से शाम पांच बजे तक होंगी। परीक्षा में 2473 छात्र-छात्राएं शामिल होंगे। 24 मई तक होने वाली परीक्षा में जनपद में नौ परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इनमें रूआबुन्निशा अल्पसंख्यक बालिका विद्यालय सगरा सुंदरपुर, एमएच इंटर कालेज बरई कुंडा, मदरसा मौलाना आजाद ए उलूम शर्किया भंगवाचुंगी, मदरसा मुहययुल इस्लाम हायर सेकेंडरी स्कूल अलीमनगर सराय मकई, इस्लामिया इंटर कालेज रामपुर बजहा, मदरसा अरबिया काफियतुल उलूम प्रतापगढ़ सिटी, मदरसा अल फारुक दरगाह जगदीशपुर किठौली रानीगंज, मदरसा गुलिस्तां निश्वां मिजार्पुर चैहारी, अलअमीन पब्लिक स्कूल रेहुआ लालगंज है। डीआइओएस, बीएसए, जिला समाज कल्याण अधिकारी व अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी के नेतृत्व में गठित सचल दल में पांच-पांच सदस्य होंगे। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सच्चिदानंद तिवारी ने बताया कि सभी केंद्रों पर स्टैटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। उनकी निगरानी में परीक्षा होगी। केंद्र व्यवस्थापकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं।

### एसपी ने उप निरीक्षकों का किया स्थानांतरण

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल द्वारा निरीक्षक/उ0नि0 ना0पु0 का स्थानान्तरण तात्कालिक प्रभाव से किया है जिसमें निरीक्षक अवन कुमार दीक्षित क्राइम ब्रांच से थाना अंतू, उ0नि0 मुसाफिर यादव थाना जेठवारा से पुलिस लाइन व उ0नि0 संतोष कुमार यादव थाना उदयपुर से थाना जेठवारा भेजा गया है।

# जंगली जानवर के हमले से महिला समेत पांच जख्मी

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** क्षेत्र के दुगार्देई गांव में जंगली जानवर के हमले में महिला समेत पांच लोग घायल हो गए घटना मंगलवार की भोर की बताई जा रही है। थाना कंधई क्षेत्र के गांव दुगार्देई निवासी विजय बहादुर वर्मा पुत्र नन्हकू राम वर्मा का आरोप है कि मंगलवार की भोर उनके परिवारीजन घर के भीतर सो रहे थे गर्मी के चलते घर का दरवाजा खुला था इस दौरान एक जंगली जानवर घर के भीतर घुस गया इस दौरान घर के भीतर सो रहे राजेश पुत्र ननकूराम, शांति पत्नी हरिलाल, जड़ावती पत्नी विजय बहादुर, अमित पुत्र विजय बहादुर को काट कर घायल कर दिया। इस दौरान शोर-शराबे पर विजय बहादुर की बहन मौके पर पहुंची तो उस पर भी जंगली जानवर ने हमला बोल दिया और उसे भी काट कर घायल कर दिया वही विजय बहादुर की भांजी वंदना पुत्री हरिलाल को भी जंगली जंतु ने अपना शिकार बना लिया जिससे महिला समेत कुल पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायल अपने निजी वाहन से सीएचसी पट्टी पहुंचे जहां पर घायलों का उपचार चल रहा है।


जंगली जानवर के हमले से घायल युवक।

### ट्रैक्टर चालक के खिलाफ दर्ज हुआ गैरइरादतन हत्या का मुकदमा

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने वृद्ध की मौत पर ट्रैक्टर चालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया। लालगंज कोतवाली के मकदुमपुर अगई निवासी रामदेव विश्वकर्मा (65) बीती सोमवार को दोपहर करीब बारह बजे साइकिल से कहीं जा रहा था। अगई ग्रामसभा के ही बिहारी का पुरवा के रास्ते पर ट्रैक्टर की चपेट में आने से रामदेव की मौत हो गई। घटना को लेकर मृतक के पुत्र ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ तहरीर दी। रानीगंज कैथौला चैकी इंचार्ज निकेत भारद्वाज का कहना है कि मृतक के पुत्र रतीपाल विश्वकर्मा की तहरीर के आधार पर ट्रैक्टर चालक पूरे अहिरन अगई निवासी राधे यादव के खिलाफ पुलिस ने गैरइरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया है।

# बेजुबानों की कैसे बुझेगी प्यास जब जिम्मेदार ही बने लापरवाह

### वर्षों से सूखा पड़ा है ब्लॉक परिसर का मॉडल तालाब

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** आखिर इस भीषण गर्मी में बेजुबानों की प्यास कैसे बुझेगी? जब जिम्मेदार ही लापरवाह बने हुए है। ब्लॉक परिसर स्थिति मॉडल तालाब खुद ही पानी की आस में प्यासा दिखाई दे रहा है। स्थानीय ब्लॉक परिसर के साथ ही गावो में बने तालाबों में पानी भरवाने का अधिकारियो ने फरमान सुना रखा है, लेकिन इसका असर जब स्थानीय ब्लॉक परिसर में ही नही दिख रहा है तो गावों के तालाबों की क्या दशा होगी? इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है।

ब्लॉक परिसर में बना मॉडल तालाब पिछले वर्ष से ही बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहा है। सौंदरीकरण के चक्कर में न तो अब तक विकास कार्य को पूर्ण किया जा सका है और न ही पानी भरवाया गया। इस हाल में पशु-पक्षी अपनी प्यास को बुझाने के लिए दर-दर भटक रहे है। वहीं जिम्मेदार भी शासन व प्रशासन के आदेशों को अनदेखा कर बैठे है। ब्लॉक में पड़े आधे-अधूरे कार्यों की वजह से दूर-दराज से आने-जाने वाले लोगों को मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं जिम्मेदार लोग मौन साधे हुए है। इस सम्बन्ध में खण्ड विकास का प्रभार देख रहे एसडीएम तनवीर अहमद से बात करने का प्रयास किया गया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला।


ब्लाक परिसर में सूखा पड़ा मॉडल तालाब।

### ब्लॉक परिसर में ही कार्यों की अनदेखी

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय ब्लॉक परिसर में ही विकास कार्यों की अनदेखी है तो गावों में कितना ठीक- ठाक होगा यह तो साहब ही जाने।परिसर स्थिति एक वर्ष से निमार्णाधीन सामुदायिक शौचालय अभी तक अधूरा पड़ा हुआ है,वही पूर्व प्रमुख के द्वारा लगवाया गया वॉटर एटीएम गर्मियों के दिनों में शीतल जल से लोगो की प्यास को बुझाता था, लेकिन अब वह भी खराब पड़ा हुआ है। जब मुख्यालय का यह हाल है तो ग्रामीण क्षेत्रों की स्थिति की क्या दशा होगी इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है।

# शहर के कई वार्डों में हुआ एंटी लार्वा का छिड़काव

### नाले-नालियों की सफाई में युद्ध स्तर पर जुटी नगर पालिका

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** डेंगू दिवस के उपलक्ष्य में आज मंगलवार को शहर के सगरा, अष्टभुजा नगर, मीरा भवन, करनपुर में एंटी लार्वा का छिड़काव किया गया। यह जानकारी देते हुए नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि एंटी लार्वा का छिड़काव अलग-अलग वार्डों में भी किया जाएगा।

इसके अलावा बारिष होने से पूर्व शहर के सभी नाले-नालियों की सफाई का कार्य तेजी से किया जा रहा है। आज मंगलवार को एक नाला क्लीनिंग मषीन सौ बेड के महिला अस्पताल के सामने नाले पर लगाई गई थी। जबकि दूसरी नाला क्लीनिंग मषीन से कृषि फार्म से मुर्गी फार्म होते हुए अष्टभुजा नगर व सईया बांध नाले तक सफाई की गई। शहर के जोगापुर कांषीराम कालोनी में विगत दो सप्ताह से सफाई कर्मी नाले-नालियों की सफाई व कूड़ा निकालने में जुटे हैं। सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि वहां से 15 ट्रैक्टर कूड़ा प्रतिदिन निकल रहा है। उन्होंने कहा कि सफाई का कार्य नगर पालिका युद्ध स्तर पर कर रही है जिससे वर्षा होने पर कहीं जलजमाव न हो और बहाव के साथ पानी निकल जाए।


नालियों में दवा का छिड़काव करते सफाई कर्मी।

# 180 किलोग्राम प्रतिबंधित गोमांस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार, तीन लोहे का चापड़, चाकू, तराजू बरामद

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में जनपद के थाना कन्धई से उ0नि0 रमेश कुमार सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी/चेकिंग कर रहे थे।

इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र कन्धई के ग्राम मीरनपुर प्रा0 स्कूल के सामने ग्राउण्ड के आगे जंगल से एक व्यक्ति को 180 किलोग्राम प्रतिबंधित गोमांस व एक ठीहा, तीन लोहे का चापड़, चार लोहे का चाकू, दो रेती, दो बांधने का पगहा, एक तराजू, एक बाट एक किलोग्राम, एक टार्च, दो झोला, तीन जोडी चप्पल व काफी मात्रा में प्लास्टिक की पन्नी के साथ गिरफ्तार किया गया व भौगोलिक स्थिति का फायदा उठाकर मौके से तीन व्यक्ति फरार हो गये जिनकी पहचान कर ली गयी है, उनकी गिरफ्तारी शीघ्र ही सुनिश्चित की जायेगी। पूछतांछ मे गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा बताया गया कि हम लोग गोवंश इकट्ठा करके इनका वध करके मीट बनाकर बेचते हैं और अपना जीवन यापन करते है। इस संबंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 156/2023 धारा 3/5/8 गोवध निवारण अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण नफीस पुत्र नसीम नि0 पडरी जबर थाना कन्धई जनपद प्रतापगढ़ का निवासी है।

## अवैध तमन्चा व चोरी के तीन मोबाइल के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिले के थाना अन्तू से उ0नि0 शुभनाथ साहनी मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग/तलाश वांछित वारण्टी के दौरान मुखबिर की सूचना पर पंजीकृत मु0अ0स0 183/23 धारा 380 भादवि से सम्बन्धित अभियुक्त नवीन वर्मा पुत्र द्वारिका प्रसाद शर्मा नि0 ग्राम पश्चिम थाना अन्तू जनपद प्रतापगढ़ को एक अवैध देसी तमन्चा 315 बोर व दो जिन्दा कारतूस 315 बोर व चोरी के तीन मोबाइल फोन के साथ थाना क्षेत्र पुलिस बूथ किठावर बाजार के पास से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया कि मैं अपनी सुरक्षा में यह तमन्चा रखता हूँ।

उक्त बरामदगी के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 185/2023 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया है। उधर जनपद के थाना मानिकपुर से उ0नि0 श्री रोहित सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थानाक्षेत्र मानिकपुर के सहली चैराहा नहर पुलिया के पास से एक व्यक्ति रामचंदर बिन्द पुत्र हरि मोहन बिन्द नि0 तिलंगा जक्खिनी थाना रोहनिया जनपद वाराणसी को एक अदद अवैध तमन्चा 12 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 117/2023 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया है।

## दहेज हत्या के अभियोग में वांछित अभियुक्ता गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में जनपद के थाना अन्तू के उ0नि0 शुभनाथ साहनी मय हमराह म0का0 सुमन मौर्या द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान थाना अन्तू के मु0अ0सं0 190/22 धारा 498ए, 304बी,323,504 भादवि व 3/4 डीपी एक्ट में वांछित अभियुक्ता मनोरमा पत्नी स्व0 राममनोहर निवासी ग्राम मकईपुर थाना लीलापुर जनपद प्रतापगढ़ को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया गया।

### दुष्कर्म के अभियोग में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में जिले के थाना पट्टी के उ0नि0 गुलाब सिंह मय हमराह द्वारादेखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वांरण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 131/2023 धारा 376,506 भादवि से संबंधित वांछित अभियुक्त अखिलेश मौर्या पुत्र रामकेवल मौर्या निवासी ग्राम कुकुवार थाना पट्टी जनपद प्रतापगढ़ को थाना क्षेत्र पट्टी के मगरौरा मार्ग के पास से गिरफ्तार किया गया।

## विद्युत विभाग कैम्प में दो लाख की हुई वसूली


मां भवानी द्वार मिश्रपुर में लगे कैम्प में जुटी भीड़।

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास क्षेत्र कालाकांकर के मां भवानी द्वार मिश्रपुर मे मंगलवार को बिजली विभाग द्वारा कैंप का आयोजन किया गया जिसमे मीटर संबंधित 21 समस्याओं का निराकरण किया गया जिसमे 45 बिजली बिलों का सुधार किया गया और दो लाख ग्यारह हजार रुपए की वसूली की गई इस मौके पर एसडीओ संग्रामगढ़ अनिल यादव,जेई राजेश मौर्य, लाइनमैन अनुप यादव, अवधेश यादव नोडल, नरेन्द्र यादव, राम केवल, सुरेंद्र मिश्र, सुपरवाइजर श्रीधर ओझा आदि लोग मौजूद रहे।

# शौच के लिए युवक पर धारदार हथियार से किया जानलेवा हमला

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के लाला का पुरवा कडरौ गाँव में मंगलवार की सुबह लगभग आठ बजे पहले से घात लगाये दबंगों ने शौच के लिए गये युवक राकेश पटेल (22) वर्षीय को धारदार कुल्हाड़ी व लाठी डंडा से हमला कर मरनासन्न हालत मे छोड़कर भाग गये।

खून से लथपथ राकेश पटेल किसी तरह गिरते पड़ते घर पहुंचा जिसे देख परिजनों मे चीख पुकार मच गई और घायल अवस्था मे खून से लथपथ राकेश को नवाबगंज थाने ले गये जहाँ घायल राकेश पटेल की मां मालती देबी ने दबंगों के खिलाफ घटना की नामजद तहरीर पुलिस को दिया। पुलिस ने घायल राकेश पटेल को उपचार के लिए सी एच सी कालाकांकर भेजा जहा चिकित्सकों ने सिर पर धारदार हथियार के गंभीर घाव होने को बताया। पुलिस ने उक्त आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं मे मुकदमा दर्ज कर जाँच पड़ताल मे जुट गई घटना को लेकर पीड़ित परिजनों मे आक्रोश है।

## तीन के खिलाफ मारपीट, तोड़फोड़ का मुकदमा दर्ज

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** मारपीट व तोड़फोड़ की घटना की लेकर लीलापुर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। लीलापुर थाना क्षेत्र के बोझवा निवासी इसरार के पुत्र मुहम्मद लारेब ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि ग्यारह मई की शाम लगभग सात बजे वह दरवाजे पर बैठा था। इसी बीच गांव के मो. फुरकान, मो. हासिम व मो. सूफियान वहां पहुंचे और गाली देते हुए रंजिश में उसे मारापीटा। आरोपियों ने घर में घुसकर घरेलू सामानों में भी तोड़फोड़ किया। मामले की जांच के बाद पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# दूसरे दिन भी हड़ताल पर रहे अधिवक्ता

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जूनियर बार एसोसिएषन पुरातन सभागार में अधिवक्ताओं की बैठक अध्यक्ष इंदुभाल मिश्र की अध्यक्षता में हुई। बैठक में संतोष नारायण मिश्र महामंत्री के मामले में पूर्व की भांति आज मंगलवार को भी न्यायिक कार्य से विरत रहने से निर्णय लिया गया। बता दें कि जूबाए महामंत्री संतोष नारायण मिश्र के साथ अंतू एसओ द्वारा की गई अभद्रता एवं आरोपी एसओ के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत न होने से क्षुब्ध अधिवक्ता आक्रोषित हैं। अधिवक्ताओं की मांग है कि आरोपी एसओ के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत हो तथा उसका निलंबन किया जाए। बैठक में जूनियर बार के पदाधिकारीगण व अधिक्ता अंजनी सिंह, सुधीर मिश्र, विवेक त्रिपाठी, हरीष शुक्ल, संतोष पाण्डेय, राजीव दुबे, आषीष सिंह आदि लोग मौजूद रहे। इस दौरान प्रस्ताव की प्रति जनपद न्यायाधीष व जिलाधिकारी को प्रेषित की गई।


हड़ताल कर प्रदर्शन करते अधिवक्तागण।

## महिला से छेड़छाड़, दी तहरीर

**लालगंज, प्रतापगढ़।** उदयपुर थाना अंतर्गत गांव की महिला के साथ छेड़छाड़ की घटना को लेकर पीड़िता ने मंगलवार को पुलिस को तहरीर सौंपी है। उदयपुर थाना के पूरे जीवन तिवारी रेहुआ लालगंज गांव निवासी पीड़िता चंद्रवती देवी ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीते सोमवार की रात लगभग दो बजे वह अपने बच्चों के साथ दरवाजे पर सो रही थी। इसी बीच पूरे शुक्लन रेहुआ लालगंज निवासी संतोष पुत्र हरिकिशोर शुक्ल वहां पहुंचा। आरोप है कि वह पीड़िता के साथ जबरन छेड़खानी करने लगा। पीड़ित के शोर मचाने पर वह धमकी देते बाइक से भाग निकला। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

## सिलाई मशीन बनवाने गई युवती गायब

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** सिलाई मशीन बनवाने के लिए घर से निकली युवती घर से गायब हो गई काफी खोजबीन करने के बाद जब उसका कुछ पता नहीं चला तो परिजनों ने आसपुर देवसरा थाने में तहरीर देकर अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराने की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच करते हुए अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। तहसील क्षेत्र के आसपुर देवसरा थाना अंतर्गत मानापुर की रहने वाली एक महिला ने बताया कि उनकी बेटी एक दिन पहले घर से साइकिल लेकर सिलाई मशीन बनवाने की बात कहकर बाजार निकली थी लेकिन वापस नहीं लौटी, अनहोनी की आशंका से परिजन आसपास के नात रिश्तेदारों में खोजबीन किया, लेकिन उसका कुछ नहीं पता चला परेशान होकर परिजनों ने आसपुर देवसरा थाने में युवती की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# 4 दिन से गायब युवक का नाले में उतराता मिला शव

विवाहिता की हत्या के आरोप में जेल के सलाखों में बंद है युवक का भाई



नाले में शव मिलने की जानकारी पर मौके पर लगी ग्रामीणों की भीड़

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के कटरी के नाला में एक युवक का शव उतराता मिला है शव की शिनाख्त दीपक सोनकर उम्र 20 वर्ष पुत्र राम बहोरे निवासी पूरब शरीरा थाना पश्चिम शरीरा के रूप में हुई है युवक के शव मिलने की जानकारी पर इलाके में सनसनी मच गई सूचना पाकर परिजनों समेत तमाम ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंच गए हैं मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है बताया जाता है कि युवक का एक भाई विवाहिता की हत्या के आरोप में जेल के सलाखों में भी बंद है और युवक का दूसरा भाई प्रयागराज में व्यवसाय कर रहा है 13 मई को दीपक सोनकर अपने भाई से मिलकर प्रयागराज से वापस पूरब शरीरा के लिए निकला था लेकिन वह पूरब शरीरा नहीं पहुंच सका उसका मोबाइल स्विच ऑफ हो गया परिजनों ने दीपक की काफी खोजबीन की लेकिन कहीं सुराग नहीं लगा 16 मई को कटरी नाले में शव उतराता हुआ मिला है उसके मोबाइल को सर्विलांस में लगाने के बाद मालूम हुआ कि 13 मई की रात से उसके मोबाइल का अंतिम लोकेशन महेवाघाट बताया जाता है उसके बाद से उसका मोबाइल बंद है इस संबंध में थाना पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मृतक की मौत का रहस्य उजागर होगा।

## खबर संक्षेप

### लापता युवक का नहीं लगा सुराग एसपी से गुहार

**कौशाम्बी।** पइंसा थाना क्षेत्र के उदिहिन खुर्द गांव के लापता युवक को सप्ताह भर बाद भी कहीं सुराग नहीं लग सका। अचानक बेटे के लापता होने के बाद से परिजन अनहोनी की आशंका से भयभीत हैं। आरोप है कि शिकायत पर गुमशुदगी दर्ज कर पुलिस ने मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया है। सोमवार को पीड़ित परिवार ने मामले की शिकायत एसपी से की है। उदिहिन खुर्द निवासी शुभम साहू पुत्र हरिशंकर साहू सप्ताह भर पहले घर से मोबाइल लेकर निकला था। घर के पास वह मोबाइल पर गाना सुन रहा था। इसके बाद वह अचानक लापता हो गया। परिजनों ने खोजबीन शुरू की लेकिन युवक का कहीं पता नहीं चल सका। दो दिन तक तलाश करने के बाद पीड़ित पिता थाने पहुंचा और मामले की शिकायत की। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी तो दर्ज कर ली लेकिन खोजबीन का कोई प्रयास नहीं कर रही है। सोमवार को पीड़ित पिता ने मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक से की है।

## अवैध तरीके से बिक रहे पेट्रोल की दुकान में लगी आग



**नारा कौशाम्बी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के पुलिस चौकी नारा के अन्तर्गत नारा बाजार में अवैध तरीके से पेट्रोल बेच रहे एक दुकान में मंगलवार की शाम लगभग 5:00 बजे अचानक आग लग गई देखते देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया आग लगने से मौके पर अफरा-तफरी मच गई देखते-देखते हजारों का सामान जलकर खाक हो गया है मामले की जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची नारा बाजार में एक दुकान से अवैध तरीके से पेट्रोल बेचने के मामले में चौकी पुलिस के सिपाही की भूमिका सवालों के घेरे में है घटनाक्रम के मुताबिक मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के पुलिस चौकी नारा के अन्तर्गत नारा बाजार के अंदर अखिलेश कुमार सोनकर पिछले कई वर्षों से बेखौफ तरीके से अवैध पेट्रोल की बिक्री करते हैं और इसी पेट्रोल की दुकान में अंडे से आमलेट बना कर वह बेचते हैं मंगलवार की शाम अपनी दुकान में वह अंडा उबालकर आमलेट बना रहे थे इसी बीच के दुकान में बाइक सवार पेट्रोल लेने पहुंचा दुकानदार अखिलेश कुमार उबल रहे अंडे को छोड़कर बाइक सवार को गैलन से पेट्रोल निकाल कर देना शुरू किया उबल रहे अंडे में अचानक आग लग गई और देखते-देखते पेट्रोल के गैलन को भी आग ने अपने आगोश में ले लिया देखते-देखते आग के विकराल रूप से मौके पर अफरा-तफरी मच गई काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका है बताया जाता है कि नारा चौकी का सिपाही इसी दुकान से प्रत्येक दिन पेट्रोल लेने आते हैं चौकी के सिपाहियों को अवैध पेट्रोल बिक्री के बारे में सब कुछ मालूम है लेकिन अवैध तरीके से बिक रहे पेट्रोल पर चौकी पुलिस ने रोक नहीं लगाई है अग्निकांड की घटना में दुकान में रखा बीड़ी गुटखा सिगरेट पान सहित हजारों का सामान जलकर खाक हो गया है यह तो ईश्वर का सयोग था की बहुत बड़ी घटना घटने से बच गई है वरना पेट्रोल में आग लगने के बाद किसी बड़ी अनहोनी से इनकार नहीं किया जा सकता था।


## न्यूज झरोखा

### पाइप लाइन बिछाने के आड़ में मौत का गड्ढा छोड़कर फरार हो रहे हैं जल निगम के ठेकेदार !



**कोखराज कौशाम्बी।** जल जीवन मिशन के तहत ग्राम पंचायतों में पाइप लाइन बिछाए जाने के कार्य में ठेकेदारों की मनमानी पर विभागीय अधिकारी अंकुश नहीं लगा पा रहे हैं जिससे गांव की जनता परेशान हो रही है पाइप लाइन बिछाने के बहाने गड्ढे खोदकर उसे खुला छोड़कर ठेकेदार फरार हो रहे हैं जिससे ग्रामीण से लेकर पशु तक गड्ढे में गिरकर चोटिल हो रहे हैं पाइप लाइन बिछाए जाने में लगे ठेकेदारों की लापरवाही तानाशाही से आम जनता परेशान हो रही है पाइप लाइन के गड्ढे में गिर कर आए दिन ग्रामीण लहूलुहान हो रहे हैं बार-बार शिकायत के बाद भी आला अधिकारी ठेकेदारों पर अंकुश नहीं लगा पा रहे हैं। भारत सरकार द्वारा संचालित जल जीवन मिशन योजना हर घर पानी की सुविधा भले ही लोगों को अभी तक नहीं मिल सकी लेकिन यह योजना ग्रामीणों की जिंदगी में खिलवाड़ बनकर रह गई है जनपद कौशांबी के ककोढा ग्राम पंचायत सहित तमाम ग्राम पंचायतों में जल जीवन मिशन अभियान के तहत पाइप लाइन बिछाने के लिए विभाग के ठेकेदारों द्वारा ग्राम पंचायतों में खुदाई कर पाइप लाइन बिछाई जा रही है लेकिन पाइपलाइन बिछाने के बाद गड्ढों में ठेकेदारों द्वारा मिट्टियां नहीं भरी जा रही हैं पाइप डालकर ठेकेदार और उनके मजदूरों द्वारा गड्ढे ना भरना लोगो पर भारी पड रहा है योजना से जुड़े जिम्मेदार सही तरीके से कार्य नहीं कर रहे है पाइप लाइन डालने के बाद सही तरीके से सड़क नहीं बना रहे है करोड़ों की बनी रोड़ की स्थिति जिम्मेदार अधिकारी देख ले तो जल निगम के ठेकेदारों की कारगुजारी उजागर होगी रात्रि में जब गांव के लोग सोते रहते है तो उस वक्त पटरी नही रोड के किनारे नहीं बल्कि बीच रास्ते में खुदाई करके पूरी सड़क ठेकेदारों ने बर्बाद कर दिया एक तरफ ग्रामीणों के लिए जल निगम के ठेकेदार मुसीबत बन गए है दूसरी तरफ सरकार द्वारा बनाई गई करोड़ों की सड़क को जल निगम के ठेकेदार बर्बाद कर रहे हैं लेकिन उसके बाद भी अधिकारियों ने अभी तक जल निगम के ठेकेदारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कलाकार ठेकेदारों की गिरफ्तारी नहीं कराई है।

### अपर पुलिस अधीक्षक ने साप्ताहिक परेड की ली गई सलामी



**कौशाम्बी।** अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन में मंगलवार की परेड की सलामी ली गयी, तदुपरान्त निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा परेड में उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों के टर्नआउट का अवलोकन किया गया तथा परेड में शामिल समस्त पुलिसकर्मियों को साफ-सुथरी एवं निर्धारित वर्दी धारण करने तथा नियमानुसार टर्नआउट मेंटेन करने हेतु निर्देशित किया गया तत्पश्चात पुलिसकर्मियों में शारीरिक दक्षता विकसित करने हेतु दौड़ लगवाई गयी साथ ही सभी जवानों से शस्त्राभ्यास भी कराया गया पुलिस लाइन स्थित समस्त शाखाओं, क्वार्टर गार्ड, पीआरवी वाहनों, डीसीआरबी कार्यालय, डायल-112 एवं एमटी शाखा, व जिम का निरीक्षण किया गया तथा साफ-सफाई हेतु कड़े निर्देश दिए गए एवं भोजनालय में भोजन की गुणवत्ता को चेक किया गया तथा संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### बाबा खाटू श्याम के संकीर्तन में भजन गायिका जुली सिंह ने बांधा समा,भक्ति रस में डूबे भक्त



**कौशाम्बी।** जिले के भरवारी कस्बे में पानी टंकी परिसर में स्थित राधा कृष्ण मंदिर के मैदान में बाबा खाटू श्याम का एकादशी संकीर्तन महोत्सव धूमधाम से मनाया गया,बाबा खाटू श्याम के इस एकादशी संकीर्तन महोत्सव में भक्तो को भक्ति रस में डुबोने आई भजन गायिका जूली सिंह ने अपने भजनों से समा बांध दिया। भजन गायिका के भजनों से कार्यक्रम में शामिल हुए भक्त भक्ति रस में झूमते नजर आए।भक्तो ने बाबा खाटू श्याम का पूजन किया एवम भजन का आनंद लिया।इस दौरान सुरेश अग्रवाल,रमेश अग्रवाल नमन,सागर,गौरव केसरवानी उर्फ मोनू ,भीम चंद्र सहित सैकड़ों खाटू श्याम भक्त मौजूद रहे।

### चोरी की दो अदद मोटरसाइकिल के साथ अभियुक्त गिरफ्तार




**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम मे थाना महेवाघाट पुलिस फोर्स द्वारा मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त अनिल यादव पुत्र अवधेश कुमार निवासी खूजा थाना मोहब्बतपुर पइन्सा को धाता मोड़ के पास से चोरी की दो अदद मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार कर जिसमे से एक मोटरसाइकिल अपाचे रंग सफेद थाना चरवा से व एक अदद मोटर साइकिल टीवीएस स्टार (ढइ 10 इव 4348) रंग काला बरामद कर गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पक्षात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है

# कौशांबी प्रेसीडेंसी स्कूल एंड कॉलेज में समर कैंप का हुआ भव्य उद्घाटन समारोह

अखंड भारत संदेश



कौशाम्बी। भरवारी स्थित रिद्धि सिद्धि ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन के कॉलेज गायत्री मेमोरियल कौशांबी प्रेसीडेंसी स्कूल, एन डी कन्वेंट स्कूल एंड कॉलेज एवं कौशांबी प्रेसीडेंसी स्कूल भीटी में 16 मई 2023 को समर कैंप का भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित हुआ जिस के मुख्य अतिथि संस्थान के चेयरमैन निवर्तमान विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता रहे उन्होंने फीता काटकर इस भव्य कार्यक्रम का उद्घाटन किया मां सरस्वती की प्रतिमा में माल्यार्पण करके कार्यक्रम की घोषणा किया इस मौके पर संस्थान के उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं में गजब का उत्साह देखने को मिल रहा था सभी बच्चे बहुत ही उत्साहित और जोश से परिपूर्ण दिखे इस समर कैंप में इंडोर गेम्स में टेबल टेनिस, लूडो ,चेस ,हैंगिंग स्प्लिट ,कैरम बोर्ड ,जिम्नास्टिक ,बैडमिंटन हैंडल ,डांसिंग, इंस्ट्रुमेंटल सिंगिंग ,म्यूजिक, के साथ-साथ आउटडोर गेम्स स्विमिंग ,फुटबॉल, वॉलीबॉल आदि नाना प्रकार के गेम्स को शामिल किया गया है संस्थान के चेयरमैन निवर्तमान विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता ने बताया कि इस प्रकार के कैंप के आयोजन से बच्चों के अंदर आत्मविश्वास जागृत होता है कहा जाता है कि एक स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है हमारा उद्देश्य है कि छात्र-छात्राओं के अंदर स्वस्थ शैक्षणिक प्रतिस्पर्धा के साथ ही साथ इनका स्वास्थ्य भी ठीक रहे इसीलिए हमारी संस्था इस प्रकार के आयोजन समय-समय पर करती रहती है यह समर कैंप 10 दिवसीय होगा जिस के समापन समारोह में बच्चों ने 10 दिन में जो भी एक्टिविटी किया है उसका प्रदर्शन शानदार तरीके से आपके समक्ष प्रस्तुत होगा संस्थान की डायरेक्टर श्रीमती सीमा पवार ने समर कैंप में होने वाले समस्त इवेंट के बारे में जानकारी दिया और इस आयोजन में प्रतिभाग करने वाले समस्त छात्र-छात्राओं को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित किया इस अवसर पर एनडी कान्वेंट स्कूल एन. डी कॉन्वेंट स्कूल एंड कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉक्टर मयंक मिश्रा केपीएस भीटी प्रिंसिपल सुशील त्रिपाठी केपीएस भरवारी उप प्रिंसिपल श्री प्रकाश एवं समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

### दुष्कर्म का वांछित अभियुक्त किया गया गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना करारी पुलिस बल द्वारा पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित वाछित अभियुक्त ओम प्रकाश पुत्र इन्द्रराज लोध निवासी कबरहा थाना करारी को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है

### वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

कौशाम्बी थाना चरवा पुलिस बल द्वारा वारंटी अभियुक्त शैलेन्द्र कुमार पुत्र बुधराम निवासी चौराडीह थाना चरवा को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### शराब के साथ अभियुक्त किया गया गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना मोहब्बतपर पइन्सा पुलिस द्वारा अभियुक्त मूलचन्द्र रैदास पुत्र पंचम निवासी फत्तू का पुरवा मजरा अनेठा थाना मोहब्बतपुर पइन्सा को 15 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है

## टॉस्क फोर्स द्वारा बालू खनन परिवहन पर की जा रही है अनवरत प्रवर्तन की कार्यवाही

01 अक्टूबर 2022 से 15 मई, 2023 तक की अवधि में जिलाधिकारी द्वारा कुल 4.79 करोड़ अर्थदण्ड आरोपित किया गया

01 अक्टूबर 2022 से 15 मई, 2023 तक बालू मोरंग के अवैध परिवहन ओवरलोडिंग में संलिप्त पाये गये कुल 1640 वाहनों के स्वामियों के विरुद्ध ई-चालान ई - नोटिस निर्गत कर 293.38 लाख रुपए शमन शुल्क एवं अर्थदंड कराया जा चुका है जमा

**कौशाम्बी** बालू मोरंग के अवैध खनन परिवहन एवं ओवरलोडिंग पर प्रभावी नियन्त्रण स्थापित करने के लिए जिलाधिकारी पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद स्तर पर गठित टॉस्क फोर्स द्वारा अनवरत प्रवर्तन कार्यवाही की जा रही है। इसके साथ ही शासन एवं खनन निदेशालय से प्राप्त निदेर्शों के क्रम में अवैध खनन प्रकाश में आने पर त्वरित कार्यवाही की जा रही है। जनपद में स्वीकृत खनन पट्टा क्षेत्रों में अवैध खनन की सूचना एवं विभिन्न माध्यमों से प्राप्त शिकायत का संज्ञान लेते हुए टॉस्क फोर्स द्वारा समय-समय पर आकस्मिक जाँच निरीक्षणोपरान्त 01 अक्टूबर 2022 से 15 मई, 2023 तक की अवधि में जिलाधिकारी द्वारा कुल 4.79 करोड़ अर्थदण्ड आरोपित किया गया है। अवैध परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण हेतु कौशाम्बी जनपद स्तर पर गठित टॉस्क फोर्स के अतिरिक्त उपखनिज के परिवहन करने वाले 02 मुख्य मार्गों पर आर्टीफिशियल इन्टेलीजेंस युक्त ( ए0आई0 ) 02 चेक गेट स्थापित किये गये हैं, जिनसे अवैध परिवहन करने वाले वाहनों पर नियंत्रण रखा जा रहा है। इस अवधि 01 अक्टूबर 2022 से 15 मई, 2023 में बालू मोरंग के अवैध परिवहन ओवरलोडिंग में संलिप्त पाये गये कुल 1640 वाहनों के वाहन स्वामियों के विरूद्ध ई-चालान ई - नोटिस निर्गत की गयी है, जिनसे कुल 293.38 लाख रुपए शमन शुल्क एवं अर्थदण्ड राजकोष में जमा कराया जा चुका है जनपद में अवैध खनन परिवहन पर जिलाधिकारी पुलिस अधीक्षक द्वारा निरन्तर निगरानी की जा रही है, और जनपद तथा तहसील स्तर पर गठित टॉस्क फोर्स को किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरतने के लिए कड़े निर्देश दिये गये हैं। इसके साथ ही शासन के निदेर्शानुसार अवैध खनन एवं परिवहन के प्रकरण संज्ञान में आने पर त्वरित कार्यवाही की जा रही है।

## ट्रांसफार्मर जल जाने पर कई कई दिनों तक नगर पालिका परिषद मंझनपुर क्षेत्र के लोगों को अंधेरे में काटनी पड़ती है रातें

# वर्षों बाद भी नगर पालिका क्षेत्र में नहीं हो सकी है ट्राली ट्रांसफार्मर की व्यवस्था

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** जनपद मुख्यालय मंझनपुर लगातार असुविधाओं से जूझ रहा है नगर पालिका मंझनपुर क्षेत्र में विकास के नाम पर योगी सरकार ने सैकड़ों करोड़ का बजट खर्च कर दिया लेकिन भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारियों ने विकास के नाम पर जमकर कमीशन खोरी की है लेकिन जनहित के मुद्दों में अधिकारियों का ध्यान ही नहीं पहुंचा जिससे आम जनता को लगातार परेशानी झेलनी पड़ रही है विकास के नाम पर कमीशन खोरी करने वाले अधिकारियों के बीच जनप्रतिनिधियों ने वाहवाही लूटी है बताया जाता है कि एक जनप्रतिनिधि ने विकास योजनाओं में अपनी कमीशन खोरी का हिस्सा बांध लिया है और भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारी इस जनप्रतिनिधि को 5 प्रतिशत कमीशन खोरी की रकम पहुँचा रहे है जिससे इस जनप्रतिनिधि के मुंह में ताला लग गया है घटिया निर्माण और भ्रष्टाचार पर इस जनप्रतिनिधि ने बोलना बंद कर दिया है जैसे भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारी बेखौफ तरीके से घटिया निर्माण में लगे हैं 3 वर्षों के बीच नगर पालिका परिषद मंझनपुर क्षेत्र में बिकास में सैकड़ों करोड़ खर्च किए जाने के बाद भी नगर पालिका मंझनपुर क्षेत्र में कई कई दिनों तक नगर के लोगों को अंधेरे में जीवन यापन करना पड़ रहा है ट्रांसफार्मर जल जाने के बाद कई कई दिनों तक मंझनपुर नगर पालिका क्षेत्र में ट्रांसफार्मर नहीं बदला जाता है जिससे नगर के लोगों को दिक्कतों से जूझना पड़ता है बड़े। अन्य शहरों में ट्राली ट्रांसफार्मर की व्यवस्था रखी गई है जिस मोहल्ले का ट्रांसफार्मर जल जाता है आनन-फानन में ट्राली ट्रांसफार्मर रख कर विद्युत सप्लाई शुरू कर दी जाती है लेकिन मंझनपुर नगरपालिका क्षेत्र में सैकड़ो करोड़ का बजट खर्च करने के बाद ट्राली ट्रांसफार्मर की व्यवस्था नगर पालिका मंझनपुर के अधिकारी नहीं कर सके है ट्राली ट्रांसफार्मर की व्यवस्था ना होने से नगर क्षेत्र में ट्रांसफार्मर खराब होने के बाद कई कई दिनों तक नगर के लोगों को पानी और बिजली की समस्या से जूझना पड़ता है मंझनपुर नगर पालिका क्षेत्र की समस्याओं को दूर करने का प्रयास अभी तक सांसद और विधायक ने भी नहीं किया है सांसद निधि विधायक निधि की रकम से ट्राली ट्रांसफॉर्मर खरीद कर नगर पालिका मंझनपुर को उपलब्ध करा दिया गया होता तो मंझनपुर नगर क्षेत्र की जनता को बिजली की समस्या से मुक्ति मिल जाती लेकिन गम्भीर समस्याओं को दूर करने का वादा करके चुनाव जीतने वाले सांसद और विधायकों को आम जनता की समस्या से शायद कोई वास्ता नहीं है और इसी का परिणाम है कि मौका मिलते ही जनता भी अपनी भड़ास निकालते हुए इनकी छीछालेदर करने से पीछे नहीं रहती है मंझनपुर नगर पालिका क्षेत्र में ट्राली ट्रांसफार्मर की व्यवस्था कराया जाना नितांत आवश्यक और लोगों ने योगी सरकार का ध्यान आकृष्ट हुए नगर पालिका मंझनपुर क्षेत्र में ट्राली ट्रांसफार्मर की व्यवस्था कराने की मांग की है।

# आतंक का पर्याय बना लेखपाल पर मेहरबान अधिकारी

अखंड भारत संदेश

दर्जनों शिकायती पत्र के बाद भी भ्रस्ट लेखपाल पर अधिकारियों ने नहीं किया अभी तक निलंबन की कार्यवाही

पूर्व काबीना मंत्री को रिश्तेदार बताकर बदनाम करने में लेखपाल को हासिल है महारत



**कौशाम्बी।** राजस्व विभाग में अदना सा एक कर्मचारी लेखपाल अपने को सूबे का राज्यपाल से कम नहीं समझता है आम जनता राजस्व कर्मी लेखपाल के आतंक से पीड़ित है जनता अधिकारियों से शिकायत कर रही है लेकिन उसके बाद भ्रष्ट लेखपाल को निलंबन कर उसकी जांच कराकर उसके कारनामे को बेनकाब करने का प्रयास अधिकारी नहीं कर रहे हैं जिससे आम जनता में आक्रोश व्याप्त हो रहा है कुछ वर्षों में काली कमाई से मालामाल हो चुके राजस्व कर्मी लेखपाल पर राजस्व के आला अधिकारी क्यों मेहरबान हैं इस बारे में आम जनता के बीच चचाएं होने लगी हैं ताजा मामला चायल तहसील क्षेत्र के ग्रामसभा जलालपुर शाना का है जहां धर्मराज की तैनाती राजस्व कर्मी लेखपाल के पद पर है।

गांव में मामूली बातों पर हजारों की वसूली कर लेना राजस्व लेखपाल की दिनचर्या में शामिल हो गया है दूसरे की जमीन पर कब्जा कराने की आड़ में भी लेखपाल वसूली में मशगूल है इतना ही नही सरकारी पत्र जारी करने में रिपोर्ट लगाने के नाम पर पूरे दिन लेखपाल की अवैध वसूली चर्चा का विषय बनी हुई है गांव में सड़क का कार्य कराया जा रहा है ग्राम समाज की जमीन से सड़क का निर्माण ना होने पाए बल्कि गांव की नीलू यादव की भूमि धरी जमीन से सड़क का निर्माण हो जाए इस बात को बल देने के लिए लेखपाल ने नीलू यादव के विरोधियों से नोटों की गड्डी ले ली है और उसके बाद अधिकारियों को गुमराह कर ग्राम समाज की जमीन को बचाते हुए नीलू यादव की जमीन से इंटरलॉकिंग सड़क का निर्माण शुरू करा दिया है सवाल उठता है कि नीलू यादव की भूमि धरी जमीन पर बिना उनकी अनुमति के इंटरलॉकिंग सड़क का निर्माण कराने वाला लेखपाल कौन होता है लेकिन सवाल उठता है कि यह लेखपाल अपने को राज्यपाल से कम नहीं समझता है किस अधिकारी की जुर्रत है कि इस भ्रस्ट लेखपाल पर कार्यवाही कर दें एक पूर्व काबीना मंत्री को अपना रिश्तेदार बताकर यह लेखपाल योगी सरकार और उनकी व्यवस्था को भी बदनाम कर रहा है पूर्व मंत्री का नाम आते ही अधिकारी लेखपाल पर कार्यवाही करने का साहस नहीं कर पाते है आतंक का पर्याय बन चुके राजस्व कर्मी लेखपाल का आतंक कब तक चलता रहेगा इस बात का उत्तर आम जनता योगी सरकार और उनके अधिकारियों से चाहती है लेकिन कोई उत्तर देने को तैयार नहीं दिखाई पड़ रहा है इलाके के लोगों ने योगी सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते हुए भ्रष्टाचार में लिप्त राजस्व लेखपाल द्वारा अर्जित की गई अकूत संपत्ति की उच्च स्तरीय जांच कराते हुए लेखपाल पर मुकदमा दर्ज कराया जाना इनकी गिरफ्तारी कराया जाना और इनके आतंक पर रोक लगाए जाने की मांग की है।



## जीरो खर्च पर साइकिल से पश्चिम बंगाल से भारत भ्रमण पर निकले दंपत्ति पहुंचे कौशाम्बी

दिया मिट्टी बचाओ देश बचाओ का संदेश

**कौशाम्बी** भारत देश विविध धर्म एवम जातियों का देश है,भारत देश में तमाम ऐसे लोग है जो अपने देश और अपने देश की संस्कृति,अपने देश की मिट्टी को बचाने के लिए हजारों किलोमीटर की यात्रा कर देश के लोगो को जागरूक करने का कार्य कर रहे है। इसी क्रम में पश्चिम बंगाल के आसनसोल के रहने वाले दंपत्ति सोमेन मद्दी और लक्ष्मी मद्दी पश्चिम बंगाल से साइकिल से भारत यात्रा पर निकले है,यह दंपत्ति 26 जनवरी 2023 से भारत भ्रमण के लिए साइकिल यात्रा पर निकले है और कई प्रदेश की यात्रा कर 111वे दिन उत्तर प्रदेश के कौशाम्बी पहुंचे है। भारत भ्रमण पर साइकिल से निकले दंपत्ति ने बताया कि साइकिल यात्रा के सफर का यह 11वा राज्य है उत्तर प्रदेश,वह बिना पैसों के ही साइकिल यात्रा कर रहे है और लोगो को कम खर्च में काम चलाने का संदेश दे रहे है। उन्होंने बताया की मिट्टी बचाव संदेश को लेकर पश्चिम बंगाल से निकले है और साइकिल की इस यात्रा को लेकर वह भारत के सभी राज्यों में जाएंगे

# राष्ट्रीय डेंगू दिवस जनपद में चिन्हित किये गए 131 हाई रिस्क एरिया

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** डेंगू का इलाज संभव है। फिर भी लोगों की ईलाज में लापरवाही और ईलाज में देरी के कारण इस बीमारी से हर साल कई लोगों की मौत हो जाती है। इसलिए इस बीमारी के बारे में लोगों को जागरूक करना अतिआवश्यक है। यह कहना है मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ सुष्पेंद्र कुमार का।उन्होंने बताया कि डेंगू का प्रकोप बारिश के आसपास भयावह हो जाता है। इस बीमारी के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से हर साल 16 मई को 'राष्ट्रीय डेंगू दिवस' मनाया जाता है। इस बार की थीम है हर्नेस पार्टनरशिप टू डेफेअट डेंगू यानि डेंगू की रोकथाम घर से ही शुरू होती है। उन्होंने बताया कि बरसात के पूर्व ही मच्छर भी लगने लगे है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से सुरक्षा कार्य को शुरू कर दिया गया हैं। समुदाय में व्यापक जागरूकता एवं संक्रमण से बचाव के सभी जागरूक रहें। उन्होंने कहा कि इसमें जनपद के हाई रिस्क एरिया को चिन्हित कर साफ सफाई छिडकाव जागरूकता आदि शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि सबसे ज्यादा सिराथू में हाई रिस्क एरिया चिन्हित किये गए हैं। इसमें आशा आंगनबाड़ी और घर घर जागरूकता का काम करेंगी। एएनएम सीएचओ सभी अपने क्षेत्र में संक्रामक रोगों के प्रति सचेत रहेंगे। जिला मलेरिया अनुपमा मिश्रा ने बताया कि जनपद में डेंगू के लिहाज से 131 एरिया चिन्हित किये गए हैं जिसमे सबसे ज्यादा क्षेत्र सिराथू में चिन्हित हैं और सयुंक्त प्रयास से सुरक्षा कार्य किये जा रहे हैं इसमें स्वास्थ्य विभाग के साथ ही नगरपालिका भी सहयोग कर रहा हैं डीएमओ ने कहा कि मच्छरों के काटने से डेंगू मलेरिया जैसी जानलेवा बीमारियाँ होती हैं छोटी छोटी जानकारी एवं बचाव से मच्छरों के काटने से बचा जा सकता हैं डेंगू से बचाव के लिए लोगों को सतर्क रहने की की जरुरत होती हैं उन्होंने बताया कि पानी के बर्तनों को ढक कर रखें। एडिस मच्छर स्वच्छ जल में ही पनपते हैं। सप्ताह में कम से कम 1 बार पानी की टंकी गमलों फूल और फ्रिज के फूलदान आदि को सफाई कर उसे सूखने दें। मच्छरदानी के अंदर सोए। संभव हो तो कीटनाशी संयुक्त मच्छरदानी का प्रयोग करें। उन्होंने बताया कि बुखार आने पर खूब पानी पिए और आराम करें। उन्होंने बताया कि डेंगू चिकनगुनिया संक्रमित मादा एडिस मच्छर को काटने से होता है। वर्ष 2022 में डेंगू के 165,वर्ष 2021 में डेंगू के 52, वर्ष 2020 में डेंगू के 11,व वर्ष 2019 में डेंगू के 86 केस रिपोर्ट किये गए थे डेंगू बुखार मच्छर जनित वायरल बीमारी है इसमें सिर में दर्द, तेज बुखार, मांसपेशियों एवं जोड़ों में दर्द, त्वचा पर चकत्ते निकल आते हैं। यह मादा एडीज मच्छर के काटने से होता है। यह वायरस 10 दिनों से अधिक समय तक जीवित नहीं रहते लेकिन लापरवाही की गई तो डेंगू रक्तस्त्रावी बुखार का रूप ले सकता है जिसमें भारी रक्तस्त्राव, ब्लड प्रेशर में अचानक गिरावट और अंत में स्थिति अत्यंत गंभीर भी हो सकती है। डेंगू के लक्षण तेज बुखार- डेंगू का सबसे प्रमुख लक्षण तेज बुखार है। डेंगू में 102-103 तक बुखार आना आम बात है।बदन टूटना- डेंगू में ज्यादातर जोड़ों, मांसपेशियों और हड्डियों में दर्द होता है।जी मिचलाना --भी एक लक्षण है। डेंगू में आपको घबराहट महसूस होती है।चकत्ते या रैशेस- डेंगू में छोटे लाल चकत्ते या रैशेस हो जाते है। इन रैशेस में कभी कभी खुजली भी होती है।आँख के पीछे दर्द- ज्यादातर डेंगू से पीड़ित लोग आँख के पीछे दर्द की शिकायत करते हैं। यह दर्द आँखों की मूवमेंट से बढ़ता है डेंगू में थकावट महसूस होती है।अगर आपको मौसम बदलने के दौरान खासकर बरसात के समय या उसके बाद तेज बुखार, चकत्ते और बदन दर्द होता है, तो डॉक्टर से परामर्श और मेडिकल जाँच कराए जाँच के बाद ही पता चलेगा की आपको डेंगू हैं या नहीं।

जन संपादकीय

## यूपी में भगवा लहर का जलवा कायम

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश भगवा राजनीति का गढ़ बनने की दिशा में अग्रसर प्रतीत हो रहा है। 2014 लोकसभा चुनाव में मोदी लहर में भारतीय जनता पार्टी ने अपने सहयोगी दलों के साथ पहली बार 73 सीटों पर विजय प्राप्त की थी, 2017 में भी पार्टी को प्रचंड विजय मिली और अब गोरक्षपीठ के महंत योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में प्रदेश में जितने भी चुनाव हो रहे हैं हर चुनाव में भाजपा की लोकप्रियता का ग्राफ बढ़ रहा है, 2017 में नगर निगम चुनाव, 2019 के लोकसभा चुनाव, 2022 के विधानसभा चुनाव और अब 2023 के नगर निकाय चुनावों ने तो एक नया अध्याय लिखा है।

निकाय चुनाव 2023 में मुख्यमंत्री योगी जी के नेतृत्व में भाजपा ने सभी 17 नगर निगमों औरउसके बाद नगर पंचायत और पालिका चुनावों में भी सीट व वोट प्रतिशत के हिसाब से अब तक की सबसे बड़ी जीत अर्जित कर एक कीर्तिमान स्थापित किया है। इसी समय हुए उपचुनावों में भाजपा ने सपा के मजबूत नेता आजम खां के अंतिम गढ़ को भी ध्वस्त कर दिया। भाजपा की इस विजय से विपक्षी दलों के उत्साह पर पानी फिर गया है और वह 2024 लोकसभा चुनावों की तैयारी में पिछड़ गये हैं वहीं भाजपा अपने सभी सहयोगी दलों के साथ सभी 80सीटों पर विजय का अभियान चलाने जा रही है।

उत्तर प्रदेश में सभी 17 नगर निगमें में भाजपा को मिली विजय बहुत बड़ी है क्योंकि अब किसी भी नगर निगम में निगम संचालन करवाने के लिए निर्दलीय पार्षदों का सहारा नहीं लेना पड़ेगा। इस विजय के नायक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ही हैं जिनकी नियत, नीति और कार्यशैली जनमानस को भा रही है। योगी आदित्यनाथ ने 13 दिनों में 43 जिलों में 50 जनसभाएं और कई रोड शो किये जिनमें नगरीय विकास तथा कानून व्यवस्था की स्थापना पर मुखर रूप से बात की गई । विधानसभा सत्र के दौरान मुख्यमंत्री का बयान, ह्लमिटटी में मिला देंगे माफिया कोह्व और उसके बाद कई खतरनाक माफियाओं पर कार्यवाही ने आमजन का योगी जी पर विश्वास बढ़ाया वहीं मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति के तहत सपा, बसपा, कांग्रेस सहित सभी सेकुलर दलों के माफियाओं के साथ खड़े हो जाने ने योगी जी की साफ नियत का डंका बजा दिया।

राजधानी लखनऊ से लेकर समस्त अवध,बुंदेलखंड, पूर्व व पश्चिम के कई क्षेत्रों में भाजपा पार्षदों के कामकाज से जनता खुश नहीं थी लेकिन फिर भी प्रदेश की जनता ने पहली बार नगर निकाय चुनावों में भी कानून व्यवस्था के नाम पर कई मोहल्लों व गलियों में भाजपा को एकतरफा वोट दिया। भाजपा कार्यकर्ता निगम चुनावों में मतदाता को यह समझाने में कामयाब हो गये कि निर्दलीय व अन्य को पार्षदी के चुनाव में जीतने से कोई लाभ नहीं होने वाला क्योंकि जब एक ही दल का पार्षद विधायक व सांसद रहता है तो काम करने और करवाने में सामंजस्य बना रहता है। यह बात जनता समझती है और इसका परिणाम भी सामने आया उदाहरण के रूप में लखनऊ जो कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल जी संसदीय क्षेत्र रहा है में एक बार फिर कमल खिला है और अबकी बार पिछली बार से भी अधिक वोट प्राप्त हुए हैं और पार्षद जीतने में कामयाब रहे हैं।


मुख्यमंत्री का मानना है कि नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा को मिली ऐतिहासिक जीत सुशासन, विकास और भयमुक्त वातावरण का नतीजा है जिसे मतदाताओं ने जनादेश दिया है। उप्र में वृहद सांगठनिक ढांचे, समर्पित कार्यकताओं की विशाल सेना और सुनियोजित रणनीति के बल पर भाजपा ने ऐतिहासिक विजय हासिल की है।भारतीय जनता पार्टी ने इन चुनावों में धर्म की ध्वजा पर सवार होकर जातियों का चक्रव्यूह भेदने में सफलता हासिल की है।सभी नगर निगमों में संख्याबल के आधार पर चुनाव में निर्णायक भूमिका निभाने का माद्दा रखने वाली जातियों पैठ बनाने के लिए पार्टी ने प्रभावी मतदाता सम्मेलन आयोजित किये जिसका असर दिखाई पड़ा है। कई सीटों पर बगावती लोगों ने भी अपने तेवर दिखाने के प्रयास किये जिन्हें समझाकर या तो बिठाया गया या फिर समय रहते उन पर कड़ी कार्यवाही की गयी जिसका असर भी परिणामों पर देखा गया है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व मंत्रिमंडल के सभी सहयोगियों ने मिलकर एक कुशल रणनीति बनायी और प्रदेशभर का तूफानी दौरा किया। उम्मीदवार चयन से लेकर बूथ प्रबंधन की रणनीति को सफलतापूर्वक धरातल पर उतारकर विपक्ष के मंसूबों पर पानी फेर दिया। 2023 में भाजपा ने 2017 के मुकाबले बहुत बढ़त बनाई है। वर्ष 2017 में बीजेपी ने 14 नगर निगमों में जीत हासिल की थी और वहीं 198 नगर पालिका परिषद में 70 पालिकाओं में अध्यक्ष पद का चुनाव जीता था।इस बार भाजपा ने 199 में से 87 नगर पालिकाओं में अध्यक्ष पद का चुनाव जीता है।वर्ष 2017 में भाजपा ने 438 नगर पंचायतों में से 100 पर चुनाव जीता था और इस बार भाजपा ने 544 नगर पंचायतों में से 191 पंचायतों में अध्यक्ष पद का चुनाव जीता है।राजधानी लखनऊ के निगम इतिहास में पहली बार भाजपा के 80 पार्षद कमल खिलाने में कामयाब रहे हैं।

भाजपा और अल्पसंख्यक समाज- भाजपा हिंदुत्व व राष्ट्रवाद की राजनीति के बीच अल्पसंख्यकों को भी राष्ट्र धारा में लाने का प्रयास कर रही है । इसके लिए भाजपा ने केंद्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों के सहारे पसमांदा समाज और गरीब मुस्लिम मतदाताओं के बीच अपनी पैठ बनाने में कुछ सफलता प्राप्त की है।प्रदेश की राजनीति में नगर निकाय चुनावों में भाजपा ने पहली बार 395 मुस्लिमों को टिकट दिया था और उसमें 54 मुस्लिम प्रत्याशियों ने जीत का परचम लहराया है। भाजपा के अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष बासित अली ने बताया कि भाजपा ने विभिन्न पदों के लिये 395 मुस्लिमों को टिकट दिया था।

# सोशल मीडिया में सुकून नहीं

**सुनील कुमार महला**



**आज** आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, चैट-जीपीटी का जमाना है। सोशल नेटवर्किंग प्लेटफार्म्स पर एआई(आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस) जनरेट सामग्री आती है और शायद यही कारण है कि आज सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स यथा व्हाट्सएप, फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम का क्रेज हमारी युवा पीढ़ी में लगातार बढ़ता चला जा रहा है। हमारी युवा पीढ़ी वर्चुअल दुनिया में जी रही है। यह वर्चुअल दुनिया ही आज का युवा पीढ़ी का पहला शौक बन गया है। आभासी दुनिया में खो-कर आज की युवा पीढ़ी न जाने कहाँ खो सी गई है कि उसे अपने आस-पास क्या घटित हो रहा है, क्या नहीं, का आभास ही नहीं है। वह इस आभासी दुनिया के इंद्रजाल में डूब चुका है। यही कारण है कि सोशल नेटवर्किंग साइट्स पर आज युवाओं द्वारा हाई क्वालिटी, अटरेक्टिव और पर्सनल मेटैरियल को बेखौफ होकर साझा किया जाता है।

आज हमारी युवा पीढ़ी ही नहीं मां-बाप,अभिभावक, रिश्तेदार, भाई-बहन सभी जिनको देखो, अपने एंड्रॉयड मोबाइल में व्यस्त नजर आते हैं। हमारे आसपास कौन क्या कर रहा है, अथवा क्या नहीं, हमें इससे आज कोई मतलब या सरोकार नहीं रह गया है। हम घर में उपस्थित सदस्यों से आज ढंग से बातचीत तक नहीं करते,लेकिन आभासी दुनिया के दोस्तों, मित्रों से बातचीत कर-के(चैट करके) हम मुस्कुराते हैं। हमारा घर, हमारा परिवार, हमारे बच्चे आज हमारी दुनिया कम, सोशल नेटवर्किंग साइट्स आज हमारी दुनिया ज्यादा नजर आने लगी है। यहाँ तक कि हमारे पास अपनों के लिए बातचीत तक करने का समय नहीं होता। दिन-रात,उठते-बैठते,खाते-पीते,नहाते हर वक्त हम अपने एंड्रॉयड मोबाइल पर बिजी रहते हैं। हम आज सोशल मीडिया पर अपनी विभिन्न फोटोज पोस्ट करते हैं, कुछ न कुछ लिखते हैं, शेयर भी करते हैं और लाइक, कमेंट्स आदि भी करते हैं। हमें यह आभासी(वर्चुअल) दुनिया हमेशा अच्छी लगती है, हम इससे एक पल भी दूर नहीं होना चाहते हैं। हम अपने जीवन में हो रही चीजों के बारे में वर्चुअल दुनिया पर व्यस्त लोगों को तो बताना चाहते हैं लेकिन अपने पास बैठे,अपने साथ रह रहे लोगों, अपनों के साथ अपने दुख,तकलीफ, हंसी-खुशी को शेयर नहीं करना चाहते। हम तकनीक में आज इतने रम व बस गये हैं कि हमें अपने अपनों के बारे में कोई भान ही नहीं है और हम उनमें कोई रूचि नहीं दिखाते,उनसे बातचीत नहीं करते। हम तो आज सोशल नेटवर्किंग साइट्स पर एक फोटो या विडियो अपलोड करने के बाद उस पर क्या कमेंट्स आयेंगें, क्या नहीं, कितने कमेंट्स आयेंगे, शेयर कितने लोग करेंगे, लाइक कितने होंगे, डिस्लाइक कितने होंगे इसकी उधेड़बुन में लगे रहते हैं। आज देश में कोई किशोर ही ऐसा होगा जिसका सोशल नेटवर्किंग साइट्स पर अकाउंट न बना हुआ हो। बहुत से किशोरों के तो दो-दो,तीन-तीन अकांउट तक सोशल नेटवर्किंग साइट्स पर हैं। आज हमारा किशोर सोशल नेटवर्किंग साइट्स की आभासी दुनिया के दलदल में लगातार घसीटता चला जा रहा है। वह फोन से एक पल भी दूर नहीं होना चाहता है। आज हमारा युवा विभिन्न सेलेब्रिटीज, महान हस्तियों, पर्सनैलिटीज को फॉलो करता है। सोशल नेटवर्किंग साइट्स के प्रति उसमें बहुत क्रेज है। वे भी विभिन्न सेलेब्रिटीज, फेमस पर्सनालिटीज की तरह अपने अकाउंट पर मिलियन्स लाइक चाहते हैं। उनके इतने लाइक कभी नहीं आ पाते हैं जितने कि बड़ी पर्सनैलिटीज के आते हैं और कम लाइक आने के चलते वे(हमारे युवा) स्ट्रेस और टेंशन में आ जाते हैं, अथवा आ रहे हैं। बच्चे आज लगातार एंग्जाइटी, ड्रिप्रेशन के शिकार होते चले जा रहे हैं। आज हमारे बच्चे खेल खेलने के लिए मैदानों में नहीं जाते,बल्कि सोशल नेटवर्किंग साइट्स पर गेम खेलते हैं, सोशल मीडिया को ही वे खेल का मैदान समझने लगे हैं। बच्चे आज घर आए रिश्तेदारों से मिलना पसंद नहीं करते। बातचीत तो बहुत दूर की बात है। हमारे बच्चे फोन के साथ अकेले रहना पसंद करते हैं और जब वे एंड्रॉयड स्मार्टफोन का उपयोग कर रहे होते हैं तो किसी भी तरह का व्यवधान नहीं चाहते।

यह एक तरह का सोशल फोबिया है। दूसरे शब्दों में कहें तो सोशल फोबिया एक मानसिक विकार है, जिसे सोशल एंग्जायटी डिसऑर्डर भी कहा जाता है। ऐसी स्थिति में बच्चा सामाजिक स्थितियों से भागने लगता है, घर-परिवार के कामों में, अध्ययन में,दोस्तों, रिश्तेदारों से बातचीत करने में कोई रूचि नहीं लेता है। न किसी से आंखें मिलाना पसंद करता है, न किसी से बातचीत करना पसंद करता है। इससे बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य व शैक्षिणिक गतिविधियों पर विशेष असर पड़ता है। कुल मिलाकर यह बात कही जा सकती है कि आज सोशल नेटवर्किंग साइट्स के अधिक प्रयोग के कारण बच्चों के व्यवहार में लगातार परिवर्तन, बदलाव देखने को मिल रहे हैं। वे चिड़चिड़े हो रहे हैं, उदासी व अवसाद के शिकार हो रहे हैं। आज न तो बच्चों के पास पेरेंट्स के लिए समय है और न ही पेरेंट्स के पास बच्चों के लिए समय बचा है। जब पेरेंट्स मोबाइल फोन पर हर समय व्यस्त रहेंगे तो बच्चों को उनको फॉलो करना स्वाभाविक ही है, क्योंकि बच्चे अक्सर अपने अभिभावकों, पेरेंट्स को इमीटेट(नकल) करते हैं, उनसे सीखते हैं। बच्चों को एंग्जाइटी, डिप्रेशन व टेंशन से बचाने के लिए यह बहुत जरूरी है कि सबसे पहले पेरेंट्स स्वयं सोशल नेटवर्किंग साइट्स से दूरी बनाएं और उनका सीमित विवेकपूर्ण उपयोग, प्रयोग करें। पैरेंट्स को यह चाहिए कि वे अपने बच्चों को सोशल नेटवर्किंग साइट्स के उपयोग व फायदों के साथ ही विभिन्न नुकसान आदि के बारे में जानकारी दें। आज यदि हम सब घर में एकसाथ बैठकर खाना भी खाते हैं तो हमारे पास 'स्क्रीन फ्री' जोन नहीं होता। हम मोबाइल में देखते देखते बिना किसी से बातचीत किए खाना खा लेते हैं और हमें यह तक भी ध्यान नहीं रहता है कि हमनें खाया क्या है ?

अभिभावक, माता पिता होते हुए हमारा यह कर्तव्य बनता है कि हम अपने डायनिंग टेबल और बैडरूम में स्क्रीन फ्री जोन रखें। हम अपने बच्चों से समय समय पर उनकी समस्याओं को लेकर सहजता से बातचीत करते रहें, उनके पास बैठें, उन्हें कहीं पर घुमाने ले जाएं, उन पर हमेशा ध्यान दें। घर में रहते हुए हम स्वयं भी स्क्रीन फ्री जोन का पालन करें और बच्चों को भी इसका पालन करने के लिए कहें। बच्चों को गुड़ खाना छोड़ने की नसीहत देने से अच्छा यह है कि हम स्वयं पहले खुद गुड़ खाना छोड़ें। हम अपने बच्चों के लिए रोल मॉडल बनने का प्रयास करें, उनके साथ सकारात्मकता से पेश आएं। हम अपने बच्चों को यह समझाएं कि सोशल मीडिया की आभासी दुनिया, आभासी ही है, उसकी वास्तविक दुनिया से कभी भी होड़ नहीं हो सकती है। वास्तविक दुनिया, वास्तविक दुनिया(असल जिंदगी) है। हम बच्चों को यह बताने का प्रयास करें कि तुलना(कंपेरिजन) किसी भी हाल में ठीक नहीं है, विशेष रूप से आभासी दुनिया के लिए।

हम अपने बच्चों को यह बताएं कि सोशल मीडिया में सुकून को नहीं खोजा जा सकता है। वर्चुअल दुनिया में व्यस्तता वास्तव में हमें असली जीवन से दूर कर देती है। हम अपने बच्चों में सकारात्मकता पैदा करें, उन्हें अच्छी नींद लेने, बातचीत करने,अध्ययन करने के लिए प्रोत्साहित करें। हम बच्चों को बतायें कि किस प्रकार से हम 'सोशल फोबिया' से निपट सकते हैं। मसलन हम उन्हें यह बताएं कि - तनाव महसूस होने पर लंबी- गहरी सांसें ली जा सकती हैं, सारा ध्यान श्वासों पर केंद्रित किया जा सकता है, इससे हमारा दिमाग नकारात्मक विचारों से भटकेगा और मन को सुकून,शांति, संयम व सकारात्मकता, नवीन ऊर्जा, शक्ति, स्फूर्ति का एहसास होगा। हम बच्चों को 'नेचर-थेरेपी' के बारे में भी बता सकते हैं कि किस प्रकार से प्राकृतिक वातावरण में हम सुकून, राहत, अच्छा महसूस कर सकते हैं। हम बच्चों को यह बताएं कि 'नेचर-थेरेपी' से व्यक्ति में फील-गुड हार्मोन में बढ़ोतरी होती है और कॉर्टिसोल हार्मोन का स्त्राव घटाने में मदद मिलती है। सोशल नेटवर्किंग साइट्स के प्रयोग से हमारी आंखों पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ता है। नकारात्मक सोच हम पर हावी होने लगती है। आज यदि हमारे आस पास फेक दुनिया(वर्चुअल दुनिया) बन रही है तो उसका कारण हम स्वयं ही है। कुल मिलाकर यह बात कही जा सकती है कि आज के समय में हमें सोशल नेटवर्किंग साइट्स का सीमित, विवेकपूर्ण उपयोग ही करना चाहिए।

# गहलोत के बयान से बैक फुट पर वसुंधरा

**रमेश सर्राफ धमोरा**

**राजस्थान** के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे से अपने संबंधों को लेकर खुलासा क्या किया वसुंधरा राजे चुनाव से पहले ही परेशान नजर आने लगी है। राजस्थान में पिछले 25 वर्षों से एक बार अशोक गहलोत तो दूसरी बार वसुंधरा राजे मुख्यमंत्री बनते आ रहें है। इस बार वसुंधरा राजे फिर मुख्यमंत्री बनना चाहती है। मगर अशोक गहलोत ने बयान देकर उनके मंसूबों पर पानी फेर दिया है।

हाल ही में धौलपुर जिले में आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने खुलासा किया था कि 2020 में सचिन पायलट द्वारा उनकी सरकार के खिलाफ बगावत करने के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे व उनके समर्थक विधायकों ने सहयोग कर उनकी सरकार को गिरने से बचाया था। गहलोत ने कहा था कि धौलपुर से भाजपा विधायक शोभा रानी कुशवाहा ने तो राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार प्रमोद तिवारी के पक्ष में क्रॉस वोटिंग कर खुले आम पार्टी नेतृत्व की अनदेखी की थी। शोभा रानी कुशवाहा वसुंधरा समर्थक विधायक मानी जाती रही है। इसके साथ ही गहलोत ने वसुंधरा समर्थक माने जाने वाले पूर्व विधानसभा अध्यक्ष कैलाश मेघवाल का भी नाम लिया था।

विधानसभा में बजट पास करवाने के दौरान मुख्यमंत्री गहलोत ने प्रदेश में 17 नए जिले बनाने की घोषणा की थी। जिसमें उन्होंने कैलाश मेघवाल के विधानसभा क्षेत्र शाहपुरा को भी जिला बनाया है। विधानसभा में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कैलाश मेघवाल को शाहपुरा के जिला बनने पर बधाई देते हुए कहा था कि आप की मांग पूरी कर दी गई है। उस समय भी गहलोत के बयान की काफी चर्चा हुई थी तथा भाजपा बैकफुट पर आ गई थी।

राजस्थान की राजनीति में लोगों की धारणा रही है कि अंदर खाने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे मिले हुए हैं। इसी के चलते जब कांग्रेस की सरकार बनती है तो अशोक गहलोत मुख्यमंत्री बन जाते हैं और जब भाजपा की सरकार बनती है तो वसुंधरा राजे मुख्यमंत्री बन जाती है। मुख्यमंत्री पद पर रहते दोनों नेता एक दूसरे के हितों का ख्याल रखते हैं तथा जरूरत पड़ने पर मदद भी करते हैं।

नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल तो खुलकर यह आरोप लगाते रहे हैं। पिछले कुछ महीनों से कांग्रेस नेता सचिन पायलट भी गहलोत को पत्र लिखकर वसुंधरा सरकार के दौरान हुए घोटालों की जांच की मांग कर रहे हैं। मगर मुख्यमंत्री गहलोत ने पायलट की मांगों पर कोई कार्यवाही नहीं की। जबकि एक माह पूर्व सचिन पायलट अपनी इसी मांग को लेकर जयपुर में एक दिन का धरना भी दिया था। इसके बाद पायलट ने इसी मांग को लेकर 5 दिनों तक अजमेर से जयपुर तक 125 किलोमीटर की जन संघर्ष पदयात्रा भी की है।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा वसुंधरा राजे को लेकर किए गए खुलासे के बाद वसुंधरा राजे अपनी ही पार्टी के नेताओं पर के निशाने पर आ गई है। राजस्थान में वसुंधरा विरोधी खेमे के नेता गहलोत के बयान को लेकर मुखर हो रहे हैं। उनका कहना है कि वसुंधरा राजे समर्थक विधायकों के दम पर ही गहलोत बेखौफ होकर सरकार चला रहे हैं। राजस्थान में पिछले राज्यसभा चुनाव के दौरान कई वसुंधरा समर्थक विधायकों को मतदान से पहले गुजरात भेजा गया था। ताकि वह गहलोत के प्रभाव में आकर क्रास वोटिंग नहीं कर सकें।





हालांकि राजस्थान भाजपा में वसुंधरा राजे सबसे बड़े कद के नेता मानी जाती है। दो बार प्रदेश की मुख्यमंत्री, तीन बार प्रदेश भाजपा अध्यक्ष व विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तथा केंद्र में मंत्री रहने के कारण उनका पूरे प्रदेश में व्यापक जनाधार माना जाता है। पिछले विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री रहते वसुंधरा राजे को अपने ही राजपूत समाज के विरोध का सामना करना पड़ा था। राजपूत समाज के लोगों की गैंगेस्टर आनंदपाल सिंह के एनकाउंटर करने को लेकर वसुंधरा राजे सरकार से गहरी नाराजगी थी।

2018 के विधानसभा चुनाव में राजपूत समाज ने कांग्रेस को वोट देकर जिताया था। उस समय चुनावी सभाओं में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में भीड़ से वसुंधरा तेरी खैर नहीं मोदी तुम से बैर नहीं के नारे लगते थे। जो चुनावी परिणाम में सही साबित भी हुए थे। वसुंधरा राजे के मुख्यमंत्री रहते हुए उनके नेतृत्व में लड़े गए 2018 के विधानसभा चुनाव में भाजपा 163 सीटों से सीमट का 73 सीटों पर पहुंच गई थी। उसके कुछ महीने बाद ही हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा ने प्रदेश की सभी 25 सीटों पर जीत दर्ज की थी।

पिछले कुछ समय से वसुंधरा राजे व उनके समर्थक विधायक भाजपा आलाकमान पर लगातार दबाव बना रहे थे कि वसुंधरा को नेता घोषित कर उनके नेतृत्व में ही अगला विधानसभा चुनाव लड़ा जाए। वसुंधरा राजे के विरोध के चलते ही डॉक्टर सतीश पूनिया को प्रदेश अध्यक्ष पद से हटाया गया था। पार्टी के नेताओं को भी लगने लगा था कि वसुंधरा राजे के बिना विधानसभा चुनाव जितना मुश्किल होगा। ऐसे में ऐसे में उन्हें चुनाव के दौरान महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी जाएगी। मगर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बयान ने वसुंधरा राजे व उनके समर्थकों के पूरे मंसूबों पर पानी फेर दिया। अब वसुंधरा राजे व उनके समर्थकों की स्थिति ना निगलते बन रही है ना उगलते बन रही है वाली हो गई है। आम जनता में भी गहलोत के बयान से वसुंधरा राजे के प्रति नकारात्मकता पैदा हुई है।

2018 में विधानसभा चुनाव में प्रचार के दौरान कांग्रेस के नेता सत्ता में आने पर वसुंधरा राजे सरकार द्वारा किए गए हजारों करोड़ के भ्रष्टाचार की जांच करवाने की बातें कहते थे। मगर सरकार बनने के बाद वसुंधरा राजे के खिलाफ किसी भी तरह की कोई जांच नहीं की गई। इससे लोगों को विश्वास हो गया कि अशोक गहलोत वसुंधरा राजे आपस में मिले हुए हैं।

राजस्थान विधानसभा के चुनाव में कुछ महीनों का ही समय रह गया है। ऐसे में मौके की नजाकतता को भांपकर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अपनी चाल चल दी है। गहलोत को पता है कि वसुंधरा राजे के नेतृत्व में चुनाव लड़ने पर भाजपा का पलड़ा भारी रह सकता है। इसीलिए उन्होंने बड़े सलीके से वसुंधरा राजे को ठिकाने लगा दिया है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत फिर से राज बनाने के लिए पूरी ताकत से जुटे हुए हैं। उनका पूरा प्रयास है कि इस बार प्रदेश में हर पांच साल बाद सत्ता बदलने के रिवाज को बदला जाए। इसीलिए वह अपनी सधी हुई चाले चल रहे हैं। मुख्यमंत्री गहलोत ने पहले पार्टी में सचिन पायलट को किनारे लगा कर पार्टी के एकछत्र नेता बन गए। अब विपक्ष की मजबूत नेता वसुंधरा राजे के खिलाफ बयान देखकर उनको भी संदिग्ध बना दिया है।

मुख्यमंत्री गहलोत के बयान के बाद माउंट आबू में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा में वसुंधरा राजे उनके बगल की सीट पर बैठी थी। इसके बावजूद भी ना तो उनको प्रधानमंत्री ने कोई विशेष तवज्जो दी और ना ही उनको जनसभा को संबोधित करने का मौका दिया गया। जबकि प्रधानमंत्री से पहले प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने जनसभा को संबोधित किया था। इन सब बातों से लगता है कि आने वाला समय वसुंधरा राजे के लिए राजनीतिक रूप से कुछ अच्छा नहीं रहने वाला है। उन्हें समय रहते अपनी गहलोत समर्थक छवी को तोड़ना होगा ।

# अधिकारों की चाहत नहीं, उत्तरदायित्व फिक्र होनी चाहिए'

**वर्तमान** के इस दौर में जब देश में लोकतंत्र अपनी अस्मिता बचाने की जद्दोजहद में है वहां समाज का हर नागरिक अपने लिए अधिक से अधिक अधिकारों की इच्छा रखता है ताकि पूरी स्वतंत्रता का उपभोग कर सके। इसी के फलस्वरूप हर रोज अधिकारों की बढ़ती मांग और कर्तव्य की अवहेलना से समाज वातावरण में असंतुलन बढ़ता जा रहा है। वॉलटेयर जी ने इस संदर्भ में ठीक ही कहा है कि अधिकार बढ़ने के साथ-साथ समानुपातिक रूप से उत्तरदायित्व भी धीरे-धीरे बढ़ जाता है हमें अपने अधिकारों के साथ अपनी जिम्मेदारियों का भी ज्ञान बोध होना जरूरी है। आपको ऐसा नहीं लगता है कि अधिकार तथा उत्तरदायित्व समानुपातिक है और समाज में हर व्यक्ति समुदाय के साथ संग संग चलते हैं। ऐसा कुछ है कि स्वतंत्रता और खुलेपन के संग उत्तरदायित्व जी जीवन की यात्रा में सहयात्री है। स्वतंत्रता या खुलेपन का अतिक्रमण किसी व्यक्ति के दायित्वों का हनन है हम जहां जिस ग्राम नगर अथवा देश में रहते हैं वहां पर यह सुनिश्चित है कि अधिकार एवं जिम्मेदारी हमारे साथ साथ विचरण करते दिखाई देते हैं। भारतीय संविधान में अधिकारों की मीमांसा करते हुए यह मूल रूप से माना गया है कि यहां देश में मूल अधिकारों को महत्व इसीलिए दिया जाता है की भारतीय जनमानस का बड़ा प्रतिशत अशिक्षित है अतः संविधान अशिक्षित व्यक्तियों के लिए ज्यादा से ज्यादा स्वतंत्रता और समानता प्रदाय कर सके ताकि फिर कोई समाज या राज्य उसका हनन न कर सके, दूसरी तरफ यदि कर्तव्य की बात करें तो सदैव यह हिदायत दी जाती रही है कि भारत की जनता अधिक मात्रा में अशिक्षित हैं अतः उन्हें अपने दायित्वों का ज्ञान तथा अनुभूति नहीं होगी और दायित्व और कर्तव्यों के बीच बड़ी लक्ष्मण रेखा खिच गई है।

व्यक्ति और समाज जैसे जैसे विकसित होता गया है और आधुनिकता के इस दौर में नागरिकों की अधिकारों की मांग बढ़ती जा रही है। हमें अधिकार धीरे-धीरे मिल भी रहे जिस तरह माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने निजता के अधिकार को मूल अधिकार की श्रृंखला में रखकर नागरिकों की स्वतंत्रता को सुरक्षित बनाने का प्रयास किया है। अब ऐसे में हमारा दायित्व बनता है कि हम अपनी निजता के अधिकार को अपने पास रखते हुए दूसरे की व्यक्तिगत स्वतंत्रता को नुकसान ना पहुंचाएं या उसकी स्वतंत्रता पर अतिक्रमण न करें, जिससे जिम्मेदारी और कर्तव्य बोध संग संग चलते रहे और सामाजिक परिवेश का कर्तव्य तथा अधिकार के बोध में सामंजस्य बना रहे। हम अपने व्यक्तिगत हित के कारण यह तथ्य विस्मित कर देते हैं कि हम एक लोकतांत्रिक राज्य के नागरिक हैं और हमें लोक कल्याण की अवधारणा को मूर्त रूप देना है जिससे कि राष्ट्र का विकास संभावित है। हम अपने आधुनिकता के चलते अपने दायित्व और मूल्यों के प्रति असावधान होते जा रहे हैं भारतीय समाज में बदलते समय के साथ नागरिक नैतिक मूल्यों की परवाह किए बगैर अपनी स्वच्छंदता एवं शक्ति के बल पर मनमानी तथा भ्रष्टाचार निरंकुशता को सर्वोपरि बनाने में लगे हुए है। देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था के अंतर्गत देश के आम नागरिकों के द्वारा राजनीतिक पार्टियों के जनप्रतिनिधियों को विधिवत चुनकर संसद तथा विधान भवन भेजती है ताकि राज्य और देश का कल्याण हो सके किंतु अपने अधिकारों के प्रति उत्साहित यह राजनेता अपने मूलभूत कर्तव्य को भूलकर जनता का शोषण करने में लीन हो गए हैं और अधिकार संपन्न होकर निरंकुशता की श्रेणी में आकर बैठ गए हैं। इन जनप्रतिनिधियों ने अपने अधिकार तथा उत्तरदायित्व में तालमेल न बिठा कर शासन की व्यवस्था को बिगाड़ कर रखा है।

अर्थशास्त्र में कौटिल्य ने लिखा है कि जिस देश की आम जनता झोपड़पट्टी में रह रही हो उस देश के शासक प्रशासक को महलों में रहने का कोई अधिकार नहीं बनता है। यह बात उन्होंने बहुत पहले कही थी पर यह आज भी अत्यंत प्रासंगिक तथा समीचीन है।

# शो पुट अप

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

**मैंने** महाभारत युद्ध के पहले दिन अर्जुन की मुद्रा धारण किए अपने मित्र से शहरी होने का ज्ञान सीखने की इच्छा जताई। यह सुन वे टूट पड़े झ्र शहर में जीने का मतलब झूठ बोलना आना चाहिए। बिना सच के शहर हो सकते हैं बिना झूठ के कतई नहीं। अगर कोई जाना-पहचाना शहर आए और कहे कि मैं फलाँ जगह ठहरा हूँ क्या हम मिल सकते हैं तो इसका जवाब फट से मुँह उठाकर नहीं दे देना चाहिए कि मैं निरा फुर्सत में हूँ। और तुम्हारी राह ही जोह रहा हूँ। तुम कितने भी फुर्सत में रहो, लेकिन कोई मिलने आए तो तुम्हारी फुर्सत फुर्र हो जानी चाहिए। नहीं तो सामने वाला समझेगा कि इसके पास कोई काम-धाम है ही नहीं। लगता है बड़ी फुर्सत में रहता है। उसके सामने ऐसे भाव दो कि तुम्हारे बिना शहर चल नहीं सकता। या यूँ कहो कि तुम्हारे जैसों की वजह से ही शहर सांस ले पा रहा है। । क्योंकि बच्चू! यह शहर है, धर्मशाला नहीं कि मुँह उठाया और चल दिए। शहर में लोग बेमतलब बगल वाले से ठीक मुँह बात नहीं करते और तुम हो कि दोस्त से मिलने चले गए। तुम्हारे जैसे लोगों की वजह से ही शहर की हवा खराब हो चली है। यहाँ बसने वाले में एक गुण हमेशा रहना चाहिए। अपने काम निकलवाने तक सबको अपना बाप बनाते चलो। काम खत्म दुकान बंद। मतलब अपना काम हो जाने के बाद तुम कौन हम कौन जैसी रणनीति अपनानी चाहिए।

जिस शहर में जितना कचरा होता है वह उतना डेवलप्ड होता है। यहाँ कचरा उठाने वाला भी व्यस्त होता है। उसके पास खुद का कचरा उठाने का टाइम नहीं होता। तुम तो कचरे वाले से भी गए गुजरे हो। यहाँ अंग्रेजी समाचार पत्र पकड़े रहना स्टेटस और फोन पर कान धरे रहना हाईफाई होने की निशानी है। जेब में फुटकर पैसे रखना फुटकर होने की निशानी है। पाँच रुपए की चाय भी पियो तो गूगल पे या फोन पे करना आना चाहिए। यह शहर है। यहाँ हर कोई अपना असली चेहरा घर छोड़कर बाहर निकलता है। कई चेहरे वाले शहर के असली चेहरे होते हैं। स्वार्थ की नींव पर खड़े शहर में मनुष्य बनने का प्रयास करने वाला सबसे खतरनाक होता है। ऐसे लोग शहर के लिए किसी नासूर से कम नहीं होते।

# चित्रकूट - उन्नाव संदेश

## तीन के कब्जे से 30 क्वार्टर देशी-पांच लीटर महुआ शराब बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में पुलिस ने तीन के कब्जे से 30 क्वार्टर देशी व पांच लीटर महुआ शराब बरामद की है।

मंगलवार को कोतवाली कर्वी के दरोगा राधेश्याम सिंह की टीम ने राहुल सिंह पटेल पुत्र चन्द्रशेखर निवासी इटरौर भीकमपुर के कब्जे से 15 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। टीम में दरोगा राधेश्याम सिंह, सिपाही राहुल देव, सिपाही आकाश शामिल रहे। इसी क्रम में पहाडी थाने के दरोगा शिवशरण तिवारी की टीम ने ननबुद्धा विश्वकर्मा पुत्र रामभरोसा निवासी सकरौली के कब्जे से 15 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। टीम में दरोगा शिवशरण तिवारी, सिपाही सूर्यकान्त यादव, राघवेन्द्र सिंह शामिल रहे। पहाडी थाने के दरोगा परशुराम यादव की टीम ने राजू पुत्र जगमोहन निवासी सकरौली के कब्जे से पांच लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ आबकारी अधिनियन के तहत मामला दर्ज किया है। टीम में दरोगा परशुराम यादव, सिपाही सूर्यकान्त यादव, राघवेन्द्र सिंह शामिल रहे।

## कानपुर के युवक की मंदाकिनी में डूबने से हुई मृत्यु

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले की सीमा से सटे मप्र सतना थाना नयागांव क्षेत्र में युवक की मंदाकिनी नदी में डूबने से मृत्यु हो गई। वह अपने सात साथियों के साथ कानपुर देहात से चित्रकूट घूमने आया था। पुलिस ने शव को नदी से निकालकर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है।

मंगलवार को कानपुर देहात थाना डेरापुर के डुबकी निवासी 30 वर्षीय शनि कटियार सवेरे करीब चार बजे सात साथियों के साथ कार से चित्रकूट घूमने आए थे। सवेरे पांच बजे सभी लोग आरोग्यधाम स्थित मंदाकिनी घाट स्नान करने पहुंचे। शनि साथियों के साथ मंदाकिनी में स्नान कर रहा था। अचानक गहरे पानी में जाने से वह डूब गया। साथी जब तक ध्यान देते पानी के अंदर अचेत हो गया। किसी तरह उसको पानी से बाहर निकाला और पुलिस की मदद से जानकीकुंड अस्पताल ले गए, लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी।

नयागांव थाना प्रभारी हीरालाल मिश्रा ने बताया कि युवक के परिजन को घटना की सूचना भेज दी गई है। युवक कानपुर से चित्रकूट दर्शन करने आया था। मंदाकिनी नदी में नहाते समय गहरे पानी में डूबने से मौत हुई है।

## आज होगी प्रगति समीक्षा बैठक

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला विकास अधिकारी आरके त्रिपाठी ने बताया कि जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द की अध्यक्षता में शासन से निर्धारित विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की माह अप्रैल तक अर्जित प्रगति की समीक्षा बैठक 17 मई को शाम साढे चार बजे कलेक्ट्रेट सभागार में होगी। बैठक में संबंधित सभी नोडल अधिकारी अपने विभाग से संबंधित सभी सूचनाओं समेत खुद हिस्सा लें। अपने विभाग के प्रपत्र से संबंधित अन्य अधिकारियों को भी बैठक में रहने को अवगत करायें।

## विद्युत विभाग की लापरवाही से 17 घंटे से नही मिली बिजली, आवाजाही से लोग परेशान

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला मुख्यालय से सटे कपसेठी गांव के लोगों का भीषण गर्मी में जीना मुहाल है। 17 घंटे से विद्युत आपूर्ति बाधित होने से लोगों को भारी परेशानी हो रही है। लाइट न आने से लोगो को पीने के पानी का भी संकट खडा हो गया है। पुरानी बाजार में डॉ सुधीर की गली के अन्दर भी तीन दिन से लगातार रात में कई बार विद्युत की आवाजाही से लोग खासे परेशान हैं।

मंगलवार को कपसेठी गांव के लोगों ने बताया कि विद्युत गोल होने पर जिम्मेदार अधिकारी फोन नही उठाते। सोमवार की रात दस बजे से पूरे इलाके में लाइट नही है। लापवाही से तंग आकर लोगो ने विद्युत विभाग के खिलाफ प्रदर्शन की बात कही है। पिछले 17 घंटे से विद्युत आपूर्ति लगातार बाधित है। चेताया कि विद्युत आपूर्ति चालू न हुई तो लोग प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

रानीपुर फीडर पर तैनात कर्मचारी लोगो के फोन नहीं उठाते। यहां तक कि उच्चाधिकारियों को भी गुमराह करते हैं। बताते हैं कि कपसेठी गांव में ट्रांसफार्मर जल गया है। 17 घंटे बाद भी ट्रांसफार्मर को बदला नहीं गया। इसी प्रकार पुरानी बाजार डॉ सुधीर की गली के अन्दर तीन दिनों से रात में विद्युत की आवाजाही से लोग खासे परेशान हैं। एसडीओ विद्युत से फोन से बात हुई। उन्होंने कहा कि आज से विद्युत की आवाजाही बन्द हो जायेगी।

## आरोग्यधाम बना मिनी गोवा, रात में आरोग्यधाम घाट में लोग जाते हैं रंगरेलियां मनाने

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** महासती अनुसुइया के तपोबल से निकली चित्रकूट की जीवनदायिनी मंदाकिनी नदी पर स्विमिंग पुल कितना जायज है, क्या इस पर साधु-संतों और समाजसेवियों को विचार नहीं करना चाहिए? संतों व समाजसेवियों को पुलिस प्रशासन को चित्रकूट की चिंता होती तो शायद आज आरोग्यधाम का स्विमिंग पुल मौत का पुल नहीं बनता। अब तक कइयों को जान नहीं गंवानी पड़ती। मंगलवार को आरोग्यधाम घाट के स्विमिंग पुल में गोवा की तर्ज पर तमाम प्रेमी जोड़े देखने को मिल रहे हैं। भारी भीड़ का नजारा देखा जा रहा है। रात के दो बजे भी शराबी वहां जाम छलकाते हैं, फिर तैरते हैं और लुत्फ उठाते हैं। मंदाकिनी नदी के रामघाट और राघव प्रयाग घाट में डुबकी लगाकर श्रद्धालु खुद को धन्य मानते रहे हैं, लेकिन अब रामघाट और राघव प्रयाग घाट की बजाय हर कोई आरोग्यधाम के स्विमिंग पुल में ही छलांग मारने आते हैं। स्विमिंग पुल की वजह से लोग मंदाकिनी के रामघाट और राघव प्रयाग घाट में डुबकी लगाने का असली महत्व खोते जा रहे हैं। स्वीमिंग पुल में खुली छूट है। वहां रात 12 बजे भी जाइए, चाहे जिसे लेकर कोई रोकटोक नहीं है। वहां पर कोई सुरक्षा नहीं है। यहां तक कि बहुत से लोग घाट में अंधेरे का लाभ उठाने आते हैं। स्विमिंग पुल बनाने से इस घाट और चित्रकूट की कैसी छवि बन रही है, ये चिन्तनीय है। तमाम लोग डूबकर मौत को गले लगा चुके। सवाल उठता है कि सोशल मीडिया में मंदाकिनी की चिंताकर शोहरत बटोरने वाले मौत के स्विमिंग पुल पर चिंतन क्यों नही करते। इसे गोवा नही बनने देना चाहते हैं तो चिन्तन करें। मंदाकिनी में हो रहे अनाचार को रोककर स्विमिंग पुल पर पूरी तरह से बैन लगना चाहिए। मंदाकिनी के घाटों की छवि धूमिल हो रही है।

## बंधिन के मंदिर में मना वार्षिकोत्सव, संत-महंतों का हुआ सम्मान

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** पाठा क्षेत्र के बंधिन गांव में रामजानकी मंदिर का पांचवां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। धर्मनगरी के 11 महंत और संतों को सम्मानित किया गया। भजन- कीर्तन और भंडारे में क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने सहभागिता की।

मंगलवार को बंधिन गांव में बने रामजानकी मंदिर के पांचवें वार्षिकोत्सव में अखंड रामनाम संकीर्तन के साथ ही विविध धार्मिक आयोजन हुए। हवन पूजन से लेकर हुए आयोजनों में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। राममिलन गौतम, ज्ञानू मिश्रा और बूडे हनुमान मंदिर के पुजारी रामजी नें कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे तीर्थक्षेत्र के 11 महंत और संतों का सम्मान किया। बाद में भव्य भण्डारे का आयोजन किया गया। मंदिर के वार्षिकोत्सव में महंत दिव्यजीवन दास, महंत सीता शरण दास, राकेशदास, रामायणी जी, मानिकपुर के अपना दल (एस ) विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी, ब्लाक प्रमुख सुशील द्विवेदी, फतेहपुर के श्याम तिवारी, बनारस के पवन के, बुंदेली सेना के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह समेंत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# कर्वी ब्लाक में तैनात सचिव मचाये हैं लूट

## सचिवों ने करोडों की चल-अचल सम्पत्ति बनाई है

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कर्वी ब्लाक में तैनात ग्राम पंचायत अधिकारी मान सिंह, सचेन्द्र सिंह, श्रीश्याम व शिवम सिंह की मनमानी खूब देखने को मिल रही है। जो अपने तैनाती गांवों में विकास कार्यों के नाम पर जमकर भ्रष्टाचार करते दिखाई दे रहे हैं।

मंगलवार को कर्वी ब्लाक के सचिवों के भ्रष्टाचार का खुलासा हुआ है। ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों के नाम पर मनरेगा योजना से कराए कार्यों में जमकर धांधली की कर राज्य वित्त आयोग व चैदहवें वित्त व पंद्रहवें वित्त आयोग की धनराशि को मनमानी ढंग से ठिकाने लगाया जा रहा है। मनरेगा योजना से कराए डब्ल्यूबीएम रोड़ निर्माण कार्य, मेडबंडी व समतलीकरण व तालाबों की खुदाई के नाम पर जमकर धांधली की गई है। राज्य वित्त आयोग व पंद्रहवें वित्त आयोग की धनराशि को हैंडपंप रीबोर व हैंडपंप मरम्मतीकरण के नाम पर खूब लीपापोती की गई है। टैंकर से पानी आपूर्ति के नाम पर फर्जी ढंग से भुगतान किए गए हैं। विद्यालयों के मरम्मतीकरण के नाम पर लीपापोती की गई है।

सदर ब्लाक कर्वी में तैनात इन सचिवों की नियुक्ति दिसंबर 2016 में हुई थी, लेकिन इन सचिवों ने ग्राम पंचायतों के विकास कार्यों के नाम पर धांधली करते हुए करोड़ों रुपए की चल-अचल सम्पत्ति के मालिक बन बैठे हैं। इन सचिवों में सबसे पहले नंबर पर शिवम सिंह का नाम आता है। जो कुछ ही सालों में करोड़ो रुपए की चल-अचल सम्पत्ति बना ली है।

सूत्रों ने बताया कि शिवम सिंह अपनी चारपहिया बुलेरो गाड़ी को खण्ड विकास अधिकारी के यहां लगाए हैं। जिसके चलते खण्ड विकास अधिकारी की छत्रछाया भी सचिव पर बनी है। ग्राम पंचायत अधिकारी मान सिंह व सचेंद्र सिंह के भ्रष्टाचारी कारनामें चर्चा का विषय बने हैं। जिला प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों की मेहरबानी खूब बरस रही है। जिसके चलते ये सचिव अपनी मनमानी से बाज नहीं आ रहे हैं। ग्राम पंचायत अधिकारी मान सिंह के तैनाती हरिहरपुर, भारतपुर, बैहार व टिटिहरा व पहरा ग्राम पंचायत में भ्रष्टाचार की हदें पार कर दी है। ग्राम पंचायत अधिकारी सचेंद्र सिंह ने ग्राम पंचायत पुरवा तरौंहा, कपसेठी व रानीपुर भट्ट में विकास कार्यों के नाम पर खूब धांधली की है। सचिव श्रीश्याम ने ग्राम पंचायत कहेटा माफी, सकरौली व दुबारी ग्राम पंचायत में जमकर भ्रष्टाचार किया है। ग्राम पंचायत अधिकारी शिवम सिंह ने ग्राम पंचायत शिवरामपुर समेत अन्य कई ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों के नाम पर जमकर धांधली करते हुए सरकारी धन का बंदरबाट किया है। इन ग्राम पंचायत अधिकारियों ने स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत बनवाए शौचालयों के निर्माण में भी धांधली की है। ज्यादातर शौचालयों का निर्माण कार्य नहीं कराया गया है। फजीर्वाड़ा से भुगतान निकला लिया है। बिना शौचालय निर्माण के ग्राम पंचायतों को ओडीएफ कर दिया गया है। मजे की बात ये है कि ग्राम पंचायत अधिकारी सरकार के जीरो टॉलरेंस को चुनौती देते हुए सरकारी धन को ठिकाने लगा रहे है। इनके भ्रष्टाचार की शिकायत जिम्मेदार अधिकारियों से करने पर भ्रष्टाचार को छिपाने को मोटी रकम वसूलकर शिकायत ठंडे बस्ते में डाल दी जाती है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से ग्राम पंचायत अधिकारियों के तैनाती गांवों में कराए विकास कार्यों की जांच कराकर कार्यवाही की मांग की है।

# कथा में राम जन्मोत्सव से माहौल हुआ राममय

## नौ दिनी रामकथा सुना रहे अनुज शास्त्री

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कर्वी ब्लाक के बिहारा गांव के पेरातीर हनुमान मंदिर प्रांगण में रामेश्वर भोलेनाथ मंदिर में भोलेराम शुक्ला जनकल्याण को राम कथा करा रहे हैं। श्रीराम कथा के तीसरे दिन श्रीराम जन्मोत्सव मनाया गया। भये प्रगट कृपाला दीन दयाला कौशल्या हितकारी पंक्तियों ने पूरा माहौल राममय कर दिया।



कथा के तीसरे दिन कथा व्यास अनुज शास्त्री ने कहा कि हरिनाम उसे फलित होता है, जिसका स्वभाव गाय के समान हो। कुदरती गरीबी ही असली अमीरी है। दया गरीब का आभूषण है। जिसमें दया हो वह ही साधु होता है। भजन करने वाला हो या न हो बस वह शीलवान हो। गरीब को कभी मत सताओ, उससे प्रेम करो। कथा व्यास अनुज शास्त्री ने अमृत वर्षा करते हुए कहा कि श्रीराम कथा में संस्कार, चरित्र और आचरण का खजाना भरा पड़ा है। आस्था अनुसार जितना चाहे लूट लो, तुम्हें कोई रोकने वाला नहीं है। परमात्मा ने स्वभाव में गरीबी दी हो तो ग्लानि मत करना। हरिनाम उसका सफल होता है, जिसका स्वभाव सरल होता है। कथाएं भगवान श्रीमुख से निकलती हैं, जिसमें प्रेम का अमृत रूपी प्रसाद होता है। वह सामने वाले पर निर्भर है कि वह कथा रूपी प्रसाद अपने ह्दय में कितना ग्रहण करता है। जीवन संघर्ष का दूसरा नाम रामायण ग्रंथ है। झरनों से पतली से धारा निकलती है, जो आगे चलकर विशाल नदी का रूप धारण कर मोक्षदायिनी बनती है। ऐसे ही भक्ति का छोटा सा अंकुर अगर ह्दय में अंकुरित हो जाए, तो वह कथाओं में परिवर्तित हो जाता है। शरणगम प्रमार्थ को मानता है। निरंतर चलते रहना। राम तत्व ज्ञान और गुणों का भंडार है।वह भक्ति की पराकाष्ठा है। सती कथा का सुख प्राप्त नहीं कर सकती। भक्ति की जिज्ञासा भगवान शिव का वरदान है, सच्चिदानंद मतलब श्रीराम. जिसकी भक्ति ब्रह्मांड करें, वह ईश्वर साक्षात राम है। उन्होंने कहा कि बुद्धि सुधार प्रतीक्षा का मार्ग से संभव है। कथा क्रीड़ा है, जितनी चाहे मौज उड़ाओ। इसमें कर्म की वचनता नहीं होती, रहमत बरसती है। उन्होंने कहा कि जिसने परमात्मा के चरणों में प्यार नहीं किया वह सांसारिक क्रियाएं भोगता रहेगा। यम, नियम, आसन, ध्यान, धारणा, प्राणायाम, समाधि है, हरिनाम सीधी समाधि है। उदारता आपको सम्मान दिलाती है और भक्ति प्रेम करना सिखाती है। इस दौरान रमाकांत मिश्रा, चंद्रशेखर तिवारी, रमेश चंद्र शुक्ला, हिमांशु शुक्ला, द्वारिका प्रसाद द्विवेदी, विकास शुक्ला, मुन्ना त्रिपाठी, गुड्डू नामदेव, संतोष कुमार मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# एमएचएस विंग खोह अस्पताल लोगों के लिए होगा वरदान: डीएम

## आज से शुरू होगा खोह अस्पताल

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने एमएचएस विंग खोह अस्पताल के संचालन बाबत औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेकर सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी को निर्देश दिए कि कल से अस्पताल में कुछ गर्भवती महिलाओं को भेजकर डिलीवरी शुरू करायें। मशीनरी की जो कमी हो उसकी व्यवस्था जिला अस्पताल तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों से करायें। पैथोलॉजी आदि का प्रयोग सही ढंग से किया जाए।



मंगलवार को जिलाधिकारी ने खोह स्थित अस्पताल का निरीक्षण कर कहा कि सिक्योरिटी गार्ड एवं स्वीपर की व्यवस्था करायें। आशा-एएनएम को सक्रिय करके अस्पताल के संचालन संबंध में प्रचार-प्रसार कराएं। अस्पताल में बोर्ड भी लगाया जाए कि डॉक्टर, वार्ड बॉय, स्टाफ नर्स कहां पर बैठेंगे। डिलीवरी कहां होगी। दवा कहां मिलेगी। पर्चा कहां कटेगा। यह सब व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए। लिफ्ट ऑपरेटर की भी व्यवस्था करें। डाटा एंट्री ऑपरेटर को भी रखा जाए। उन्होंने सीएमओ से कहा कि अस्पताल के संचालन से जिले के लोगों के लिए वरदान साबित होगा।

जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक एमएचएस विंग खोह डॉ ओपी भास्कर से डिलीवरी वार्ड, प्रसव कक्ष, न्यू बेबी केयर वार्ड, पोस्ट डिलीवरी वार्ड, ओपीडी कक्ष, दवाओं की उपलब्धता आदि के बारे में जानकारी ली। आईसीयू एवं पीकू वार्ड की भी व्यवस्था कराए जाने के निर्देश दिए। अस्पताल के संचालन दौरान सभी वार्डों की साफ-सफाई अच्छे से होनी चाहिए। मैन पावर और बढ़ा लिया जाए। उन्होंने सीएमओ से कहा कि जिन संविदा कर्मचारियों का मानदेय शासन से अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है। उनकी ओर से पत्राचार भी शासन को किया जाए। निरीक्षण दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ ओपी भास्कर, डॉ ऊषा सिंह समेत संबंधित चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# एनडीआरएफ ने आपदा से बचाव को किया बैठक

## डीएम ने पूंछा भगदड से कैसे बचें

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एनडीआरफ की बैठक जिला कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। बैठक में एनडीआरफ का प्रारंभ, मांक एक्सरसाइज, मांक एक्सरसाइज की जरूरत कैसे पड़ी, एनडीआरएफ का मोटो, एनडीआरएफ की ट्रेनिंग, एनडीआरएफ की भागीदारी, स्टेप ऑफ माक एक्सरसाइज, टेबल टॉप एक्सरसाइज आदि बिंदुओं पर चर्चा हुई। मंगलवार को डीएम ने कहा कि परिक्रमा मार्ग पर अगर भगदड़, भीड़ या सार्टसर्किट होती है तो इससे कैसे निपटा जाए, इसके लिए कुछ कार्य योजना बनाएं। उन्होंने कहा कि मई में अमावस्या पड़ेगी। इसकी कार्य योजना बनाकर कार्यक्रम कराएं।



उन्होंने अपर जिला अधिकारी को निर्देश दिया कि कुछ चैकी, वालंटियर आदि के बारे में बताएं। उप कमांडेंट प्रेम पासवान ने बताया कि चित्रकूट में लगे लक्ष्मण पहाड़ी रोपवे पर किसी प्रकार की आपात स्थिति होने पर क्या किया जाएगा। जिला मुख्यालय स्थित सभागार में एक संयुक्त बैठक बुलाई गई। जिसमें एनडीआरएफ समेत विभिन्न हितधारकों ने भाग लिया। 17 मई को एक संयुक्त मॉक अभ्यास का निर्णय लिया। उपमहानिरीक्षक मनोज कुमार शर्मा के निर्देशन में, उप कमांडेंट प्रेम कुमार पासवान की अगुवाई में एनडीआरफ टीम ने टेबल टॉप एक्सरसाइज बैठक में भाग लिया।

उ ए ा

कमाडेंट ने बताया कि यह पूरा मॉक अभ्यास इंसीडेंट रिस्पांस सिस्टम के तहत किया जाएगा। जिससे आपसी तालमेल और तैयारियों का स्तर और ऊंचा होगा। सभी विभागों इस प्रकार के आपात दौरान अपनी-अपनी भूमिका निभाने के बारे में पता होगा। आपदा के प्रभाव को कम किया जा सकता है। सबके बेहतर तालमेल से ही आपदा प्रबंधन के कार्य को आसानी से किया जा सकता है। टेबल टॉप एक्सरसाइज बैठक में एडीएम कुंवर बहादुर सिंह, डॉ एमके सहायक मुख्य चिकित्सा अधिकारी, प्रेम कुमार पासवान उप कमांडेंट (एनडीआरफ), राहुल कुमार आपदा विशेषज्ञ, निरीक्षक अनिल कुमार, निरीक्षक शिवपूजन सिंह, एनडीआरएफ की 35 सदस्यीय टीम, पुलिस, वन विभाग के जिला के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## एएसपी ने परेड का निरीक्षण कर देखी ड्रिल

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी ने पुलिस लाइन में परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया। परेड में उन्होंने पुलिस कर्मियों की ड्रिल का निरीक्षण किया।

मंगलवार को एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी ने पुलिस लाइन का भ्रमण कर परिवहन शाखा, मैस, कैंटीन, क्वार्टर गार्द का निरीक्षण कर प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन को दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने आदेश कक्ष में अर्दली रूम किया। परेड आर्मरी ने परेड में मौजूद सभी अधिकारी-कर्मचारीगणों को ऑटोमैटिक एवं सेमी-ऑटोमेटिक शस्त्रों के संचालन की जानकारी दी।

इस मौके पर प्रतिसार निरीक्षक सुमेर सिंह, दरोगा एपी रामदीन व अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## एक वांछित चार वारंटी दबोचे

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में पुलिस ने एक वांछित व तीन वारंटी को गिरफ्तार किया है।

मंगलवार को मऊ थाने के दरोगा इन्द्रजीत गौतम की टीम ने चोरी व माल बरामद मामले में वांछित विष्णु चमार पुत्र अशफीर्लाल चमार निवासी चमरौडी को गिरफ्तार किया। टीम में दरोगा इन्द्रजीत गौतम, सिपाही नागेश कुमार शामिल रहे।

इसी क्र में चैकी प्रभारी जिला कारागार रगौली श्यामदेव सिंह की टीम ने वारंटी भुवनेश्वर गुप्ता पुत्र धीरेन्द्र गुप्ता निवासी बल्दाऊगंज को गिरफ्तार किया है। टीम में चैकी प्रभारी जिला कारागार रगौली श्यामदेव सिंह, दीवान सुभाषचन्द्र शामिल रहे। चैकी प्रभारी परिक्रमा मार्ग हरीशचन्द्र मिश्रा की टीम ने वारंटी शिवकुमार पुत्र कुन्जबिहारी निवासी भगनपुर को गिरफ्तार किया है। टीम में चैकी प्रभारी परिक्रमा मार्ग हरीशचन्द्र मिश्रा, सिपाही राहुल वर्मा शामिल रहे। कोतवाली कवी के दरोगा प्रवीण कुमार सिंह की टीम ने विद्युत अधिनियम के वारंटी राजकुमार पुत्र ननका निवासी जगदीशगंज को गिरफ्तार किया है। टीम में दरोगा प्रवीण कुमार सिंह, सिपाही रोशन, सिपाही राजीव सिंह शामिल रहे।

## डीएम ने लोगों की सुनी समस्यायें


**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने कलेक्ट्रेट स्थित अपने कक्ष में कोविड-19 का पालन करते हुए जनता दर्शन में आए छोटेलाल चकौध, रामकृपाल पहरा, बसंतलाल अल्मापुरवा मजरा कादरगंज, भूरेलाल भदेदू, ललित कुमार बकटा बुजुर्ग आदि ब्लॉको से आए फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरता से सुना। समस्यायें सुनकर निस्तारण को सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने जनता दर्शन में प्राप्त शिकायतों को संबंधित अधिकारियों के पास भेजकर शासन की मंशानुसार निस्तारण करने के निर्देश दिये। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक बन्दिता श्रीवास्तव मौजूद रहीं।

## विभाग लापरवाह, लेजर शो ठप्प होने से तीर्थयात्री मायूस, बुंदेली सेना ने नदी सफाई का किया श्री गणेश

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** पिछले लगभग दस दिनों से रामघाट में लेजर लाइट एन्ड साउंड शो का संचालन ठप्प है। न तो पर्यटन विभाग को इसकी परवाह है और न ही नयागांव नगर पंचायत को। मायूस हैं तो केवल लेजर शो देखने की इच्छा रखने वाले तीर्थयात्री। बुंदेली सेना ने जिलाधिकारी से ठोस पहल की मांग की है।

मंगलवार को बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि योगी सरकार के ड्रीम प्रोजेक्ट पर जानबूझकर ग्रहण लगाया जा रहा है। बेपरवाही का आलम यह है कि आए दिन नयागांव रपटा के फाटक खोलकर रामघाट में नदी का पानी कम कर दिया जाता है। लेजर शो के संचालन की जिम्मेदारी पर्यटन विभाग के पास है। पर्यटन विभाग यह कहकर पल्ला झाड़ लेता है कि रपटा के फाटक नगर पंचायत नयागांव से खोलवाये जाते हैं। फाटक भी केवल बारिश के दिनों में ही खोले जाते थे, लेकिन अब मनमानी हावी है। अचानक फाटक खुलने से नदी में गंदगी का साम्राज्य नजर आता है। दिव्यांग रैम्प के पास से एक नाला सीधे मन्दाकिनी नदी में गिर रहा है। इस नाले से बड़े पैमाने पर गंदगी और कचरा नदी में गिरता है। इस नाले को लेकर भी दो विभाग एक दूसरे पर पल्ला झाड़ रहे हैं। उधर नयागांव रपटा से बूडे हनुमान मंदिर के बीच नदी की गंदगी सफाई का बुंदेली सेना ने अभियान शुरू कर दिया है। लोगों से नदी में कचरा और गंदगी न फेंकने की अपील की। बुंदेली सेना ने जिलाधिकारी से लेजर शो शुरू कराने, नाले को रोंकने और नदी सफाई कराने का अनुरोध किया है।

## भारत दौरे से लौटे नेपाल के पूर्व नरेश, नेपाल की संसद में उठे सवाल

**काठमांडू।** नेपाल के पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र शाह अपनी भारत यात्रा से वापस आ गए हैं। शाह अपने परिवार के साथ सड़क मार्ग से नेपालगंज लौटे। अपनी भारत यात्रा के दौरान पूर्व नरेश शाह ने 10 मई को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। उन्होंने 14 मई को अयोध्या में निर्माणाधीन राम मंदिर का निरीक्षण किया। पूर्व नरेश ने छह मई को रुपइडिया सीमा से भारत में प्रवेश किया था। अपनी 10 दिवसीय यात्रा के दौरान उन्होंने महत्वपूर्ण राजनीतिक बैठकें भी कीं। इसे लेकर नेपाल की संसद में सवाल उठाया गया है। सीपीएन (यूएमएल) सांसद रघुजी पंत ने भारत में पूर्व नरेश के स्वागत को भारत की प्रेशर डिप्लोमेसी करार दिया। मुख्यमंत्री बनने से पहले योगी 2014 में काठमांडू आए थे और नेपाल को राजशाही वाला हिंदू राष्ट्र बनाने की जरूरत जताई थी। अब पूर्व नरेश की योगी से मुलाकात के बाद नेपाल के नेता बौखला गए हैं। नेपाल में पूर्व नरेश शाह की राजनीतिक गतिविधियां तेज होती जा रही हैं।



## पाकिस्तान सुप्रीम कोर्ट को उम्मीद, सरकार और इमरान की पार्टी में बातचीत से दूर हो सकता गतिरोध

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में चल रहे घमासान के बीच देश में चुनाव कराने का मसला एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। अब पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने उम्मीद जताई है कि देश की गठबंधन सरकार और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इस्लाम (पीटीआई) के बीच बातचीत से देश में चुनाव कराने पर गतिरोध दूर हो सकता है। इस बीच पाकिस्तान के सत्तारूढ़ गठबंधन के कार्यकर्ताओं ने सुप्रीम कोर्ट के बाहर प्रदर्शन किया। इस कारण वहां सुरक्षा बंदोबस्त भी बढ़ा दिये गए थे। पाकिस्तान में इस समय पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और मौजूदा सत्तारूढ़ गठबंधन के बीच घमासान मचा है। इमरान खान ने अपनी सरकार को गलत ढंग से गिराए जाने का आरोप लगाते हुए अपनी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इस्लाम के कब्जे वाली विधानसभाएं भंग करा दी थीं। उसके बाद से पंजाब और खैबरपख्तूनख्वा के साथ सिंध और बलूचिस्तान विधानसभाओं व नेशनल एसेंबली को भी भंग कर चुनाव कराने की मांग कर रहे हैं। पाकिस्तान सुप्रीम कोर्ट ने भी पंजाब विधानसभा चुनाव मई में कराने के आदेश दिये थे, किन्तु चुनाव आयोग ने ऐसा करा पाने में असमर्थता जाहिर की है। अब चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। पाकिस्तान सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश उमर अट्टा बांदियाल की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय विशेष पीठ इस मामले की सुनवाई कर रही है। इस पीठ में न्यायमूर्ति एजाज-उल-अहसन और न्यायमूर्ति मुनीब अख्तर भी शामिल हैं।

## इमरान की पत्नी बुशरा को उच्च न्यायालय से 23 मई तक मिली जमानत


**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान सोमवार को अल कादिर ट्रस्ट मामले में पत्नी बुशरा बीबी के साथ लाहौर उच्च न्यायालय में पेश हुए। न्यायालय ने बुशरा बीबी को 23 मई तक की जमानत दे दी है।

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद से पाकिस्तान में हंगामा मचा हुआ है। सर्वोच्च न्यायालय की अनुमति से इमरान जेल से रिहा तो हो गए किन्तु वे बार-बार अपने व अपनी पत्नी बुशरा बीबी के लिए खतरे की बात कह रहे हैं। इमरान ने पत्नी बुशरा बीबी के साथ लाहौर उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। सुनवाई के दौरान लाहौर उच्च न्यायालय ने इमरान की पत्नी को 23 मई तक जमानत दे दी। इमरान खान की लाहौर हाई कोर्ट में पेशी के दौरान उनके विरोधी सुप्रीम कोर्ट पहुंचे और विरोध प्रदर्शन करते हुए वहां जमावड़ा लगा दिया। इमरान खान की रिहाई के खिलाफ पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट के कार्यकर्ता विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट में सत्ताधारी पाकिस्तान मुस्लिम लीग नवाज, जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम-फजल और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी सहित कई पार्टियां शामिल हैं।

## बेल्जियम के साथ मजबूत होंगे भारत के रिश्ते, यूरोपीय संघ से बढ़ेगा तकनीकी सहयोग

**ब्रसेल्स।** यूरोपीय संघ के साथ तकनीकी सहयोग बढ़ाने की दिशा में भारत काम कर रहा है। बेल्जियम दौरे पर पर पहुंचे भारतीय विदेश, सूचना प्रौद्योगिकी और वाणिज्य मंत्रियों ने बेल्जियम के प्रधानमंत्री के साथ विचार-विमर्श में दोनों देशों के बीच रिश्ते मजबूत करने की बात कही है।

भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर, सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री राजीव चंद्रशेखर और वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल बेल्जियम के दौरे पर हैं। तीनों मंत्रियों ने बेल्जियम के प्रधानमंत्री एलेक्जेंडर डे क्रू से मुलाकात की और द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर चर्चा की। दोनों देशों में आपसी संबंधों में विस्तार करने और नए क्षेत्रों में काम करने पर सहमति जताई गई। तीनों भारतीय मंत्री ब्रसेल्स में आयोजित हो रही भारत-यूरोपीय संघ की ट्रेड एंड टेक्नोलॉजी काउंसिल की पहली बैठक में शामिल होंगे। तीनों भारतीय मंत्रियों ने यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन से भी मुलाकात की। इस बैठक के दौरान भारत और यूरोपीय संघ के बीच बने कार्यदायी समूहों के कामकाज पर चर्चा होगी। भारत और यूरोपीय संघ रणनीतिक तौर पर अहम तकनीक, डिजिटल प्रशासन और डिजिटल कनेक्टिविटी के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाएंगे। इनमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्वांटम कंप्यूटिंग, सेमी कंडक्टर और साइबर सिक्योरिटी जैसी अहम तकनीकों के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर जोर होगा। इसके अलावा हरित ऊर्जा और अक्षय ऊर्जा तकनीक के क्षेत्र में सहयोग पर जोर होगा। भारत व यूरोपीय संघ निवेश व व्यापार के क्षेत्र में भी सहयोग बढ़ाएंगे।



## विदेश मंत्री जयशंकर ने स्वीडन में कहा, आपके मुंह में घी-शक्कर

**स्टॉकहोम।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने यहां भारतीय समुदाय के साथ बातचीत के दौरान भारतीय संस्कृति के वैश्वीकरण पर पूछे गए एक सवाल का जवाब देते हुए हिंदी के मुहावरे, आपके मुंह में घी-शक्कर का उपयोग किया जिसके बाद लोगों के चेहरे पर मुस्कुराहट आ गई। जयशंकर यूरोपीय संघ हिंद-प्रशांत मंत्रालयी मंच की बैठक में भाग लेने के लिए तीन दिवसीय यात्रा पर स्वीडन आए हैं। उन्होंने रविवार शाम स्वीडन में भारतीय समुदाय के लोगों से बातचीत की और द्विपक्षीय संबंधों में आई प्रगति से उन्हें अवगत कराया। विदेश मंत्री ने भारत में जारी परिवर्तन और प्रवासी भारतीयों के लिए वहां सृजित किए गए अवसरों को रेखांकित किया। यह पूछे जाने पर कि वैश्वीकरण के इस युग में क्या पश्चिम ने हैमबर्गर के बजाय पानी पूरी खाना शुरू कर दिया है और क्या अब शर्ट पर न्यूयॉर्क के बजाय नई दिल्ली छपेगा, उन्होंने कहा कि एक शब्दावली है, जिसे आपके मुंह में घी-शक्कर कहा जाता है। इस पर लोगों के चेहरे पर मुस्कुराहट आ गई और उन्होंने तालियां बजाईं।



## मोदी की यात्रा से पहले अमेरिकी रिपोर्ट में भारत को नसीहत, मुस्लिमों पर हमलों का जिक्र

**अमेरिकी रिपोर्ट में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत की पहल व बयानों की भी हुई चर्चा**

**वाशिंगटन।** अगले महीने भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका यात्रा से पहले अमेरिका ने एक रिपोर्ट जारी की है, जिसमें भारत को नसीहत दी गयी है। अमेरिकी विदेश विभाग ने अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता पर अपनी वार्षिक रिपोर्ट में भारतीय मुस्लिमों के घरों पर बुलडोजर चलाने और मध्य प्रदेश के खरगोन में मुस्लिमों के घरों पर हमले का भी जिक्र किया गया है।

रिपोर्ट में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत की सद्भाव की पहल व इस दिशा में दिए उनके बयानों की भी चर्चा हुई है।

अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने 'अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता पर वार्षिक रिपोर्ट 2022' जारी करते हुए कहा कि इस रिपोर्ट का उद्देश्य उन क्षेत्रों को उजागर करना है, जहां जवाबदेही को बढ़ावा देने के लिए धर्म या विश्वास की स्वतंत्रता का दमन किया जा रहा है। रिपोर्ट के भारत खंड में कहा गया है कि इस वर्ष के दौरान कई राज्यों में धार्मिक अल्पसंख्यक सदस्यों के खिलाफ हिंसा की कई रिपोर्ट सामने आई, जिसमें गुजरात में सादी वर्दी में पुलिस द्वारा अक्टूबर में एक त्योहार के दौरान हिंदू उपासकों को घायल करने के आरोपित चार मुस्लिम पुरुषों को सार्वजनिक रूप से पीटने और मध्य प्रदेश सरकार द्वारा अप्रैल में खरगोन में सांप्रदायिक हिंसा के बाद मुस्लिमों के घरों और दुकानों पर बुलडोजर चलाने का मामला भी शामिल है। हालांकि, अमेरिका के अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता कार्यालय के विशेष राजदूत रशद हुसैन ने कहा कि भारत भर में विविध धार्मिक समुदाय से जुड़े कानून के हिमायती और धार्मिक नेताओं ने हरिद्वार शहर में मुस्लिमों के खिलाफ नफरती भाषा के मामलों की निंदा की और देश का आह्वान किया कि उसके ऐतिहासिक बहुलवाद एवं सहिष्णुता की परंपरा को बनाए रखा जाए। रिपोर्ट में जानकारी दी गयी है कि सितंबर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने मुस्लिम समुदाय के पांच प्रमुख सदस्यों से उनकी चिंताओं को सुनने और मुसलमानों एवं हिंदुओं के बीच सांप्रदायिक सद्भाव को बढ़ावा देने के बारे में चर्चा करने के लिए मुलाकात की। रिपोर्ट के अनुसार, '2021 में भागवत ने सार्वजनिक रूप से कहा था कि देश में हिंदुओं और मुस्लिमों के साथ धर्म के आधार पर अलग-अलग व्यवहार नहीं करना चाहिए और गोकशी के लिए गैर-हिंदुओं की हत्या हिंदुत्व के खिलाफ है।'



## पाकिस्तान में हिंसा से जुड़े बिना अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर अमेरिका का जोर

**वाशिंगटन।** पाकिस्तान में चल रहे आंतरिक घमासान के बीच अमेरिका ने किसी तरह की हिंसा से जुड़े बिना अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने वर जोर दिया है। अमेरिका ने साफ कहा है कि अमेरिका और पाकिस्तान के बीच अच्छे संबंधों के लिए पाकिस्तान का मजबूत, स्थिर और समृद्ध होना जरूरी है।

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी और उसके बाद मचे घमासान पर पूरी दुनिया की नजर है। इस मसले पर पत्रकारों से बातचीत में अमेरिका के विदेश विभाग के उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने कहा कि लोगों को हिंसा में भाग लिए बिना स्वयं को अभिव्यक्त करने की स्वतंत्रता मिलनी चाहिए। पाकिस्तान के घटनाक्रम पर पक्ष प्रस्तुत करते हुए कहा कि अमेरिका का किसी एक राजनीतिक दल या एक उम्मीदवार से कोई मतलब नहीं है। अमेरिका का पूरा जोर एक मजबूत, स्थिर और समृद्ध पाकिस्तान से है, जो अमेरिका-पाकिस्तान संबंधों के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि किसी भी गिरफ्तारी के लिए ऐसे व्यक्ति को उनके कानूनों के अनुसार बुनियादी मानवाधिकारों का का अनुपालन किया जाना चाहिए। पाकिस्तान में प्रेस की स्वतंत्रता पर पटेल ने कहा कि मौजूदा स्थिति को देखकर कोई भी धारणा बनाना सही नहीं है। अमेरिका की नीति है कि हर व्यक्ति की पहुंच मीडिया और जानकारी तक होनी चाहिए। सरकार और पत्रकारों के बीच सूचना का लगातार आदान-प्रदान होता रहना चाहिए।



## म्यांमार में बंदरगाह निर्माण पूरा कर भारत ने दी है चीन को कड़ी चुनौती

**म्यांमार।** म्यांमार में चीन के बढ़ते जा रहे प्रभाव को अब कड़ी चुनौती मिली है। भारत के सहयोग से बना एक बंदरगाह यहां चालू हो गया है। समझा जाता है कि इस बंदरगाह से म्यांमार के अंतरराष्ट्रीय व्यापार में बढ़ोतरी होगी। यह बंदरगाह म्यांमार के रखाइन प्रांत में बना है। सित्तवे पोर्ट नामक इस बंदरगाह पर पिछले मंगलवार को पहला कार्गो (मालवाही) जहाज पहुंचा। यह जहाज कोलकाता से चला था। जहाज के स्वागत के लिए उस मौके पर वहां भारत और म्यांमार के सैन्य अधिकारी मौजूद थे।

सित्तवे पोर्ट भारत के मल्टी-मॉडल ट्रांजिट ट्रांसपोर्ट प्रोजेक्ट का हिस्सा है। इस प्रोजेक्ट के तहत कोलकाता से म्यांमार के पश्चिमी तट तक समुद्री रास्ता तैयार किया गया है। उस जगह से जमीनी मार्ग से म्यांमार के अलग-अलग हिस्सों में माल पहुंचाने के रास्ते तैयार किए जा रहे हैं। इनमें एक रास्ता कलादान नदी के जरिए जाएगा, जबकि एक हाईवे भी बन रहा है। भारत के जहाजरानी मंत्री सर्वोनंद सोनेवाल ने कहा है कि इस समुद्री मार्ग के तैयार होने से भारत के उत्तर-पूर्वी क्षेत्र का दक्षिण-पूर्व एशिया से सीधा संपर्क बन गया है। कलादन परियोजना के निर्माण के लिए भारत और म्यांमार के बीच 2008 में समझौता हुआ था। तब इस पर साढ़े 48 करोड़ डॉलर खर्च होने का अनुमान लगाया गया था। बंदरगाह के उद्घाटन के मौके पर भारत के अधिकारियों ने आशा जताई कि इससे देश के उत्तर-पूर्वी इलाके का हिंद महासागर से संपर्क बनेगा और उससे उस पूरे क्षेत्र के आर्थिक विकास का रास्ता खुलेगा। विश्लेषकों ने ध्यान दिलाया है कि चीन भी म्यांमार के रास्ते हिंद महासागर तक अपनी पहुंच बनाने में जुटा हुआ है। चीन के विदेश मंत्री चिन गांग ने इस महीने के पहले हफ्ते में म्यांमार का दौरा किया। बीते दो मई को चिन की यहां सैनिक तानाशाह मिन आंग हलायंग से बातचीत हुई। इसके बाद चिन ने कहा कि उनका देश चीन-म्यांमार इकॉनमिक कॉरिडोर के निर्माण का कार्य अब तेज कर देगा। इस परियोजना के तहत म्यांमार में लॉजिस्टिक्स और औद्योगिक इन्फ्रास्ट्रक्चर का निर्माण होना है। इस इन्फ्रास्ट्रक्चर के जरिए चीन की हिंद महासागर तक पहुंच बन जाएगी। चीन ने रखाइन प्रांत के कयोकप्यू में एक बड़े बंदरगाह और औद्योगिक क्षेत्र के निर्माण की योजना बनाई है। इस लिहाज से फिलहाल भारत ने बाजी मार ली है। हालांकि कलादान ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर के तहत बनने वाले हाइवे का निर्माण कार्य धीमी गति से ही आगे बढ़ पा रहा है। इसका कारण उस क्षेत्र में म्यांमार की सेना और लोकतंत्र समर्थक गुटों के बीच चल रहा गृह युद्ध है, जहां इसका निर्माण होना है।

## तुर्किए में राष्ट्रपति चुनाव दूसरे दौर में जाएगा, एर्दोआन का उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन

**अंकारा।** तुर्किए के निर्वाचन प्रमुख अहमत एनेर ने कहा है कि राष्ट्रपति पद की दौड़ 28 मई को दूसरे दौर में जाएगी क्योंकि मौजूदा राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन को स्पष्ट जीत नहीं मिल पाई है। सुप्रीम इलेक्टोरल बोर्ड के प्रमुख एनेर ने सोमवार को कहा कि जब विदेशों से आए शेष 35,874 वोट गिने गए, तब भी किसी उम्मीदवार को चुनाव जीतने के लिए जरूरी बहुमत नहीं मिल पाया। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक परिणामों से पता चलता

तुर्किए में राष्ट्रपति चुनाव सोमवार को दूसरे दौरे में बढ़ता प्रतीत हुआ क्योंकि राष्ट्रपति एर्दोआन अपने मुख्य प्रतिद्वंद्वी से आगे तो निकल गए लेकिन स्पष्ट जीत हासिल नहीं कर पाए हैं। देश में हो रहे चुनाव पर पूरी दुनिया की नजर है कि रणनीतिक रूप से स्थित यह नाटो देश राष्ट्रपति की मजबूत पकड़ में रहता है या यह उनके मुख्य प्रतिद्वंद्वी किमल किलिकडारोग्लू द्वारा परिकल्पित अधिक लोकतांत्रिक रास्ते पर आगे बढ़ता है।

देश पर एर्दोआन ने 20 वर्षों तक शासन किया है। सर्वेक्षणों में यह बात सामने आई है कि आर्थिक उथल-पुथल, महंगाई, फरवरी में आए भूकंप के बाद सरकार की प्रतिक्रिया की आलोचना के बीच उनका कार्यकाल समाप्त हो सकता है। देश में आए भूकंप में 50,000 से अधिक लोग मारे गए थे।

एनेर ने पत्रकारों को बताया कि 99.4 प्रतिशत घरेलू मतों और 84 प्रतिशत विदेशी मतों की गिनती के साथ, एर्दोआन को 49.4 प्रतिशत मत मिले हैं, जबकि किलिकडारोग्लू को 45 प्रतिशत मत मिले हैं। वहीं तीसरे उम्मीदवार, राष्ट्रवादी नेता सिनान ओगन को 5.2 प्रतिशत मत प्राप्त हुए हैं। वर्ष 2018 में हुए पिछले राष्ट्रपति चुनाव में एर्दोआन ने पहले दौर में 52.6 फीसदी वोट हासिल कर स्पष्ट जीत हासिल की थी। तुर्किए के राष्ट्रपति एर्दोआन ने सोमवार सुबह कहा कि वह देश का राष्ट्रपति चुनाव अब भी जीत सकते हैं लेकिन अगर चुनाव 28 मई को दूसरे दौर में जाता है तो वह देश के फैसले का सम्मान करेंगे। दूसरे दौर का चुनाव में उनके पक्ष में जा सकता है क्योंकि उनके गठबंधन के संसद में बहुमत बरकरार रखने की संभावना है।



## मरियम नवाज ने प्रधान न्यायाधीश का इस्तीफा मांगा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी सुप्रीम कोर्ट द्वारा इहाल के कुछ फैसलों को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को पूर्ण राहत प्रदान करने वाला करार देते हुए और इन फैसलों के विरुद्ध उच्चतम न्यायालय के सामने सत्तारूढ़ गठबंधन के प्रदर्शन में पीएमएल-एन की प्रमुख संगठनकर्ता मरियम नवाज ने सोमवार को पाकिस्तान के प्रधान न्यायाधीश उमर अता बांदियाल के इस्तीफे की मांग की। मरियम ने देश में अराजकता एवं संकट पैदा करने का आरोप लगाया।

प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए पाकिस्तान मुस्लिम लीग नवाज (पीएमएल-एन) के प्रमुख नवाज शरीफ की बेटी मरियम ने उच्चतम न्यायालय पर पाकिस्तान में न्यायिक मार्शल लॉ लगाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जब तक उमर अता बांदियाल देश के प्रधान न्यायाधीश हैं तब तक स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव संभव नहीं है और आपके (बांदियाल) हटने के बाद ही अपने निर्धारित समय पर चुनाव कराए जाएंगे।

पाकिस्तान डेमाक्रेटिक मूवमेंट के अध्यक्ष मौलाना फजलुर रहमान और बहुदलीय पार्टी गठबंधन के अन्य नेताओं के साथ इस प्रदर्शन में हिस्सा लेते हुए मरियम (49) ने कहा, आप सभी को पता होना चाहिए कि आज देश में जो अराजकता एवं संकट है उसका जन्मस्थल जमान पार्क नहीं, बल्कि उमर अता बांदियाल का पद है।

मरियम ने आरोप लगाया कि जो आतंकवादी या पाकिस्तान के दुश्मन नहीं कर पाए उसे तहरीक-ए-इंसाफ के अध्यक्ष इमरान खान ने कर दिया। उन्होंने कहा, खान और उनकी पत्नी ने सरकारी पैसा चुराया और इसी पैसे से भूखंड खरीदे। उन्होंने कहा कि खान ने अपने चापलूसों को सिखाया-पढ़ाया तथा जिन्ना हाउस को फूंक दिया। मरियम ने कहा कि इस भवन में बैठे लोग इंसाफ की हत्या कर रहे हैं। उन्होंने प्रधान न्यायाधीश से सवाल किया, क्या आप उच्चतम न्यायालय के बाहर जनसैलाब देखकर खुश हैं।



देश के 13 राजनीतिक दलों के सत्तारूढ़ गठबंधन पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट (पीडीएम) के प्रमुख फजलुर रहमान ने घोषणा की थी कि उनका संगठन पूर्व प्रधानमंत्री खान के प्रति कथित न्यायिक समर्थन को लेकर पाकिस्तान के प्रधान न्यायाधीश (सीजेपी) उमर अता बांदियाल के खिलाफ सोमवार को उच्चतम न्यायालय के समक्ष प्रदर्शन करेगा।

**प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए पाकिस्तान मुस्लिम लीग नवाज (पीएमएल-एन) के प्रमुख नवाज शरीफ की बेटी मरियम ने उच्चतम न्यायालय पर पाकिस्तान में न्यायिक मार्शल लॉ लगाने का आरोप लगाया।**

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## होंडा ने राजस्थान में जबर्दस्त फीचर्स वाली ऑल-न्यू शाइन 100 बाइक लॉन्च की

**जयपुर।** आम जनता के लिए यातायात के साधनों में बेहतर प्रतिमान स्थापित करते हुए, होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने आज सबसे किफायती और ईंधन की बचत करने वाली मोटरसाइकिल-शाइन 100 राजस्थान में लॉन्च की। 100सीसी की बेसिक मास कम्यूटर श्रेणी में अब अपनी मौजूदगी दर्ज कराते हुए, होंडा के ब्रैंड शाइन का 125 सीसी मोटरसाइकिल की श्रेणी में निर्विवाद नेतृत्व, विश्वसनीयता और आधुनिक तकनीक का प्रमाण है। कंपनी ने अपनी विश्वसनीयता को बढ़ाते हुए 12 पेटेंट ऐप्लिकेशंस के साथ शाइन 100 को विकसित किया है।

होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया में सेल्स और मार्केटिंग विभाग के डायरेक्टर योगेश माथुर ने राजस्थान में ऑल-न्यू 100 को लॉन्च करते हुए कहा, ह्लराजस्थान हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण बाजार है। हम राज्य में अपनी मोटरसाइकिल की बढ़ती हुई मांग को देखकर खुश हैं। राजस्थान में हमारा डीलरशिप नेटवर्क काफी मजबूत है। हम अपने उपभोक्ताओं को बेहतरीन सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। शाइन 100 के विश्वसनीय परफॉर्मेंस, सुविधाजनक सफर और किफायती दाम के साथ, हमारा उद्देश्य यूजर्स को आगे बढ़ने की भरपूर आजादी देना, नई सीमाओं को एक्स्प्लोर करना और उनके सपनों को पूरा करने में सशक्त बनाना है। शाइन 100 हर भारतीय यात्री से किया गया होंडा का वादा है, जो उन्हें शानदार कीमत पर उम्मीदों से बढ़कर परफॉर्मेंस देती है।ह्व

**ऑल-न्यू 100 सीसी इंजन**

शाइन 100 में ऑल-न्यू 100सीसी ओबीडी2 के अनुकूल पीजीएम-एफआई इंजन है, जिसकी इनहैंस्ड स्मार्ट पावर (ईएसपी) से पावर और बढ़ती है। यह सहज और सुविधाजनक इको फ्रेंडली इंजन के साथ घर्षण को कम कर और प्रभावी दहन को अधिकतम सीमा पर ले जाकर ऊर्जा के उत्पादन को अनुकूल बनाती है। नया 100 सीसी का इंजन हल्के वजन का है, जो नए-नए फीचर्स के साथ काफी प्रभावी है। यह मोटरसाइकिल अपनी श्रेणी में बेहतरीन माइलेज ऑफर करती है। फ्यूल टैंक के बाहर फिट किया गया एक्सर्टनल फ्यूल पंप इसके रखरखाव के खर्च और समय को कम करता है क्योंकि यहां तक आसानी से पहुंचा जा सकता है। प्रोग्राम्ड फ्यूल इंजेक्शन (पीजीएम-एफआई) सिस्टम आदर्श ईंधन और वायु का मिश्रण मोटरसाइकिल को लगातार प्रदान करने के लिए ऑनबोर्ड सेंसर्स का प्रयोग करता है, जिससे मोटरसाइकिल के इंजन को लगातार पावर आउटपुट, ईंधन की उच्च बचत की क्षमता मिलती है। पिस्टन कूलिंग जेट घर्षण को कम करता है। ऑफसेट सिलिंडर और रॉकेट रोलर आर्म का प्रयोग घर्षण में कटौती करता है, जो न केवल मोटरसाइकिल को सहज और बेहतर ढंग से पावर उपलब्ध कराने में मदद देता है, बल्कि इससे किफायती ढंग से ईंधन की भी बचत होती है।